आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
गुरु अंगददेव जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 92 | उज्जैन, शनिवार 18 अप्रैल, 2026 | वैशाख शुक्ल 1 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

मानवीयता को तार-तार करने वाली घटना सामने आई, महिला बाल विकास एवं पुलिस के साथ सामाजिक कार्यकर्ता ने करवाया रेस्क्यू

## डिप्रेशन में आई पत्नी को तपती धूप में पति ने घर की तीसरी मंजिल पर छोड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नीमच जिले से मानवीयता को तार-तार करने वाला घटनाक्रम सामने आया है। यहां के इंदिरानगर में एक पति ने डिप्रेशन में आई पत्नी को मकान की खुली तीसरी मंजिल पर 40 डिग्री तापमान में खुला छोड़ दिया था। महिला को सामाजिक कार्यकर्ता की सूचना पर महिला बाल विकास विभाग एवं पुलिस ने रेस्क्यू करवाकर जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया है।

आग उगलते सूर्य की गर्मी के दौरान महिला मात्र कुछ वस्त्रों में तीन मंजिला मकान की खुली छत पर लेटी हुई थी। सन बर्न से उसकी चमड़ी काली पड़ गई थी। नीमच जिला मुख्यालय के



इंदिरा नगर में भगवानपुरा रोड पर जो नजारा सामने आया वो दिल दहला देने वाला है। रेस्क्यू के दौरान 40 वर्षीय सीमा सोनी का शरीर कंकाल की हालत में नजर आ रहा था। ना तन पर कपड़े, ना पेट में खाना और ऊपर से झुलसाती धूप। तीसरी मंजिल की खुली छत पर खाट पर पड़ी यह महिला मानो जिंदगी और मौत के बीच झूल रही थी। महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी दीपिका नामदेव का कहना था कि महिला बाल विकास विभाग एवं नीमच सिटी पुलिस की टीम ने मिलकर इस रेस्क्यू को अंजाम दिया। दूरभाष पर सूचना मिली थी की एक महिला को बहुत दयनीय स्थिति में रखा गया है। यहां पर हम टीम के साथ आए और हमने यहां पर पूरी जांच की। सूचना के साथ जो वीडियो मिले थे वे भी सही पाए गए। महिला बहुत दयनीय स्थिति में थी। महिला का नाम सीमा सोनी है। वो बिल्कुल खुली छत के बाहर लेटी हुई थी। ऐसी स्थिति थी कि उसके शरीर पर कपड़े भी नहीं थे। केवल एक कंबल ढका था। उनके पति का ऐसा कहना था कि वह काफी समय से डिप्रेशन में हैं। इसलिए वह खुद का ध्यान नहीं रख पाती हैं। अभी उनका ऐसा कहना है कि हमारे मकान का कंस्ट्रक्शन काम चल रहा है। इसलिए हमने उनको वहां पर रखा था। महिला को सिविल हॉस्पिटल में उपचार के लिए रखा गया है। उसके बाद महिला का पति अगर उसकी उचित देखभाल करेगा तो उसे यहां पर रखेंगे, अन्यथा हम जहां पर भी महिला के लिए उचित व्यवस्था होगी वहां पर रखा जाएगा।

### महिला का 10 साल से इलाज भी बंद करवा रखा था

इस पूरे मामले की गोपनीय सूचना समाजसेवी मीनू लालवानी तक पहुंची थी। समाजसेवी मीनू लालवानी का कहना था कि महिला के शरीर पर कपड़े तक नहीं थे। सबसे पहले उसे ढका गया फिर खाना खिलाया गया और तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी को हमने महिला बाल विकास विभाग की डीपीओ एवं सिटी थाने से पुष्पा चौहान को सूचित किया था। पति का कहना था कि वो डिप्रेशन में थी। उन्होंने 10 साल से उनका इलाज भी बंद करवा रखा था। तो उन्होंने ऐसा क्यों किया इसकी अभी पूरी जांच होगी।

भोपाल के रविंद्र भवन में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित

## कांग्रेस हर विधानसभा में 30 हजार परिवारों से लेगी 100-100 रुपए

### कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग और संगठन पर खर्च होंगे, हरीश चौधरी बोले- प्रस्ताव दिल्ली भेजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

रविंद्र भवन में शुक्रवार को कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह (राहुल), कमलेश्वर पटेल, कांतिलाल भूरिया, डॉ. गोविंद सिंह, विजयलक्ष्मी साधौ सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद हैं।

कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने बताया कि पार्टी में यह प्रस्ताव विचाराधीन है कि हर विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक परिवार से 100 रुपए का सहयोग लिया जाए। यह राशि जिला और ब्लॉक स्तर पर ही खर्च होगी और इसे प्रदेश या अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में उपयोग नहीं किया जाएगा। प्रस्ताव को मंजूरी के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से जुटाए गए संसाधनों का उपयोग प्रशिक्षण और संगठन निर्माण में किया जाएगा, जिससे पार्टी किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं रहेगी। कार्यकर्ता ही संसाधन जुटाकर संगठन को मजबूत करेंगे और इससे परिवारों के साथ पार्टी का जुड़ाव भी बढ़ेगा।




### जिला अध्यक्षों के काम का मूल्यांकन जारी

चौधरी ने ब्लॉक अध्यक्षों से कहा कि वे मंडल, ब्लॉक, गांव और वार्ड स्तर पर संगठन का गठन सुनिश्चित करें। साथ ही गांवों में जाकर इकाइयों और बीएलए-2 का सत्यापन कर उनकी स्थिति का मूल्यांकन करें। उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्षों के काम का मूल्यांकन जारी है और रिपोर्ट के आधार पर आगे निर्णय लिया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्षों के कार्य का भी छह महीने बाद आकलन किया जाएगा।

## आदि शंकराचार्य के प्रकटोत्सव एकात्म पर्व का शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आचार्य शंकराचार्य जी की जयंती के अवसर पर ओंकारेश्वर के एकात्म धाम में आयोजित 5 दिवसीय प्रकटोत्सव के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में श्री द्वारका शारदा पीठ के जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती, विवेकानंद केंद्र की उपाध्यक्ष पद्मश्री निवेदिता भिड़े, स्वामी शारदानंद सरस्वती सहित वरिष्ठ संतवृंद उपस्थित थे। राज्य सरकार के संस्कृति विभाग तथा आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के तत्वावधान में 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक एकात्म पर्व मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री द्वारका शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती महाराज के साथ वैशाख शुक्ल पंचमी के उपलक्ष में आयोजित आदि शंकराचार्य के प्रकटोत्सव 'एकात्म पर्व' कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।

भोपाल में शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का आंदोलन

## प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने सीएम हाउस की तरफ जाने से रोक दिया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

भोपाल में शिक्षक भर्ती 2025 के अभ्यर्थियों का आंदोलन शुक्रवार को उस समय तेज हो गया, जब सीएम हाउस की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने पॉलिटेक्निक चौराहे के पास रोककर खदेड़ दिया। अभ्यर्थियों का आरोप है कि पुलिस ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और कई को जबरन बसों में बैठाकर खजूरी थाने ले जाया गया। इस दौरान एक अभ्यर्थी के घायल होने की जानकारी भी सामने आई है।

वर्ग-2 और वर्ग-3 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखने के लिए सीएम हाउस की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पॉलिटेक्निक चौराहे के पास पुलिस ने उन्हें रोक लिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि कुछ देर बैठाने के बाद अचानक पुलिस ने उन्हें वहां से खदेड़ना शुरू कर दिया और बसों में बैठाकर सीधे खजूरी पुलिस थाने ले जाया गया।

## देश विदेश

### 2023 का महिला आरक्षण कानून लागू, आधी रात नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण कानून यानी नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को 16 अप्रैल 2026 से लागू कर दिया है। संसद में गुरुवार से ही इसके संशोधन पर 3 दिनों के लिए बहस शुरू हुई। इस बीच, आधी रात को मूल कानून लागू करने का नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसका मतलब यह है कि महिला आरक्षण के जिस कानून में संशोधन की बात की जा रही है, वह लागू ही नहीं हुआ था। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, कानून में बदलाव तभी हो सकता है जब वह लागू हो चुका हो। अचानक सरकारी नोटिफिकेशन की यही वजह है। हालांकि, कानून लागू होने के बावजूद संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण तुरंत नहीं मिलेगा।

### राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। जज ने कहा, एफआईआर दर्ज कर-के मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाए। कोर्ट ने यह आदेश कर्नाटक भाजपा के कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर ब्रिटिश नागरिकता लेने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को खारिज करते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट को लगाए गए आरोपों की सत्यता पर टिप्पणी करने की आवश्यकता नहीं थी। कोर्ट ने सीबीआई से मामले की जांच के आदेश भी दिए।

सुकेश के खिलाफ

### जैकलीन फर्नांडिस सरकारी गवाह बनेंगी



200 करोड़ की ठगी केस में सहयोग को तैयार, इन्हीं पैसों से लग्जरी गिफ्ट लिए थे

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में सरकारी गवाह बनने की इच्छा जताई है। पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक्ट्रेस ने जानकारी दी कि वे इस मामले में जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करने को तैयार हैं। कोर्ट ने एक्ट्रेस की बात सुनने के बाद उन्हें निर्देश दिया है कि इसके लिए उन्हें सबसे पहले प्रवर्तन निदेशालय के पास एक औपचारिक अर्जी दाखिल करनी होगी। यह मामला ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है। सुकेश पर आरोप है कि उसने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह की पत्नी अदिति सिंह से करीब 200 करोड़ रुपए की ठगी की थी। ईडी की जांच में सामने आया था कि सुकेश ने ठगी के इन पैसों से जैकलीन फर्नांडिस को करोड़ों रुपए के कीमती गिफ्ट्स दिए थे। इसमें लग्जरी बैग, हीरे की ज्वेलरी, महंगे घोड़े और बिल्लियां शामिल थीं। इस वजह से ईडी ने जैकलीन को भी इस मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया था। सरकारी गवाह बनने से क्या बदलेगा? जैकलीन फर्नांडिस काफी समय से इस हाई-प्रोफाइल केस में आरोपी के तौर पर जांच का सामना कर रही हैं। अब उन्होंने कोर्ट के सामने प्रस्ताव रखा है कि वे सरकारी गवाह बनकर सच्चाई सामने लाना चाहती हैं। अगर ईडी उनकी अर्जी स्वीकार कर लेती है और कोर्ट इसकी अनुमति देता है, तो जैकलीन इस केस में आरोपी से गवाह बन जाएंगी। कानूनी जानकारों के मुताबिक, इससे उन्हें सजा में छूट या कानूनी कार्रवाई से राहत मिल सकती है, बशर्ते वे सुकेश के खिलाफ पुख्ता जानकारी दें।

### हाथियों के खूनी आतंक से 24 घंटे में दूसरी मौत से दहला इलाका

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में वन्यजीव और मानव द्वंद्व थमता नजर नहीं आ रहा है। जिले के वन परिक्षेत्रों में हाथियों का उत्पात अब जानलेवा साबित हो रहा है। पिछले मात्र 24 घंटों के भीतर हाथियों ने दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों को मौत के घाट उतार दिया है, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत और भारी जन-आक्रोश का माहौल है। ताजा मामला सूरजपुर वन परिक्षेत्र के कल्याणपुर इलाके का है। मिली जानकारी के अनुसार, घाघी टिकरा में एक दल से बिछड़े हाथी ने अचानक हमला कर ग्रामीण 45 वर्षीय मोहन सिंह को अपना शिकार बना लिया। हाथी के इस हमले में ग्रामीण की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### बॉयलर ब्लास्ट केस में वेदांता ग्रुप के मालिक समेत कई अफसरों पर केस दर्ज

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुए भीषण बॉयलर विस्फोट के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए कंपनी के शीर्ष प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 20 मजदूरों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं और अस्पतालों में उनका इलाज जारी है। यह हादसा 14 अप्रैल की दोपहर लगभग 2.33 बजे डभरा थाना क्षेत्र के सिंघीतराई गांव में स्थित प्लांट में हुआ। शुरूआती जांच में सामने आया है कि बॉयलर के अंदर तय सीमा से अधिक ईंधन जमा होने के कारण अत्यधिक दबाव बना, जिससे जोरदार विस्फोट हो गया। धमाका इतना शक्तिशाली था कि बॉयलर का हिस्सा उखड़कर दूर जा गिरा और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

### ट्रम्प का दावा- ईरान यूरेनियम सौंपने को तैयार

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान अपने संवर्धित यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है। संवर्धित यूरेनियम का इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में होता है।

ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से यह भी कहा कि दोनों देश शांति समझौते के काफी करीब हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह डील हो जाती है तो तेल की सप्लाई शुरू हो जाएगी और हालात सामान्य हो जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर समझौता इस्लामाबाद में होता है तो वे पाकिस्तान भी जा सकते हैं। हालांकि ईरानी मीडिया ने ट्रम्प के दावे को गलत बताया है और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति हवाई किले बना रहे हैं।

### संभल मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार ढहाई

एजेंसी ▸▸ संभल

संभल में मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे गिरा दी गई। अब बुलडोजर मस्जिद के बाकी हिस्सों को तोड़ रहा है। इससे पहले, सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मस्जिद के बाहर की पांच दुकानों को तोड़ा गया। मस्जिद की मीनार तोड़ने के लिए प्रशासन ने दो हाइड्रा मशीनें बुलाईं। एक मजदूर मीनार पर चढ़कर रस्सी को बांधा, फिर उसके दूसरे सिरे को दोनों हाइड्रा मशीनों से बांधा। इसके बाद मशीनों से खींचकर मीनार को गिरा दिया। मामला मुबारकपुर बंद गांव का है। प्रशासन के मुताबिक, 15 साल पहले सरकारी जमीन पर मस्जिद का निर्माण कराया गया था। फिलहाल, डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी केके बिश्नोई समेत 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौके मौजूद रहे।

## थाने में सुसाइड- टीआई लाइन अटैच और हेड कॉन्स्टेबल सस्पेंड

### सुबह पिता ने जताई थी फंसाने की आशंका दोपहर में नाबालिग बेटी ने दर्ज कराया रेप का केस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

रतलाम के नामली थाने में एक आरोपी के फांसी लगाकर सुसाइड करने के मामले में टीआई गायत्री सोनी को लाइन अटैच और नाइट ड्यूटी पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल नारायण जादौन को सस्पेंड कर दिया गया है।

मामले में चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी पिता ने खुदकुशी करने और अपनी गिरफ्तारी से पहले ही थाने में एक आवेदन दिया था, जिसमें लिखा था- मैंने बेटी को एक लड़के से वीडियो कॉल पर बात करते देखा था तो उसे समझाया। इस कारण पत्नी, सास और साली मिलकर मेरे खिलाफ झूठे केस की साजिश रच रही हैं।

पिता ने यह शिकायत सुबह की थी, लेकिन पुलिस ने सिर्फ आवेदन लेकर रख लिया। दोपहर में बेटी ने उन्हीं पर रेप का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करा दिया और रात को पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**लोअर का नाड़ा नल में बांधा, फंदा बनाकर झूल गया-** 16 साल की बेटी से रेप के आरोप में गिरफ्तार 38 वर्षीय पिता ने 15 अप्रैल की रात 3.30 से 4 बजे के बीच नामली थाने की हवालात (बंदी गृह) में अपने लोअर के नाड़े से फांसी का फंदा लगा लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई।

### कोने वाले हिस्से को कवर नहीं कर रहा था सीसीटीवी



बंदीगृह की ड्यूटी पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल को सीसीटीवी में आरोपी नहीं दिखाई दिया, तब वह बंदीगृह पहुंचा तो आरोपी हवालात के एक कोने में बनी टॉयलेट की तरफ फांसी के फंदे से घुटने के बल जमीन पर टिका था, तुरंत थाना प्रभारी समेत अन्य अधिकारियों को सूचना दी। सुबह तक पुलिस अधिकारी, एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल व डॉक्टरों की टीम पहुंची। डॉक्टरों ने आरोपी को मृत घोषित कर दिया। मौके पर ज्यूडिशियल टीम भी पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। सीसीटीवी टॉयलेट के कोने वाले क्षेत्र को कवर नहीं कर रहा था। गुरुवार दोपहर मृतक का अंतिम संस्कार उसके गांव में किया गया। मृतक गांव के मंदिर में पूजा करने के साथ खेती भी करता था। आरोपी पिता के बाद परिजनों ने मृतक के ससुराल वालों पर परेशान करने व झूठी रिपोर्ट लिखाने को लेकर थाने में आक्रोश भी जताया था।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# अक्षय तृतीया पर बन रहा महासंयोग, 'सर्वार्थ सिद्धि योग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अक्षय तृतीया का पर्व भारतीय संस्कृति में अटूट फल देने वाला माना जाता है। वर्ष 2026 में यह पावन पर्व 19 अप्रैल, रविवार को मनाया जाएगा। इस वर्ष की अक्षय तृतीया बेहद खास है क्योंकि इस दिन 'सर्वार्थ सिद्धि योग' का शुभ संयोग बन रहा है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इस योग में किए गए सभी कार्य सफल होते हैं और उनका फल कभी समाप्त नहीं होता। इस दिन सूर्य और चंद्रमा अपनी उच्च राशियों में होते हैं, जो सफलता और समृद्धि का मार्ग खोलते हैं। यह तिथि नई शुरूआत, खरीदारी और निवेश के लिए अबूझ मुहूर्त मानी जाती है। श्रद्धा के साथ किया गया दान और पूजन न केवल आत्मिक शांति देता है, बल्कि जीवन के सही संचालन में भी सहायक होता है। अक्षय तृतीया पर सर्वार्थ सिद्धि योग का होना एक दुर्लभ घटना है, जो हर किसी के जीवन में सकारात्मकता लाती है। इस योग में किए गए कार्यों में बाधाएं कम आती हैं और परिणाम मनचाहा मिलता है। जो लोग लंबे समय से किसी नए व्यवसाय या काम की योजना बना रहे हैं, उनके लिए यह दिन सबसे उत्तम है। यह शुभ संयोग मानसिक स्पष्टता प्रदान करता है और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाता है।



### इन लोगों को मिलेगा विशेष शुभ फल

इस विशेष योग का सबसे अधिक लाभ उन लोगों को मिलेगा जो ईमानदारी और सेवा भाव से अपने कार्ये करते हैं। विद्यार्थियों के लिए यह समय नई शिक्षा या कौशल सीखने के लिए बहुत अच्छा है। व्यापारियों के लिए अपने काम को बढ़ाने और नई साझेदारी शुरु करने का यह सुनहरा अवसर है।

साथ ही, जो लोग अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार चाहते हैं, उन्हें इस दिन देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु का पूजन करना चाहिए। यह योग समाज के हर वर्ग को कुछ न कुछ सकारात्मक देने की शक्ति रखता है। यदि आप निस्वार्थ भाव से किसी जरूरतमंद की मदद करते हैं, तो इस योग का पुण्य फल आपके जीवन की सभी बाधाओं को दूर कर उन्नति के द्वार खोलता है।

### बडनगर में भागीरथ मामले के उपरांत सुप्रीम कोर्ट गाईड लाईन के अनुसार की जा रही व्यवस्था

# बोरवेल को लेकर सख्त एक्शन मोड पर आया प्रशासन

## सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों , संस्थाओं के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

एक पखवाडे के दौरान उज्जैन जिले के बडनगर तहसील अंतर्गत झलारिया गांव में ट्यूबवेल में गिरने से राजस्थान के पाली जिला निवासी ढाई वर्षीय भागीरथ पिता प्रवीण उर्फ पंसाराम की मौत हो गई थी। इस मामले में संभाग के जिलों का प्रशासन एक्शन मोड में है। जिलों में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

दैनिक अवंतिका ने अपने 13 अप्रेल के अंक में हादसों पर संभाग के सभी जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था। इसमें मधुमक्खियों के हमले से हुए हादसे एवं बडनगर में ट्युबवेल में गिरे बच्चे का हादसा दोनों मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया गया था।संभाग के जिलों में इस पर ध्यान देते हुए सख्ती के साथ पालन की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है।



### मंदसौर : लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

मंदसौर जिला प्रशासन ने इस मामले पर गंभीरता दिखाई है। अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने बताया कि बोरवेल सुरक्षा संबंधी माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। जिले में निर्देश दिए हैं कि जिले में सभी बंद पड़े बोरवेलों को कंक्रीट या धातु के मजबूत ढक्कनों से सील किया जाए तथा उनका नियमित निरीक्षण किया जाए। सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी तथा जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि खुले बोरवेल गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं, इसलिए इनके प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ऐसे खुले बोरवेल की तत्काल सूचना प्रशासन को दें। प्रशासन द्वारा इन सभी स्थलों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके।

### बोरवेल को लेकर ये हैं सुप्रीम कोर्ट के निर्देश

सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के अनुसार खुले बोरवेल को बंद करना अनिवार्य है, ताकि जानलेवा हादसे रोके जा सकें। इसके साथ ही बोरवेल खोदने के बाद, उसके केसिंग पाइप को जमीन से 0.30 मीटर ऊपर तक कांक्रीट के प्लेटफॉर्म से ढका जाना चाहिए। जो कि घटनास्थल पर नहीं देखा गया।


- नलकूप की खुदाई करने वाली सरकारी संस्था, अर्ध-सरकारी संस्था या ठेकेदार का पंजीयन जिला प्रशासन या संबंधित सक्षम अधिकारी के कार्यालय में होना चाहिए।
- जिस स्थान पर नलकूप की खुदाई की जा रही है, उस स्थान पर साइन बोर्ड लगाया जाना चाहिए। साइन बोर्ड में नलकूप खोदने या उसके पुनर्वास करने वाली एजेंसी का पूरा पता और नलकूप के मालिक या उसे काम में लाने वाली एजेंसी का विवरण दर्ज होगा।
- नलकूप की खुदाई के दौरान उसके आसपास कंटीले तारों की फेंसिंग या अन्य उपयुक्त व्यवस्था की जाना चाहिए।
- नलकूप के बनने के बाद उसके केसिंग पाइप के चारों तरफ सीमेंट/कॉन्क्रीट का प्लेटफार्म बनाया जाएगा। इसकी ऊंचाई 0.30 मीटर होनी चाहिए। प्लेटफार्म जमीन में 0.30 मीटर गहराई तक बनाना होगा।
- केसिंग पाइप के मुंह के पर स्टील की प्लेट वेल्ड की जाएगी या नट-बोल्ट से अच्छी तरह कसा होगी। इस व्यवस्था का मकसद नलकूप के मुंह के खुले रहने के कारण होने वाले संभावित खतरों से बच्चों को बचाना है। पम्प रिपेयर के समय नलकूप के मुंह को बंद रखा जाएगा।
- नलकूप की खुदाई पूरी होने के बाद खोदे गए गड्ढे और पानी वाले मार्ग को समतल किया जाएगा।
- यदि किसी कारणवश नलकूप को अधूरा छोड़ना पड़ता है तो उसे मिट्टी, रेत, बजरी, बोल्डर या खुदाई में बाहर निकले चट्टानों के बारीक टुकड़ों से पूरी तरह जमीन की सतह तक भरा जाना चाहिए। नलकूप की खुदाई पूरी होने के बाद साइट की पुरानी स्थिति को बहाल किया जाना चाहिए।

### कुओं/बावडियों की मुंढेर उंची की जाए

इसके साथ ही मंदसौर जिले में स्थित सभी निजी एवं सार्वजनिक उपयोग के खुले कुएं, कुइयां, प्राचीन बावड़ियां तथा सड़कों व खेतों के रास्तों के किनारे स्थित बिना मुंडेर वाले कुओं को लोहे की मजबूत जाली से ढंकने के निर्देश दिए गए हैं। इनकी मुंडेर इतनी ऊंची बनाई जाए कि कोई जानवर, बच्चा या व्यक्ति उसमें गिर न सके।

### महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम अध्यक्ष ने स्व गणना पोर्टल पर किया पंजीयन

# स्व गणना से जनगणना होगी सरल, सटीक और पारदर्शी





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

जनगणना प्रक्रिया को अधिक सरल, सटीक और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा 16 अप्रैल से स्व गणना की शुरूआत की गई है, जो 30 अप्रैल तक संचालित होगी। इसी क्रम में महापौर श्री मुकेश टटवाल एवं निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव ने स्व गणना पोर्टल (se-census-gov-in) पर स्वयं पंजीयन कर नागरिकों को इस प्रक्रिया में भाग लेने का संदेश दिया।

स्व गणना के माध्यम से नागरिक अब अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, जिससे समय की बचत के साथ-साथ आंकड़ों की शुद्धता भी सुनिश्चित होगी। यह पोर्टल उपयोग में बेहद सरल है और मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से कहीं से भी आसानी से एक्सेस किया जा सकता है।

महापौर एवं निगम अध्यक्ष ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस डिजिटल पहल में बढ़-चढ़कर भाग लें और जनगणना कार्य को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस पहल से जनगणना प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से पूर्ण हो सकेगी।

इस दौरान उपायुक्त मनोज मौर्य, जिला जनगणना चार्ज अधिकारी तेजेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चक्रतीर्थ पर नागरिकों की सुविधा हेतु वाटरप्रूफ डोम व पंखों की व्यवस्था

### महापौर मुकेश टटवाल ने निरीक्षण कर दिए मरम्मत व हरियाली बढ़ाने के निर्देश



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

चक्रतीर्थ पर आने वाले नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। महापौर मुकेश टटवाल की मंशा अनुरूप यहां लगभग 1 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से कार्य पूर्ण किए गए हैं, वहीं नीचे के घाटों पर करीब 30 लाख रुपये की लागत से मरम्मत कार्य भी कराए जाएंगे।

शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल ने निगम अधिकारियों के साथ चक्रतीर्थ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से यहां वाटरप्रूफ डोम बनाए गए हैं तथा गर्मी के मौसम को देखते हुए पंखों की व्यवस्था कर उन्हें चालू भी कराया गया है।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छोटे-छोटे मरम्मत कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए। इनमें रंगाई-पुताई, साफ-सफाई, फाउंटेन को चालू करना, प्लांटेशन, छायादार पौधों का रोपण तथा ओटलों की मार्किंग जैसे कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चक्रतीर्थ पर आने वाले नागरिकों को सभी सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित करना निगम की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, सत्यनारायण चौहान, कैलाश प्रजापत, अपर आयुक्त संदीप शिवा, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, प्र. कार्यपालन यंत्री दीपक शर्मा, जोनल अधिकारी श्याम शर्मा तथा स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कमाल किसका...! वैद्य जी या वर्दी केंद्र का

संभाग का एक जिला जिसे महापंडित रावण के ससुराल के नाम से भी जाना जाता है की वर्दी में वहां के कप्तान दाग ढूंढ रहे हैं। इसमें उन्होंने कईयों को लाईन पहुंचा दिया है और कुछ को जिसे निलंबन कहा जाता है उसे वह दे दिया है वैसे निलंबन सजा में नहीं देखी जाती है। हाल ही में इस जिले के मुख्यालय में एक वाकिये ने चचाओं का बाजार गर्म कर दिया है। शहर के मध्य के वर्दी केंद्र से जुडे इस मामले की चटखारे वाली चर्चा चल रही है। कुछ दिनों पूर्व सख्ती का असर बताने के लिए जरायमपेशाओं को यहां अभिनय का पात्र बनाया गया। उन्हें लंगडा कर चलने के लिए कहा गया जिससे की आमजन को देखने पर लगे की उनकी अच्छी खासी सेवा पूजा अंदर की गई है और अब वे सुधर जाएंगे। जरायम पेशाओं ने भी ऐसा अभिनय किया कि लोगों ने दांतों तले अंगुली दबा ली।




उन्हें जिला रूग्णालय ले जाने के दौरान सब गडबड हो गया। वर्दी यहां के वैद्यजी को बताना भूल गई जिससे उन्होंने मरीजों को ऐसी दवा दे दी जैसे पुरातन काल में युद्ध में सैनिक लडते थे और उन्हें लगे तलवार के घाव मात्र कुछ दिनों एवं घंटों में भर जाते थे,ऐसी ही दवा इन जरायम पेशाओं को दे दी गई। अब हुआ ये कि लंगडाते हुए रूग्णालय में जाने वाले मरीज 10 मिनट बाद दौड़ता हुआ बाहर निकलते पीछे के रास्ते से देखा गया। आमजन भौचक। आंखे मसलते हुए देखने लगे की जो ठीक से चल नहीं पा रहे थे वे दौडते हुए क्रिकेटर के नाम वाले दोनों युवा वाहन में चढ रहे हैं। इसे लेकर एक चलचित्र भी सामने आया था। उसके बाद से ही खुसूर-फुसूर है कि महापंडित के ससुराल का जिला रूग्णालय में वैद्यजी जोरदार हैं या वर्दी केंद्र में अभिनय का स्कूल अपने आप में 5 स्टार रेटिंग वाला है। इसे लेकर बराबर विडियो की वायरल स्थिति गतिमान है और उसका काउंट डाउन बरकरार है।

### मंत्री निर्मला भूरिया ने किए महाकाल के दर्शन

**उज्जैन।** महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने शुक्रवार को उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने नंदी हॉल में विधिवत पूजन-अर्चन किया और मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना की।

मंत्री भूरिया गुरुवार को उज्जैन में कालिदास अकादमी में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आई थीं। वे शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। दर्शन के दौरान मंत्री नंदी हॉल में बैठीं, जहां मंदिर के पुजारियों ने पूजन-अर्चन संपन्न कराया। उन्होंने लगभग आधे घंटे तक मंदिर में समय बिताया। दर्शन के उपरांत, महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत किया गया।

### ट्रैंडिंग




# 2032 तक शनि साढ़ेसाती का रहेगा असर, इन्हें रहना होगा सावधान

**ज्योतिष के अनुसार शनि की साढ़ेसाती का व्यक्ति के जीवन पर गहरा असर पड़ता है। यह करीब साढ़े 7 साल की अवधि होती है, जो तीन ढाई-ढाई साल के चरणों में बंटी होती है। इनमें दूसरा चरण सबसे कठिन माना जाता है, जिसमें चुनौतियां और तनाव बढ़ते हैं, इसलिए इस समय धैर्य और सावधानी जरूरी होती है।**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार न्याय के देवता शनि के साढ़ेसाती काल का किसी व्यक्ति के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इस अवधि में आमतौर पर तीन राशियों को साढ़ेसाती का सामना करना पड़ता है। लगभग साढ़े सात साल की यह अवधि तीन चरणों में विभाजित होती है, और प्रत्येक चरण लगभग ढाई साल का होता है। इन तीनों चरणों में से दूसरा चरण सबसे कठिन होता है। यह जीवन में चुनौतियों, दबावों और परीक्षाओं का समय होता है। प्रत्येक चरण में अलग-अलग तरह की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए, इस अवधि के दौरान सावधान रहना, धैर्य बनाए रखना और सही कदम उठाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।



### मेष राशि

मेष राशि के जातकों पर इस समय शनि की साढ़ेसाती का पहला चरण चल रहा है जो जून 2027 तक रहेगा। इस चरण में जीवन में अचानक बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जैसे नौकरी में ट्रांसफर, कामकाज में अस्थिरता या खर्चों में तेजी से बढ़ोतरी। पारिवारिक जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती हैं और माता-पिता की सेहत को लेकर चिंता रह सकती है। मानसिक तनाव और बेचैनी महसूस हो सकती है, इसलिए धैर्य और संयम बहुत जरूरी है।

**उपाय:** हनुमान जी की पूजा करें। नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करें और सकारात्मक सोच बनाए रखें।

### मीन राशि

मीन राशि पर साढ़ेसाती का दूसरा और सबसे कठिन चरण चल रहा है। इस दौरान व्यक्ति को करियर,धन और पारिवारिक जीवन में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। नौकरी या व्यवसाय में उतार-चढ़ाव,आर्थिक तंगी और रिश्तों में तनाव की स्थिति बन सकती है। मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी, लेकिन परिणाम देर से मिलेंगे। जीवनसाथी के साथ मतभेद भी हो सकते हैं। जून 2027 से तीसरा चरण शुरू होगा और 2032 तक साढ़ेसाती समाप्त होगी।

**उपाय:** दान-पुण्य करें। जरूरतमंदों की मदद करें। ईमानदारी और सच्चाई के रास्ते पर चलें तथा किसी भी अनैतिक कार्य से बचें।

### कुंभ राशि

कुंभ राशि के लिए साढ़ेसाती का तीसरा चरण चल रहा है जिसे अपेक्षाकृत आसान माना जाता है। इस समय कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और आर्थिक दबाव रह सकता है। साथ ही नए अवसर भी सामने आएंगे। करियर में धीरे-धीरे सुधार होगा और पुराने प्रयासों का फल मिलने लगेगा। हालांकि इस दौरान कर्ज लेने या बिना सोचे-समझे निवेश करने से बचना चाहिए। जून 2027 में इस राशि को साढ़ेसाती से पूरी तरह राहत मिल जाएगी।

**उपाय:** शनि देव की पूजा करें। शनिवार के दिन दान करें। सादा और अनुशासित जीवनशैली अपनाएं तथा गलत कार्यों से दूर रहें।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं जैनब पति अकील हुसैन आमजन को सुचित करना चाहती हूं की वर्तमान में मैंने अपना नाम परिवर्तन कर जैनब से जैनब नागपुरवाला कर लिया है और अब से मैं वर्तमान तथा भविष्य में भी मैं इसी उपरोक्त नाम जैनब नागपुरवाला से ही जानी जाउंगी।

पताः- म. न. 80, दादा भाई नौरोजी मार्ग खराकुआ उज्जैन म.प्र. पिन कोड 456006



नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार
# दैनिक अवन्तिका
सब पे नज़र, सबकी ख़बर
इंदौर | उज्जैन | शनिवार, 18 अप्रैल, 2026 | www.awantika.com


## न्यूज ब्रीफ

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए बड़ा कदम, काउंसलर जरूरी

इंदौर। विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में जारी इन निर्देशों के अंतर्गत अब सभी शैक्षणिक संस्थानों में काउंसलर की नियुक्ति के साथ कई अन्य व्यवस्थाएं भी अनिवार्य कर दी गई हैं। जारी निर्देशों के अनुसार, जिन संस्थानों में 100 या उससे अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, वहां कम से कम एक प्रशिक्षित काउंसलर की नियुक्ति करना अनिवार्य होगा। कम छात्र संख्या वाले संस्थानों को बाहरी विशेषज्ञों से जुड़कर काउंसलिंग व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। काउंसलर के रूप में मनोविज्ञान में स्नातकोतर, प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिक, सामाजिक कार्य विशेषज्ञ या संबंधित क्षेत्र के अनुभवी व्यक्ति नियुक्त किए जा सकेंगे।

### पंच दिवसीय प्रकटोत्सव का मंत्रोच्चार के साथ किया शुभारम्भ

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्री द्वारका शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती महाराज के साथ ओंकारेश्वर में आज पंच दिवसीय आचार्य शंकराचार्य के प्रकटोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास और मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य के प्रकटोत्सव वैशाख शुक्ल पंचमी के उपलक्ष्य में आयोजित इस 'एकात्म पर्व' के पंच दिवसीय भव्य कार्यक्रम का दीप प्रज्ववलित कर शुभारम्भ किया । कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, द्वारका पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी के पावन सान्निध्य तथा विवेकानंद केंद्र की उपाध्यक्ष पद्मश्री निवेदिता भिड़े, स्वामी शारदानंद सरस्वती में प्रारम्भ हुआ। शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अद्वैत लोक एवं अक्षर ब्रह्म प्रदर्शनी का लोकार्पण किया। साथ ही वैदिक अनुष्ठान में भी सम्मिलित हुए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में एकात्म धाम के द्वितीय चरण में आचार्य शंकर के जीवन और दर्शन पर केंद्रित अद्वैत लोक संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मई 2025 में आयोजित कैबिनेट में अद्वैत लोक संग्रहालय के निर्माण हेतु 2195 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस सत्र के अंतर्गत अद्वैत वेदांत की समकालीन परंपराओं पर विस्तृत व सार्थक संवाद प्रारम्भ हुआ। इसमें 17 अप्रैल को अद्वैत जैसे महत्वपूर्ण एवं समसामयिक विषय पर स्वामी स्वात्मानंद सरस्वती, स्वामिनी ब्रह्मप्रज्ञानंद सरस्वती, सतावधानी ललितादित्य और विशाल चौरसिया युवाओं के नजरिए से अद्वैत की व्याख्या करेंगे।

### खाद-बीज कंपनी के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण हुआ दर्ज

**इंदौर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायन सिंह कुशवाह ने विशेष अभियान चलाकर प्रदेश में खाद-बीज विक्रय करने वाले संस्थाओं और दुकानों की जांच करने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि धार और खरगौन जिले में किसानों को करेला (सब्जी) का निम्न गुणवत्ता का बीज प्रदाय करने से किसानों की फसल को काफी नुकसान हुआ है। इसके परिणामस्वरूप निम्न गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराने वाली कंपनी नुन्हेम्स इंडिया प्रायवेट लिमिटेड हैदराबाद (तेलंगाना) को प्रतिबंधित कर कंपनी के विरूद्ध आपराधिक दर्ज कराया गया है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि किसानों को उद्यानिकी फसलों का उत्तम गुणवत्ता का बीज उपलब्ध करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिये है कि सभी जिलों में खाद-बीज विक्रय करने वाली संस्थाओं की जांच अभियान चलाकर की जाये। इसके लिये भोपाल स्थित संचालनालय के वरिष्ठ अधिकारी भी जिलों का भ्रमण कर संस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण करें।

### ओंकारेश्वर को बनाया जा रहा है ग्लोबल सेंटर ऑफ वननेस

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अद्वैत ज्ञान के सूर्योदय के केन्द्र ओंकारेश्वर की चेतना की अनुभूति आज सबको हो रही है। ज्ञान और ध्यान की धरती मध्यप्रदेश ने ऐतिहासिक रूप से धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया है। हर युग में इसके प्रमाण विद्यमान हैं। श्रीरामचन्द्र जी वनवास मिलने पर मंदाकिनी माता के किनारे चित्रकूट के धाम पधारें और प्रभु श्रीराम का आगे का जीवन मानव मात्र के लिए पूजनीय हो गया, समाज ने रामराज्य का अनुभव प्राप्त किया। भगवान श्रीराम ने संस्कारों, व्यवहारगत मूल्यों, परस्पर संबंधों सहित शासन के ऐसे सूत्र प्रदान किए जो आज भी महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार श्रीकृष्ण, कंस वध के बाद शिक्षा ग्रहण करने उज्जयिनी स्थित सांदीपनि आश्रम पधारें। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने कर्मवाद का संदेश दिया, जो वर्तमान में भी प्रासंगिक है। सनातन काल में कालड़ी केरल से चले 8 वर्षीय बालक शंकर ओंकारेश्वर पधारे, जहां परम पूज्य गुरू गोविंदपाद जी के आशीर्वाद से आदि शंकराचार्य बनकर सनातन धर्म की धारा को अविरल रूप से बहाने का आधार प्रदान किया। आदि शंकराचार्य का दर्शन भारतीय संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिक एकता का आधार बना। हमारी सनातन विरासत, शास्त्र और आध्यात्मिक परम्पराएं यदि आज जीवित एवं जागृत हैं तो यह आदिगुरू शंकराचार्य के प्रयास और आशीर्वाद से ही संभव हुआ है।

# महिदपुर में लापता युवक की गला रेतकर हत्या...

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रातभर से घर नहीं लौटे युवक की शुक्रवार सुबह जंगल में गला कटी लाश मिलना सामने आया है। दूध वालों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। आशंका जताई जा रही है कि हत्या में मृतक युवक के दोस्तों या परिचितों का हाथ हो सकता है। फिलहाल मामला दर्ज कर पुलिस हत्या करने वालों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

महिदपुर थाना एस आई नरेंद्र कनेश ने बताया कि सुबह महिदपुर और आसपास के क्षेत्र में दूध देने के लिए आने वाले लोगों ने ग्राम सेमलिया पीलिया खाई जंगल में एक युवक की खून से लथपथ लाश पड़ी देखी तो पुलिस को सूचना दी। घटना स्थल पहुंचने पर सामने आया कि युवक की गला रेतकर हत्या की गई है, उस पर चाकू से वार भी किए गए हैं। कुछ दूरी पर ही बाइक भी खड़ी है। मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किए गए किसी भी ग्राम सेमलिया खेड़ा रतनगढ़ के कुछ लोग मौके पर पहुंचे उन्होंने लाश देखकर मृतक की पहचान बलराम पिता शंकर लाल 38 साल के रूप में



थी। उन्होंने बताया कि बलराम शाम 5 बजे घर से निकला था और निपानिया जाने की बात कही थी लेकिन वापस नहीं लौटा तो रातभर से उसकी तलाश कर रहे थे। जंगल में लाश मिलने की खबर मिलने पर देखने पहुंचे तो बलराम के रूप में पहचान हुई है। एसआई कनेश के अनुसार फिलहाल मामले में प्रकरण दर्ज कर मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आशंका जताई जा रही है कि हत्या में दोस्त या किसी परिचित का हाथ हो सकता है घटनाक्रम से पहले मृतक और हत्या करने वालों ने संभवत साथ में शराब पी थी। इस बात का पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घर से निकलने के बाद बलराम किन लोगों से मिला था और किसके साथ जंगल की ओर आया था। परिजनों ने सिर्फ इतना ही बताया है कि मजदूरी करता था, किसी से बलराम का विवाद होने की भी जानकारी नहीं है। हत्या करने वालों का पता लगाने के लिए घटना स्थल के आसपास मोबाइल लोकेशन को भी ट्रेस किया जा रहा है साथ ही मृतक के घर से निकलने वाले रास्ते को ट्रेस कर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखने की कोशिश की जा रही है। हत्या में कौन लोग शामिल है और किस वजह से हत्या को अंजाम दिया गया है इसका पता जल्द लगा लिया जाएगा।

# शिप्रा में स्नान करके पितृ शांति हेतु की पूजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में वैशाख अमावस्या का पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामघाट और त्रिवेणी घाट सहित विभिन्न घाटों पर स्नान के लिए पहुंचे। श्रद्धालु शिप्रा नदी में आस्था की डुबकी लगाने के साथ ही पूजन-अर्चन करते नजर आए। सुबह से शुरू हुआ स्नान और पूजन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहने की संभावना है।

वैशाख अमावस्या को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए होमगार्ड और एसडीईआरएफ के जवान शिप्रा के घाटों पर आवश्यक आपदा उपकरणों के साथ तैनात किए गए हैं। पंडित दीपक पंड्या ने बताया कि वैशाख अमावस्या का मुख्य आकर्षण पंचक्रोशी यात्रा की पूर्णता है, जो एकादशी से प्रारंभ होकर अमावस्या पर समाप्त होती है। 118 किलोमीटर की इस कठिन नगर परिक्रमा के बाद श्रद्धालु मोक्षदायिनी शिप्रा नदी में पावन स्नान करते हैं। शिप्रा स्नान और तत्पश्चात दान-पुण्य करने से ही इस यात्रा को पूर्ण माना जाता है।



### पितरों के निमित्त हुआ पूजन

वैशाख माह को अत्यंत पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि इस माह में देवता और तीर्थ जल में निवास करते हैं। इसलिए इस समय शिप्रा या अन्य पवित्र नदियों में स्नान करना और पितरों के नाम से तर्पण करना अत्यंत शुभ होता है। इससे पितरों को तृप्ति मिलती है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। इसी मान्यता के चलते श्रद्धालुओं ने पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर पितरों का स्मरण करते हुए जल अर्पित किया। साथ ही कई स्थानों पर खीर-पूड़ी और अन्य भोजन का भोग लगाकर गाय, कुत्तों और कौओं को खिलाने की परंपरा भी निभाई गई।

**इन वस्तुओं का हुआ दान-** वैशाख अमावस्या पर दान का विशेष महत्व है। मौसम की गर्मी को देखते हुए इस दिन जरूरतमंदों को ठंडी चीजें और राहत देने वाली वस्तुएं देना पुण्यकारी माना गया है। आज श्रद्धालुओ ने पानी का मटका, छाता, पंखा या चप्पल, कपड़े और बिछावन, भोजन और अनाज दान किया।

**अमावस्या पर यह है संयोग-** इस बार शुक्रवार और अमावस्या का संयोग है, इसलिए शुक्र ग्रह की पूजा भी खास मानी गई है। सफेद फूल, चावल, दूध, दही और मिठाई से शुक्र देव की पूजा करने से कुंडली के दोष कम हो सकते हैं। इसके साथ ही भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से धन-समृद्धि की प्राप्ति होती है। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय और ॐ श्रीं महालक्ष्म्यै नमः मंत्र का जप शुभ माना गया है।

# उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन का भूमि पूजन 19 को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मालवा की बहुप्रतीक्षित उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन परियोजना को आखिरकार जमीन पर उतारने की दिशा में निर्णायक कदम उठने जा रहा है। 19 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में इस 98.41 किमी लंबे मार्ग का भूमि पूजन करेंगे।

लंबे समय से भूमि अधिग्रहण, मुआवजा विवाद और डिजाइन संशोधन के चलते अटकी इस परियोजना के लिए प्रशासन ने अब दोनों छोर से काम शुरू करने की रणनीति बनाई है। सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग को समयसीमा में पूरा करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती और प्राथमिकता बन गया है। संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने उज्जैन और रतलाम कलेक्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भूमि मुआवजा



प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी अब स्वीकार नहीं होगी। लगभग 430 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण के लिए 49 गांव (उज्जैन) और 12 गांव (रतलाम) प्रभावित हो रहे हैं। हालांकि, तय समयसीमा 30 अक्टूबर 2025 तक मुआवजा वितरण पूरा नहीं हो सका, जिससे 1 अप्रैल 2026 से कार्य शुरू करने का लक्ष्य भी विफल रहा।

## युवक से अभद्रता, 200 लेने का आरोप

# इंदौर के राजेंद्र नगर थाने में वेरिफिकेशन के नाम पर वसूली!

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में पुलिस वेरिफिकेशन की प्रक्रिया एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। राजेंद्र नगर थाना परिसर में किरायेदार सत्यापन कराने पहुंचे एक युवक के साथ कथित अभद्रता और अवैध वसूली का मामला सामने आया है, जिसने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, युवक अपने एक मित्र के साथ किरायेदार वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए थाने पहुंचा था। उसे उम्मीद थी कि यह एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया होगी, लेकिन वहां का अनुभव उसके लिए अपमानजनक साबित हुआ। युवक का आरोप है कि जब उसने प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेनी चाही, तो ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी ने सहयोग करने के बजाय अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया।

पीड़ित के अनुसार, कर्मचारी ने तंज कसते हुए कहा- क्या आपको लिखना भी आता है? इस टिप्पणी ने न सिर्फ उसे आहत किया, बल्कि पुलिस के व्यवहार पर भी सवाल खड़े कर दिए। युवक का कहना है कि आम नागरिक जब अपनी जरूरत से थाने पहुंचता है, तो उसे सम्मानजनक व्यवहार की उम्मीद होती है। मामला यहीं नहीं रुका। युवक ने आरोप लगाया है कि वेरिफिकेशन के नाम पर उससे 200 की राशि भी ली गई, लेकिन बदले में कोई रसीद नहीं दी गई। इससे यह संदेह और गहरा हो गया है कि प्रक्रिया के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है।



### आम जनता का भरोसा कैसे कायम रहेगा

इस घटना के सामने आने के बाद पुलिस विभाग की पारदर्शिता और जवाबदेही पर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि थाने में ही इस तरह का व्यवहार होगा, तो आम जनता का भरोसा कैसे कायम रहेगा। फिलहाल इस पूरे मामले में संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अब नजर इस बात पर है कि उच्च अधिकारी इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेते हैं और दोषियों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

# अनवी त्रिवेदी ने स्कूल की टॉप 10 सूची में स्थान हासिल किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



मॉर्निंग स्टार हाई स्कूल की मेधावी छात्रा अनवी त्रिवेदी (कुहू)ने सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा में 91.4% अंक प्राप्त कर स्कूल की टॉप 10 सूची में स्थान हासिल किया। अनवी त्रिवेदी ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मनिर्भरता से यह उपलब्धि हासिल की है ।अनवी त्रिवेदी रतलाम के वरिष्ठ पत्रकार ओम त्रिवेदी की पोती एवं डॉ. आनंद त्रिवेदी की सुपुत्री हैं।

### नि :शुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर 25 अप्रैल को

**इंदौर।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर प्रांतीय राजपत्रित पशु चिकित्सक संघ एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग, इंदौर के संयुक्त तत्वाधान में 25 अप्रैल 2026, शनिवार को एक निःशुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर पशु चिकित्सालय राज मोहल्ला, एमओजी लाइन, इंदौर में प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर में पशुपालकों एवं पशु प्रेमियों के लिए रेबीज टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य परीक्षण, कृत्रिम गभार्धान, गर्भ परीक्षण तथा निःशुल्क औषधि वितरण जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA
गृह मंत्रालय भारत सरकार
सत्यमेव जयते
हमारी जनगणना हमारा विकास
(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-2)
स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



स्व-गणना के क्या लाभ हैं?
- अपनी सुविधा से जानकारी भर सकते हैं
- गोपनीयता सुनिश्चित
- जनगणना प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बनाती है

स्व-गणना पोर्टल में लॉग-इन कैसे करें?
- राज्य / संघ राज्य क्षेत्र चुनें
- मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल (वैकल्पिक) भरें
- OTP द्वारा सत्यापन करें
- स्व-गणना शुरू करें

अपने घर का सही स्थान कैसे चिन्हित करें?
- जिला / पिनकोड चुनें
- क्षेत्र / लैंडमार्क दर्ज करें
- मैप पर ज़ूम करें और घर के पास लोकेशन मार्क करें (सटीक पता न दिखने पर घबराएं नहीं)
- सही लोकेशन चिन्हित करना आवश्यक है

क्या मैं अपनी जानकारी बाद में संशोधित कर सकता / सकती हूँ?
- सबमिट करने से पहले एडिट कर सकते हैं
- सबमिशन के बाद, प्रगणक के आने पर ही बदलाव संभव होगा

क्या स्व-गणना (SE) पोर्टल को भारत के बाहर से एक्सेस किया जा सकता है?
नहीं, यह सुविधा केवल भारत की भौगोलिक सीमा के भीतर उपलब्ध है

यदि सबमिशन के बाद गलती पता चले तो क्या करें?
प्रगणक के आने पर SE ID के साथ सुधार करवाया जा सकता है

क्या मैं फॉर्म सेव करके बाद में पूरा कर सकता / सकती हूँ?
हां, आप प्रोग्रेस सेव कर सकते हैं और निर्धारित समय के भीतर फॉर्म पूरा कर सकते हैं

टोल फ्री - 1855
CBC 19108/13/0037/2627
चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027

## न्यूज कालम

### छात्रा खुशबू हिरवे ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया



**मंडलेश्वर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा १५ अप्रैल को घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में ग्राम कवड़िया के शासकीय हाई स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय की यह उपलब्धि लगातार छठे वर्ष भी बरकरार रही, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।इस वर्ष हाई स्कूल परीक्षा में कुल 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें सभी छात्र सफल रहे। इनमें से 10 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में तथा 5 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया।विद्यालय की छात्रा खुशबू धर्मेंद्र हिरवे ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और संस्था में टॉपर बनीं। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है।इस सफलता पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सिद्धनाथ उपाध्याय सहित शिक्षकगण दिनेश कुमार वर्मा, महेंद्र पाटीदार, सुरेंद्र सेन, राकेश पाटीदार, महेंद्र खेड़े और प्रकाश पाटीदार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम सरवना में दीवार लेखन करवाया

**उज्जैन।** उज्जैन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड खाचरौद, सेक्टर उन्हेल के अंतर्गत नवांकुर संस्था सरवना उन्हेल द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम सरवना में दीवार लेखन करवाया गया।इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में जल संरक्षण, जल संवर्धन तथा जल के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है। दीवार लेखन के माध्यम से जल शक्ति से नव भक्ति का संदेश दिया गया, जो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रारंभ किए गए राज्यव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान का हिस्सा है।नवांकुर संस्था सरवना उन्हेल के सदस्यों तथा स्थानीय ग्रामवासियों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की। दीवार लेखन में जल स्त्रोतों के संरक्षण, उनकी स्वच्छता, भू-जल स्तर सुधार तथा भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने संबंधी संदेश प्रमुखता से उकेरे गए।यह गतिविधि जन अभियान परिषद की स्वैच्छिकता, सामूहिकता और स्वावलंबन की भावना को मजबूत करती है तथा ग्राम स्तर पर जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने में सहायक सिद्ध होगी।नवांकुर संस्था सरवना उन्हेल के समन्वयक एवं सदस्यों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से हम ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। आगे भी अभियान के अंतर्गत श्रमदान, जल मंदिर निर्माण, पौधारोपण जैसी गतिविधियां निरंतर चलाई जाएंगी।

### संत सुधासागर जी महाराज के वचनामृत का हुआ लोकार्पण

सनावद - श्रमण शिरोमणि संत सुधासागर महाराज के वचनामृत का विमोचन बुधवार को किया गया। इसमें संत श्री के 2261 अमृत वचनों का संकलन डॉ. रमेशचन्द जैन डी. लिट् नई दिल्ली द्वारा किया गया है।उपरोक्त जानकारी देते हुए युवा विद्वान प्रियम जैन ने बताया कि पार्श्व ज्योति मंच के नगर अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र जैन एवं अ.भा. दि. जैन विद्वत परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र जैन भारती ( बुरहानपुर ) ने वचनामृत का लोकार्पण कर खुशी जाहिर की ।शुभम जैन ने बताया कि जगत पूज्य मुनिपुंगव श्री सुधासागर महाराज के प्रवचनों से अमूल्य वचनों का संकलन करने के उपरांत इसे विद्वत परिषद की सक्रिय पहल पर ऋषभदेव ग्रन्थमाला सांगानेर द्वारा इसे जनहितार्थ प्रकाशित कराया गया है। डॉ. भारती ने बताया कि संतों के वचन ही प्रवचन होते हैं जिसमें मानव हितों की प्रेरणा दी जाती है। पूज्य मुनि जी के विचार उपयोगी तथा समाज को दिशा निर्देश देने वाले हैं। मंच इसे जन सामान्य को स्वाध्यायार्थ उपलब्ध करायेगा। विजय जैन, सलित जैन, सम्मी जैन, सन्नू जैन, शैलेन्द्र जैन, ने इसे उपयोगी प्रकाशन बताकर प्रशंसा की है।

### 18 अप्रैल को बंद रहेगी बड़वानी शहर में विद्युत सप्लाई

**बड़वानी ।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री से प्राप्त जानकारी अनुसार 18 अप्रैल को 33/11 केवी नवलपुरा ग्रीड पर मेंटेनेंस का कार्य किया जायेगा, जिसके कारण प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक बसंत विहार, वृंदावन कालोनी, बालाजी अस्पताल, सांवरिया अस्पताल, संजीवनी अस्पताल, भाजपा कार्यालय, साई अस्पताल, महावीर नगर, विद्या नगर, राजघाट रोड़, बस स्टेण्ड, रूक्मणी नगर, अमित नगर, बृज विहार कालोनी, श्री राम नगर, शिव मंदिर, नवलपुरा रोड़, हनुमान मंदिर, आनंद कारज भवन, सांची दूध डेयरी एवं मनोरमा अस्पताल सहित आस पास के क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई बाधित रहेगा।

### कक्षा 9वी एवं 11वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी 7 जून को

**बड़वानी ।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 बड़वानी में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में विद्यार्थियों का प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। विद्यार्थियों को प्रवेश चयन परीक्षा के माध्यम से दिया जायेगा जिस हेतु उन्हे संस्था से आवेदन प्राप्त करना होगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 6 जून रहेगी। परीक्षा संस्था में 7 जून को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जायेगी।

### कक्षा 9वीं और 11वीं के लिए नवीन प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**उज्जैन।** अनुसूचित जाति विकास, मध्य प्रदेश द्वारा उज्जैन जिले अंतर्गत संचालित जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय उत्कृष्ट बालक/कन्या छात्रावासों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा ९वीं एवं 11वीं में रिक्त स्थानों पर नवीन प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।नियमानुसार पात्र एवं 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण विद्यार्थी 18 अप्रैल 2026 से 18 मई 2026 तक संबंधित विकासखण्ड के उत्कृष्ट बालक/कन्या छात्रावास में कार्यालयीन समय में संपर्क कर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।आवेदन संबंधित विकासखण्डःउज्जैन / तराना / महिदपुर / खाचरौद / बड़नगर / घटियाप्रवेश परीक्षाःउक्त छात्रावासों में प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन दिनांक 24 मई को किया जाएगा। आवेदन के साथ निम्न दस्तावेज दो पासपोर्ट साइज फोटो, आय प्रमाण-पत्र की छायाप्रति ,मूल निवासी प्रमाण-पत्र की छायाप्रति , 8वीं/10वीं की अंकसूची की छायाप्रति , जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति ,रूक्कर्ड्सस्ट हितग्राही प्रोफाइल पंजीयन (अनिवार्य), आधार कार्ड की छायाप्रति , समग्र आई.डी. की छायाप्रति , बैंक खाते की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

## सनावद नगर विकास संघर्ष समिति के सदस्यों ने
## रेल मंत्री को पत्र प्रेषित कर निमाड़ क्षेत्र में रेल सुविधाएं बढ़ाने की मांग की

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

भारतीय रेल परिवहन दिवस 16 अप्रैल के अवसर पर सनावद नगर विकास संघर्ष समिति के सदस्यों ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र प्रेषित कर निमाड़ क्षेत्र में रेल सुविधाएं बढ़ाने और रेल संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की है।

समिति के डॉ.राजेंद्र पेलोड़, ओमप्रकाश बंसल,धीरेंद्र सोलंकी, राकेश गेहलोत,जाकिर हुसैन अमी,कमल जैन,सुरेश पंडित ने बताया कि खंडवा से सनावद के बीच मेमू ट्रेन का संचालन वर्तमान में दिन में दो फेरे सुबह 9 बजे एवं दोपहर 1.35 बजे किया जा रहा है। इस ट्रेन में सैकड़ों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। सदस्यों ने रेलमंत्री से इस मेमू ट्रेन का एक अतिरिक्त फेरा बढ़ाने और खंडवा से सुबह 6 बजे ट्रेन प्रारंभ कर सनावद से सुबह 9 बजे वापसी सुनिश्चित करने की मांग की है।मेमू ट्रेन का अतिरिक्त फेरा बढ़ाने से नौकरीपेशा, विद्यार्थी, किसान एवं मजदूर वर्ग को बड़ी सहूलियत मिलेगी। साथ ही ओंकारेश्वर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को भी सुविधा होगी और रेलवे के राजस्व में भी काफी वृद्धि होगी।

सदस्यों ने वर्तमान में संचालित की जा रही मेमू ट्रेन का संचालन सप्ताह में पांच दिन की जगह सप्ताह के सातों दिन करने और रेलवे स्टेशन तथा बसस्टैंड पर यात्री ट्रेन आवागमन की जानकारी देने वाले डिजिटल सूचना बोर्ड लगाने की मांग की है। सदस्यों ने पत्र में ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन का संचालन प्रारंभ करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि सनावद से ओंकारेश्वर रोड के बीच सीआरएस हुए लगभग २ वर्ष हो चुके हैं।परंतु अब तक मेमू ट्रेन को ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन तक नहीं ले जाया जा रहा है। जबकि वहां प्लेटफॉर्म, शेड, पानी, बिजली एवं टिकट घर जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।सदस्यों ने पत्र में सनावद रेलवे स्टेशन को टर्मिनस बनाने का सुझाव दिया है। पत्र के अनुसार ओंकारेश्वर रोड स्टेशन पर विस्तार की सीमित संभावनाओं को देखते हुए सनावद रेलवे स्टेशन को टर्मिनस बनाना उचित होगा। क्योंकि सनावद रेलवे स्टेशन के आगे सूत मिल क्षेत्र तक लगभग 1.5 किमी में पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है।इसलिए सनावद रेलवे स्टेशन को टर्मिनस बनाकर यहां से ओंकारेश्वर सहित नासिक,तिरुपति, परली वैजनाथ एवं वाराणसी जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों हेतु ट्रेन संचालन का सर्वे कराया जाए।पत्र में कहा गया है कि पूर्व में सनावद रेलवे स्टेशन पर मीटरगेज रेल लाइन के दौरान एक बड़ा गोदाम संचालित था। वर्तमान में निमरानी से खाद की रेक सप्ताह में 4-5 दिन आती है।इसलिए सनावद रेलवे स्टेशन पर पर्याप्त क्षमता वाले गोदाम का निर्माण किया जाए।इससे रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे मिलेगा एवं स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।

## शिव मंदिर में दिनदहाड़े चोरीः एक किलो का तांबे का नाग चुराते पकड़ाया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

आस्था के केंद्र बने शिव मंदिर में दिनदहाड़े चोरी की वारदात ने शहर को झकझोर दिया। कसेरा बाजार स्थित शिव मंदिर से शिवलिंग पर स्थापित करीब 1 किलो वजनी तांबे का नाग बदमाश द्वारा चुरा लिया गया। खास बात यह रही कि वारदात मंदिर के अंदर लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे में कैद हो गई, जिसने चंद घंटों में ही पूरे मामले का पदार्फाश कर दिया। फरियादी शैलेश वर्मा (53), निवासी कसेरा बाजार ने सिटी कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वे बर्तन की दुकान संचालित करते हैं। 15 अप्रैल की दोपहर करीब 3.30 बजे अज्ञात चोर ने भारत टॉकीज के पास स्थित शिव मंदिर में घुसकर शिवलिंग पर स्थापित तांबे का नक्काशीदार नाग चुरा लिया। नाग पर शिव मंदिर कसेरा बाजार बुरहानपुर और च्स्रूयक्क्ज अंकित था, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 हजार रुपए बताई गई है।मंदिर समिति और स्थानीय लोगों ने तुरंत ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज खंगाले। वीडियो में एक युवक बेहद सहज तरीके से मंदिर के अंदर पहुंचकर नाग निकालते हुए नजर आया। फुटेज के आधार पर उसकी पहचान शेख अकिल पिता शेख यासीन, निवासी खैराती बाजार के रूप में हुई। जैसे ही आरोपी की पहचान हुई, मोहल्ले के लोगों में आक्रोश फैल गया। आरोपी की घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया और बिना देरी किए सिटी कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया।

## पुलिस ने उप राजस्व अधिकारी को 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन



केंद्र सरकार की महती प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के नाम पर रिश्वत लिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस भ्रष्ट्राचार को लोकायुक्त पुलिस इंदौर की टीम ने उजागर किया है। लोकायुक्त पुलिस ने जिले के भीकनगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ के नाम पर रिश्वत ले रहे उप राजस्व अधिकारी मयंक जैन को रंगेहाथ पकड़ा है। अधिकारी ने पीएम आवास की दूसरी किस्त जारी करने के एवज में 15 हजार रुपए की बड़ी राशि रिश्वत के रुप में मांगी थी।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबां, किरायेदारों को खुद का पक्का आवास बनाने के लिए पीएम आवास योजना शुरू की थी, लेकिन इस योजना को खुद शासन के नुमाइंदे पलीता लगाने से बाज नही आ रहे। हालांकि योजना की राशि सीधे हितग्राही के खाते में आती है, लेकिन कागजी कार्रवाई के नाम पर योजना को भ्रष्ट्राचार की भेंट चढ़ाया जा रहा है।

लोकायुक्त पुलिस से जानकारी के अनुसार, भीकनगांव में वार्ड क्रमांक 6 निवासी सिराज उर्फ कालू, पिता मकसूद पठान, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभार्थी है। योजना की दूसरी किस्त जारी कराने के लिए उप राजस्व अधिकारी मयंक जैन द्वारा उससे 15 हजार की रिश्वत की मांग जा रही थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत लोकायुक्त एसपी कार्यालय इंदौर में की। शिकायत का सत्यापन करने के बाद लोकायुक्त एसपी के निर्देश पर ट्रैप दल का गठन किया गया।

## नगर पालिका परिषद द्वारा
## 'नारी शक्ति वंदन' अभियान के तहत भव्य महिला सम्मान समारोह का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

नारी शक्ति को सशक्त बनाने और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए नगर पालिका (नपा) द्वारा विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं का आज सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस दौरान कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को भी नपा अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान व नपा उपाध्यक्ष शुभाष भावसार व पार्षद व पार्षद जनप्रतिनिधियों सहित एल्डरमैन की मौजूदगी में प्रमाण पत्र व शील्ड भेंट की वही इस कार्यक्रम को लेकर नपा अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान ने मुख्य रूप से 'नारी शक्ति वंदन' अभियान का हिस्सा बताया है जिसका उद्देश्य महिलाओ को सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, उन्हें समाज में निर्णय लेने की मुख्यधारा में शामिल करना और उनके कार्यों की सराहना करना।


इस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाए व महिला पार्षदों, स्वच्छता कर्मियों, उद्यमियों, और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन को लेकर नपा अध्यक्ष चौहान ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (महिला आरक्षण बिल) के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में ३३त्न आरक्षण के प्रावधान का जश्न मनाया जा रहा है, जिसे आधी आबादी के लिए एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। जो आज इसी कड़ी में नपा सभा ग्रह में नारी सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष अश्वनी निक्कू चौहान उपाध्यक्ष सुभाष भावसार पार्षद व पार्षद जनप्रतिनिधि एवं नवनियुक्त एल्डरमैन सहित स्वयं को सहायता समूह की महिलाएं छात्राएं वह स्वच्छता कर्मी महिलाएं सहित तमाम क्षेत्र की महिलाएं व सीएमओ सोनाली चौहान एवं स्टाफ मौजूद रहा।

## केंद्रीय विद्यालय नेपानगर का सीबीएसई 10वीं में शानदार प्रदर्शनः 34 में से 33 छात्र उत्तीर्ण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नेपानगर




केंद्रीय विद्यालय नेपानगर के सीबीएसई कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कुल 34 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिनमें से 33 बच्चों ने उत्तीर्ण होकर सफलता प्राप्त की।

विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, साथ ही 24 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय में प्रथम स्थान प्रणंजय सिंह ठाकुर ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ हासिल किया। कु. श्रावणी पवार ने 93.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कु. भूमिका सोनवणे और कु. वैदेही चावड़ा ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को प्राचार्य रामावतार यादव, कक्ष शिक्षक, विषय शिक्षक व समस्त स्टाफ ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है। केंद्रीय विद्यालय नेपानगर ने 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही कक्षा 11वीं विज्ञान और वाणिज्य संकाय हेतु रिक्त सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इच्छुक अभिभावक और विद्यार्थी 27 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय ने हेल्पडेस्क तैयार किया है जिसके प्रभारी रियाज अहमद से विद्यालय समय में संपर्क कर समस्या का समाधान किया जा सकता है।

## डॉ. कुशवाह ने जन्मदिवस के अवसर पर सबसे पहले पोर्टल पर की स्व गणना

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन ।

सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय कार्यपरिषद सदस्य डॉ. राजेश कुशवाह ने जन्मदिवस के अवसर पर सबसे पहले स्व गणना पोर्टल का उपयोग करते हुए मात्र ५ मिनट में अपनी स्व गणना पूरी कर एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। स्व गणना पोर्टल उपयोग करने का उनका अनुभव बेहद सहज और संतोषजनक रहा। उन्होंने बताया कि पोर्टल का इंटरफेस सरल है और सामान्य व्यक्ति भी बिना किसी विशेष तकनीकी जानकारी के इसे आसानी से उपयोग कर सकता है। भारत की पूर्णतः प्रथम डिजिटल जनगणना कार्य में स्व गणना का कार्य १६ अप्रैल से शुरू हुआ है। नागरिक स्वयं आसानी और सरलता से स्व गणना पोर्टल के माध्यम से स्व गणना में भाग ले रहे हैं। स्व गणना पोर्टल न केवल समय की बचत करता है, बल्कि नागरिकों को आत्मनिर्भर भी बनाता है।

स्व गणना पोर्टल पर नागरिकों को शासन द्वारा निर्धारित प्रश्नों की जानकारी स्वयं भरनी होती है। यह प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है, इससे जनगणना की पारंपरिक प्रक्रिया में लगने वाला समय और संसाधन दोनों की बचत होगी। इस पहल का एक बड़ा लाभ यह है कि डेटा की सटीकता में सुधार होता है, क्योंकि नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करते हैं। साथ ही, पारदर्शिता और विश्वस नीयता भी बढ़ती है। डॉ. कुशवाह ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस डिजिटल पहल का अधिक से अधिक उपयोग करें और स्व गणना में भाग लेकर देश के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## कैलाशमान बावड़ी जावरा में चलाया गया सफाई अभियान

**रतलाम।** शासन के निदेर्शानुसार कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुंआ, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु "जल गंगा संवर्धन अभियानइ संचालित किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद जावरा द्वारा अभियान अंतर्गत निकाय स्वामित्व की कैलाशमान बावड़ी में आज 17 अप्रैल को विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता करना है। अभियान दौरान बावड़ी में जमी गंदगी, एवं अन्य कचरे को हटाया गया। नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि जल स्त्रोतों में कचरा न डाले और स्व'छता बनाए रखने में सहयोग प्रदान करे।

अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अनम मोहम्मद युसुफ कड़पा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री चन्द्रशेखर सोनिस, नगर पालिका स्वास्थ्य सभापति श्रीमती यास्मीन इमरान कबाड़ी, जलकार्य सीवरेज सभापति श्री मो. मुस्तकीम मन्सूरी, नपा प्रभारी स्व'छता निरीक्षक श्री लोकेश कुमार विजय, पार्षद प्रतिनिधिश्री दशरथ कसानिया आदि उपस्थित थे।

## जीर्णोद्धार के बाद बढ़ी स्टाप डेम की क्षमता

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

जनपद महिदपुर की ग्राम पंचायत खोरिया सुमरा में पीपलीखेड़ा स्थित स्टॉप डेम एक बार फिर किसानों के लिए जीवनदायी साबित हुआ है। यह स्टॉप डेम मनरेगा योजना के अंतर्गत वर्ष 2012 में 9.92 लाख की लागत से निर्मित किया गया था। समय के साथ इसमें गाद (सिल्ट) जमा हो जाने के कारण इसकी जल भंडारण क्षमता काफी कम हो गई थी।जलगंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत ग्राम पंचायत खोरिया सुमरा में इस स्टॉप डेम की व्यापक साफ-सफाई एवं गाद निकासी (डिसिल्टिंग) का कार्य किया गया।

इस कार्य के उपरांत स्टॉप डेम की जल भंडारण क्षमता बढ़कर लगभग ९५०० घन मीटर हो गई है।पहले किसान मुख्य रूप से नहर के पानी पर निर्भर थे, लेकिन नहर में पानी की अपर्याप्त उपलब्धता के कारण सिंचाई प्रभावित होती थी।

फसलें सूखने का खतरा रहता था और कृषि उत्पादन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था।डिसिल्टिंग के बाद स्टॉप डेम अब नहर के पानी के साथ वर्षा जल को भी प्रभावी ढंग से संचयित कर रहा है। इसके परिणामस्वरूप 80 से 100 किसानों को विश्वसनीय सिंचाई सुविधा उपलब्ध हुई है , आसपास के कुओं के जल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है , नहर एवं वर्षा जल का बेहतर संचयन हो रहा है ,कृषि उत्पादन में सुधार के साथ किसानों की आय में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है ।यह स्टॉप डेम नहर के अतिरिक्त वर्षा के पानी को भी एकत्रित करता है, जिससे सूखे के मौसम में भी किसानों को समय पर पर्याप्त पानी उपलब्ध हो पा रहा है। यह जल संरक्षण का एक उत्कृष्ट मॉडल साबित हो रहा है।

जलगंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत किए गए इस कार्य ने साबित कर दिया है कि छोटे-छोटे प्रयासों और जनभागीदारी से बड़े परिवर्तन लाए जा सकते हैं।यह पहल न केवल जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का भी एक जीवंत उदाहरण है।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने हैप्पी आंगनवाड़ी केंद्र का अवलोकन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन



मध्यप्रदेश शासन की महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने शुक्रवार को आठवें पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत सदावल स्थित स्वेज फार्म आंगनवाड़ी केंद्र का अवलोकन किया और यहां पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।मंत्री सुश्री भूरिया ने इस अवसर पर कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनसे महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है तथा उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान किया जा रहे हैं।

महिलाएं गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार का सेवन करें ताकि नवजात शिशु स्वस्थ जन्म ले। आंगनवाड़ी केंद्र में कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाए। महिलाएं अपने घर पर पौष्टिक मोटे अनाज से निर्मित व्यंजनों को अधिक से अधिक बनाएं और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों का सेवन करें। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और उनकी अच्छी परवरिश करने की जिम्मेदारी केवल मां की नहीं बल्कि पूरे परिवार की होती है।

हमारा निरंतर प्रयास है कि प्रदेश की महिलाएं, बहनें ,माताएं स्वस्थ रहें, प्रसन्न रहें और सशक्त बनें। वर्तमान में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा संसद में लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए ३३त्न आरक्षण के अधिनियम पर चर्चा की जा रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी मध्य प्रदेश सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।मंत्री सुश्री भूरिया ने आंगनवाड़ी केंद्र पहुंच कर वहां बच्चों को बैग वितरित किए। मंत्री सुश्री भूरिया द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत लगाई गई पौष्टिक आहार की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा वहां पर मोटे अनाज से निर्मित विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया। उनके द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में पोषण पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर किए गए और पौधारोपण भी किया गया।

मंत्री सुश्री भूरिया द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली बहन योजना, लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत विद्यालयों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही कुपोषण से सुपोषण की ओर अभियान के अंतर्गत सुपोषित बच्चों रुद्र, आरती, आनंद को सम्मानित भी किया गया। मंत्री सुश्री भूरिया द्वारा केंद्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका का भी सम्मान किया गया।उल्लेखनीय है कि यह केंद्र सीएसआर के नोबल स्वैच्छिक संगठन नोवैल सोशल फाउंडेशन द्वारा नवीनीकृत किया गया है। यह उज्जैन का पहला हैप्पी आंगनवाड़ी केंद्र है। संस्था के श्री आनंद दुबे ने बताया कि यहां पर संस्थान द्वारा सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें आंगनबाड़ी केंद्र के आसपास सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग, बच्चों के लिए झूले, खिड़कियों पर मॉस्किटो नेट, स्टोर रूम, हेल्थ चेकअप रूम, बच्चों के खिलौने, पढ़ने के लिए किताबें, किचन, बाथरूम, शौचालय और एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज करने के लिए सभी आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध हैं। इस केंद्र में कई प्रकार के नवाचार किए गए हैं।

## खास न्यूज

### यातायात आरक्षक ने पीछा कर मोहननगर से पकड़ा स्टंटबाज



**उज्जैन।** पंचक्रोशी नगर प्रवेश मार्ग कोयला फाटक पर शुक्रवार सुबह बाइक सवार अचानक आया और स्टंटबाजी करने लगा। नगर प्रवेश मार्ग पर पंचक्रोशी यात्रियों का आगमन हो रहा था। बाइक सवार को स्टंट करते देख ड्युटी पर तैनात यातायात आरक्षक देवीसिंह परमार ने उसे रोका और जाने को कहा। बाइक सवार चला गया, लेकिन वापस लौटकर आ गया और स्टंट करने लगा। जिस पर यातायात आरक्षक ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह आगररोड की ओर भाग निकला। आरक्षक ने उसका पीछा किया और मोहननगर चौराहा से पकड़ लिया। इस दौरान बाइक चालक आरक्षक को धमकाने का प्रयास करने लगा। आरक्षक ने मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी। बाइक चालक नशे की हालत में था। चिमनगंज पुलिस बाइक जप्त कर उसे थाने ले गई। पूछताछ में उसका नाम शुभम पिता राजेश सक्सेना निवासी ढांचा भवन सामने आया। पुलिस ने मामले में मोटर व्हीकल एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराया।

### लाइट चालू करने गये युवक को 2 बदमाशों ने मारे चाकू

**उज्जैन।** आगररोड स्थित शिवांश पेराडाईज कालोनी मल्टी में रहने वाले जीवन पिता सीताराम प्रजापति 24 साल को कालोनी में रहने वाले सुदर्शन और मनोज ने चाकू मारकर घायल कर दिया। चिमनगंज थाना पुलिस ने घायल जीवन प्रजापति की शिकायत पर दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। घायल के अनुसार दोनों बदमाशों ने कालोनी में तीन से चार मकानों की लाईट के तार काट दिये थे। वह रात में लाइट के तार जोड़ने पहुंचा था। दोनों ने तार जोड़ने से मना करते हुए विवाद किया और चाकू मारकर भाग निकले।

### चार दिनों की रिमांड पर लाखों की शराब लाने वाले युवक

**उज्जैन।** नानाखेड़ा थाना पुलिस ने गुरूवार को शनि मंदिर ब्रिज के नीचे और इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के पास से एक्सयूवी और स्कार्पियों में अंग्रेजी शराब की 44 पेटी के साथ चार युवकों सचिन राव, यश चित्तौड़ा, सहिल उर्फ मनीष माली और चंद्रशेखर उर्फ मेडिकल को गिरफ्तार किया था। चारों को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 4 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। चारों से 5.31 लाख की अवैध शराब बरामद करने के साथ 45 लाख कीमत की 2 कारें जप्त की गई है।

### मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव में राज्य भर के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी उज्जैन से भी उम्मीदवार मैदान में

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्याधिवक्ता परिषद के चुनाव को लेकर घमासान शुरू हो चुका है। प्रदेश भर से जिला तहसील एवं उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं ने अपनी उम्मीदवारी की ताल ठोक दी है। जबलपुर से मुख्य चुनाव अधिकारी ने उम्मीदवारों की लिस्ट भी जारी कर दी है। उज्जैन मंडल अभिभाषक संघ से सुरेंद्र चतुर्वेदी संदीप मेहता आशीष उपाध्याय अतुल रैना के चुनाव मैदान मे प्रचार करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में करना शुरू कर दिया है। दैनिक अवंतिका के प्रतिनिधि गुरु सचिन नागर को जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रत्येक 5 साल में अधिवक्ता परिषद के सदस्यों के चुनाव कराए जाते हैं। 12 मई को इस बार मतदान की तिथि तय की गई है। प्रथम वरियता मत के आधार पर उम्मीदवार चयन किए जाते है। प्रथम वरीयता का मत लाने वालों की गिनती सबसे पहले शुरू होती है। इसमें टॉप 10 में आने वाले उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित मानी जाती है। मतगणना में करीब 2 महीने का समय लगने की संभावना कहीं गई है। 23 सदस्यों के लिए प्रदेश भर से तकरीबन 119 उम्मीदवारों के चुनाव में हिस्सा लेने की जानकारी आ रही है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 279/8 | 469/9 |
| कल्याण ना | 178/6 | 378/8 |
| मैन बाजार | 448/6 | 147/2 |
| मिलन डे | 356/4 | 360/9 |
| मिलन ना | 189/8 | 380/1 |
| मधुर डे | 800/8 | 227/1 |
| मधुर ना | 258/5 | 235/0 |
| | शुभांक | |
| 1 | 8 | 0 |

अब तक पांच हिरासत में, साथियों की तलाश में दबिश, पुलिस ने क्षेत्र में निकाला जुलूस, बाफना पार्क में रात को फैलाई थी दहशत

# उछलते-कूदते दिखे वाहनों के कांच फोड़ने वालों बदमाश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

बाफना पार्क में गुरूवार-शुक्रवार रात 2 बजे बाइक पर आये बदमाशों ने दहशत फैलाते हुए वाहनों के कांच फोड़कर एक मकान पर पथराव किया था। फुटेज से बदमाशों की पहचान होने पर पांच को हिरासत में लिया गया। 3 बदमाशों को क्षेत्र में जुलूस निकालकर सबक सिखाया गया है। उनके अन्य साथियों की तलाश जारी है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के बाफना पार्क में सेवानिवृत्त शिक्षिका अफरोज पिता इस्माईल बेटी संगीता खान और उसके बेटे शेरान अली के साथ निवास करती है। रात 2 बजे के लगभग कुछ बदमाश दो पहिया वाहनों पर सवार होकर पहुंचे और घर की बाहर खडी डिजायर कार के साथ बुलेट में तोड़फोड़ शुरू कर दी। बदमाशों ने उनके घर की खिड़की दरवाजों पर तलवार-लाठी से हमला किया और कांच फोड़ दिये। बदमाशों ने सेवानिवृत्त शिक्षिका के मकान के सामने रहने वाले आयुर्वेदिक कॉलेज के डॉ. प्रदीप अग्रवाल की कार में भी तोड़फोड़ की। करीब 15 से 20 मिनट तक बदमाश गद्दर मचाते रहे और दहशत फैलाकर भाग निकले। रात में बदमाशों की सूचना डायल 112 पर दी गई। पुलिस जांच के लिये पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। इस दौरान कुछ बदमाशों की पहचान किशन पिता मांगीलाल अहिरवार छोटी मायापुरी, विकास पिता रमेश सारोलिया, विशाल सारोलिया निवासी अमननगर, ऋषि पिता पंकज निवासी वर्धमाननगर और सहिल पिता बनेसिंह गुर्जर ढांचा भवन के रूप में कर ली गई। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने पांचों बदमाशों की तलाश में टीम रवाना की और दोपहर में किशन, विकास और विशाल को हिरासत में ले लिया गया। वहीं देर शाम पुलिस को ऋषि और साहिल को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई। पांचों से पूछताछ कर अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।





#### सबक सिखाकर लोगों में खत्म की दहशत

रात में तोड़फोड़ कर दहशत फैलाने वाले 3 बदमाशों किशन, विशाल और विकास को पुलिस बाफना पार्क लेकर पहुंची। जहां उन्होने तोड़फोड़ करते हुए हथियार लहराकर गद्दर मचाया था। पुलिस ने तीनों को सबक सिखाया और जुलूस निकाला। पुलिस की सख्त कार्रवाई देख रहवासियों के बदमाशों द्वारा फैलाई गई दहशत कम हुई और पुलिस की कार्यशैली पर विश्वास बढ़ गया। पुलिस की सख्ती के आगे बदमाश उछलते-कूदते दिखाई दिये।

#### क्षेत्र में कुछ दिनों से फैल रही दहशत

चिमनगंज थाना क्षेत्र में कुछ दिनों से बदमाशों द्वारा दहशत फैलाने का काम किया जा रहा है। बदमाशों की अपराधिक प्रवृति पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस भी अब एक्शन में आ चुकी है। कुछ दिन पहले ही बुंदेला गैंग के बदमाश कमल परमार को पकड़ा गया था, वहीं उसके 12 साथियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। गैंग के बदमाश शहर छोड़कर भाग निकले है। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि क्षेत्र में दहशत फैलाने के साथ सख्ती से निपटा जायेगा, ताकि लोगों खुद को सुरक्षित महसूस कर सके।

# बाइक भिड़ंत के बाद पथराव में थाना प्रभारी घायल

### 3 पुलिसकर्मियों को भी आई चोंट, 7 के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शुक्रवार को 2 बाइक के बीच हुई भिड़ंत के बाद शुरू हुआ विवाद हिंसा में बदल गया। पथराव के बीच थाना प्रभारी गंभीर घायल हो गये, 3 पुलिसकर्मियों को भी चोंट आई है। 7 लोगों के खिलाफ नामजद और अन्य खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया है।

मामला महिदपुररोड थाना क्षेत्र का है। ग्राम गोगापुर मार्ग पर सुबह 11.30 बजे के लगभग 2 बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई थी। एक बाइक पर ग्राम शिकारीखेड़ा की महिला सहित दो युवक सवार थे। दूसरी बाइक पर भी युवक सवार थे। जिनके बीच विवाद शुरू हो गया। एक पक्ष से बंजारा समाज के लोग भी एकत्रित हो गये। विवाद की खबर मिलते ही पुलिस की डायल 112 मौके पर पहुंची और विवाद करने वालों को थाने लाने का प्रयास किया गया। इसी बीच महिदपुररोड थाने से 100 मीटर की दूरी पर धर्मशाला के पास फिर से विवाद शुरू हो गया। थाना प्रभारी रामसिंह भाबोर भी मामला शांत कराने के लिये पहुंच गये। लेकिन पथराव शुरू हो गया। थाना प्रभारी भाबोर सिर और आंख पर पत्थर लगने से गंभीर घायल हो गये। वहीं एएसआई सुरेशचंद्र सोनगरा, प्रधान आरक्षक समरथलाल और आरक्षक मदन पग्गी को भी पत्थर लगने पर चोंट आई। कुछ देर के लिये अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने पथराव करने वालों को खदेड़ा और घायल थाना प्रभारी को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया।



**बंजारा समाज के लोगों पर केस दर्ज:** घटनाक्रम के बाद पुलिस ने घायल आरक्षक मदन पग्गी की शिकायत पर पथराव करने वाले बंजारा समाज के रतन बंजारा, भारत बंजारा, सरदार बंजारा, तोफान बंजारा, हाकम बंजारा, वकील बंजारा, गीताबाई बंजारा सहित अन्यों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रकरण दर्ज किया। बताया जा रहा है कि कुछ को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं एक टीम फरार हुए पथराव करने वालों की तलाश में शिकारीखेड़ा और आसपास दबिश दे रही है।

# ईओडब्ल्यू पुलिस महानिदेशक द्वारा की गई अपराधों की समीक्षा



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

पुलिस महानिदेशक ईओडब्ल्यू उपेन्द्र जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को उज्जैन संभाग की उच्च स्तरीय अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन राकेश गुप्ता, पुलिस उप महानिरीक्षक नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा और रेंज के समस्त जिलों के पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक के साथ अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वर्ष 2024-25 के साथ वर्ष 2026 के जनवरी से मार्च तक के गंभीर अपराधों हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, बलात्कार, चोरी की तुलनात्मक समीक्षा का गहन विश्लेषण किया।

पुलिस महानिदेशक जैन द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत चालान, लंबित विवेचना, वारंट, समन तामिल, प्रकरणों की संख्या और दोषसिद्धी दर की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। प्रतिबंधात्मक, निगरानी धारा 107/116, 110, 151 के साथ जिलाबदर, रासुका जैसे प्रकरणों की समीक्षा करते हुए एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, जुआ-सट्टा, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम आदि कार्यवाही और जप्ती का विस्तृत परीक्षण किया गया। बैठक के दौरान धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों पर ध्वनि नियंत्रण, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, इनामी बदमाशों की धरपकड़, जनसुनवाई में आई शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिये। सायबर अपराधों के प्रति रोकथाम और जागरूकता पर विशेष जोर दिया। संभाग के सभी पुलिस अधीक्षकों से अपने जिलों में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था को बनाये रखने की बात भी कहीं।

# खोज निकाले गुम 2 मोबाइल और चोरी हुआ लेपटॉप

### गलत खाते में गये 20 हजार पुलिस ने वापस कराये



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

बड़नगर पुलिस ने शुक्रवार को चार परिवार में शामिल सदस्यों के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी। हजारों रूपये का सामान उन्हे लौटाया गया तो यकीन नहीं हुआ कि पुलिस ने खोज निकाला है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि कुछ दिनों पहले 2 मोबाइल गुम होने के शिकायती आवेदन उनके पास पहुंचे थे, इसी बीच एक लेपटॉप चोरी होने का मामला भी सामने आया था। एक व्यक्ति ने आवेदन के माध्यम से बताया था कि उससे गलती हुई और 20 हजार रूपये दूसरे के खाते में चले गये। जो अब वापस नहीं लौटा रहा है। चारों मामलों में शिकायतकर्ताओं को उनके मोबाइल, लेपटॉप और रूपये लौटाने का आश्वासन दिया गया, वहीं गुम मोबाइल की तलाश के लिये सायबर टीम की मदद ली गई। लेपटॉप चोरी करने वालों का पता लगाने और गलती से दूसरे के खाते में गये रूपये वापस कराने के लिये एसआई सुरेन्द्र गरवाल, हेमंत कटारे, प्रधान आरक्षक रामनारायण चौहान, आरक्षक मनोहर मोहरी, रोहित मालवीय, राकेश निनामा, स्वरूप हिरवे, महिला आरक्षक ज्योति हाड़ा की टीम बनाई गई। कुछ दिनों में ही चारों शिकायतकर्ताओं की शिकायत का समाधान कर लिया गया। शुक्रवार को मोबाइल गुम होने की शिकायत करने वाले ओमप्रकाश निवासी ग्राम आमला, विवेक जैन निवासी बड़नगर के साथ लेपटॉप मालिक सतीश प्रजापत निवासी भैसलाकला और गलत खाते में रूपयों का ट्रांजेक्शन करने वाले मलखानसिंह निवासी भिड़ावद को थाने बुलाया गया। सभी को उनको उनका सामान वापस लौटा दिया गया। मोबाइल, लेपटॉप और रूपये वापस मिलने चारों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होने पुलिस का आभार माना और कार्यशैली की सराहना की। बताया जा रहा है कि लेपटॉप सतीश प्रजापत के ऑफिस से चार्जिंग पर लगा होने के दौरान चोरी हुआ था। जिसे 2 कम उम्र के बच्चों ने चोरी किया था। दोनों से लेपटॉप बरामद कर उन्हे समझाईश दी गई। वहीं अपने खाते में आये रूपये लौटाने से इंकार करने वाले ने भी क्षमा मांगी और रूपये लौटा दिये। थाना प्रभारी के अनुसार वापस लौटाये गये सामान और रूपयों की कुल कीमत 1.15 लाख के लगभग सामने आई है।

# रिश्तेदारों ने चाकू से गला रेतकर की थी युवक हत्या

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

महिदपुर में गला रेतकर की गई युवक की हत्या में शामिल 2 रिश्तेदारों को रात में पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि गाली-गलौच करने की बात पर साडू ने बुआ के लड़के के साथ मिलकर हत्या को अंजाम दिया था।

महिदपुर पुलिस ने शुक्रवार सुबह सेमलिया मार्ग पीली खाई जंगल से बालाराम उर्फ बालेश्वर पिता शंकरलाल गुजराती 38 साल निवासी रतनगढ़ सेमिलायाखेड़ी की गला कटी लाश बरामद की थी। जिसकी कुछ देर में पहचान हो गई थी। मृतक घर से गुरूवार शाम निपानिया जाने का बोलकर निकला था। पुलिस को घटनास्थल से उसकी बाइक मिली थी। मामले में हत्या की धारा 103 (1) का मामला दर्ज कर हत्या करने वालों की तलाश शुरू की थी। घटनास्थल के आसपास मोबाइल लोकेशन ट्रेस की गई। 2 नम्बर सामने आने पर संदेह के आधार पर बद्रीलाल पिता उम्पाजी निवासी खामरिया महिदपुर और दयानंद पिता नानूराम निवासी भीमपुरा महिदपुर को हिरासत में लिया गया। जिनसे प्रारंभिक पूछताछ में हत्या का सुराग मिल गया। बद्रीलाल मृतक बालाराम का साडू है। वहीं दूसरा आरोपित दयानंद बुआ का लड़का होना बताया जा रहा है। गाली-गलौच करने पर हत्या करना सामने आ रहा है। फिलहाल मामले में दोनों से पूछताछ जारी है। संभावना है कि आज पुलिस द्वारा मामले का खुलासा कर दिया जायेगा। जानकारी यह भी सामने आई है कि घटना से पहले शराब पी गई थी।

अंग्रेजी के साथ हाथभट्टी की बरामद, 1 दिन की रिमांड पर पूछताछ

# एक्सयूवी से शराब ठिकाने लगाने निकला था बदमाश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शहर में अवैध शराब बेचने वालों को बाहर से मंगवाकर उपलब्ध कराने वाले तस्कर को गुरूवार-शुक्रवार रात एक्सयूवी कार के साथ पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से अंग्रेजी शराब के 500 क्वार्टर के साथ हाथ भट्टी पर बनी 20 लीटर शराब जप्त की गई है।

नीलगंगा थाना पुलिस को रात में सर्कल भ्रमण के दौरान पता चला था कि एक्सयूवी 300 कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यूसी 3462 से एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर आ रहा है। वह दाऊदखेड़ी न्यू आरटीओ के पास से शहर में आ सकता है। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने प्रधान आरक्षक कपिल राठौर, पियुष मिश्रा, आरक्षक कमल पटेल और पुष्पराजसिंह को घेराबंदी के लिये भेजा। कुछ देर में ही एक्सयूवी आती दिखाई दी। जिसे पुलिस टीम ने रोक लिया। कार में मनीष पिता लक्ष्मण राय 43 साल निवासी सुदामा नगर उज्जैन सवार था। उसे हिरासत में लिया गया और कार की तलाशी ली गई तो उसमें रखे अंग्रेजी शराब के 500 क्वार्टर और 20 लीटर हाथभट्टी पर बनी कच्ची जहरीली शराब के केन बरामद हो गई। प्रधान आरक्षक पियुष मिश्रा ने बताया कि बरामद शराब 70 हजार और एक्सयूवी 8 लाख रूपये की है। जिसे जप्त की मनीष राय के खिलाफ आबकारी की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज कर 1 दिन की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। आरोपित के खिलाफ पूर्व में आबकारी अधिनियम के साथ मारपीट सहित संगीन धाराओं में डेढ़ दर्जन के लगभग मामले दर्ज है।



#### इंदौर-देवास, गुड़गांव से मंगवाता था शराब

प्रधान आरक्षक मिश्रा के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपित मनीष राय इंदौर-देवास के साथ गुडगांव से भी शराब मंगवाता था। कई बार उसने बसों के माध्यम से शराब के पार्सल उज्जैन तक मंगवाये है। वह अवैध शराब बेचने वालों को शराब की 4 से 5 पेटी उपलब्ध कराता था। उक्त आरोपित का सुराग रविवार-सोमवार रात गिरफ्त में आये अवैध शराब बेचने वाले श्याम गुप्ता निवासी विष्णुपुरा से मिला था। उसके बाद से मनीष की तलाश जारी थी।



## ऐसे बढ़े प्रेम और यश

गीता में भगवान ने कहा है, चार कारण से लोग मेरा भजन करते हैं– कुछ लोग अपनी कठिनाई दूर करने के लिए; कुछ लोग समृद्धि के लिए; कुछ लोग ज्ञान के लिए और कुछ लोग, जो सब जान गए हैं, वे भी भजन करते हैं। उनकी योग्यता क्या होनी चाहिए उनका धर्मात्मा होना आवश्यक है। धर्म की सामग्री जिसके पास नहीं, उसका क्षेत्र ईश्वर तक नहीं जा पाएगा। जैसे पैसे से पैसा कमाया जाता है, वैसे ही धर्म से धर्म कमाया जाता है। आज धर्म कमाने वालों की कमी होने लगी है। साधु भी अब यही सोचने लगे हैं कि शिष्य बस लिफाफा दे दें, फिर जो मन में आए करते रहें। एक शिष्य ने अपने गुरु से कहा, वह अमीर तो आपकी निंदा कर रहा था, जबकि आप उसे कितना मानते हैं। गुरु ने उत्तर दिया, ह्यऐसी निंदा का क्या वह समय-समय पर हमें धन भेज देता है, हमें और क्या निंदा करता है, तो करे।

वस्तुतः यह भोग हो गया। महात्मा भी भोग में लग गए हैं, लेकिन किसी को यदि यह आकांक्षा हो कि यश हो और प्रेम भी बढ़े, तो धार्मिक होना पड़ेगा। जैसे लोग समय-समय पर शरीर की जांच कराते हैं, ठीक उसी तरह से धन बढ़ने पर यह परीक्षण करना चाहिए कि धन का उपयोग, विनियोग कहां हो रहा है अगर सही हो रहा है, तो समझना चाहिए कि धन हमें देवता बनाने के लिए आया है। धन केवल पत्नी पर खर्च करने के लिए नहीं है, माता-पिता में भी लगे, समाज सेवा में भी लगे। हमारा धर्म बनावटी नहीं है, नैसर्गिक है। मैं आपको उदाहरण देता हूं, आप कहीं जा रहे हैं, एक दुर्घटना हुई, किसी को चोट लगी, वह सड़क पर पड़ा तड़प रहा है। तब आपके हृदय में जो कुछ-कुछ होता है, वही दया है। हमें यह नैसर्गिक शक्ति मिली हुई है। कोई तड़प रहा है, तो हमारे मन में आता है कि इसका दुख दूर हो जाता। धर्म नैसर्गिक शक्ति का नाम है। धर्म नहीं होता, तो बुजुर्गों को कौन संभालता धर्म नहीं होता, शादी-विवाह, भाईचारा कहां से होता पश्चिम में क्या है काम पूरा किया और मनोरंजन में लग गए, ऐसे दुनिया चलेगी क्या धर्म करना जरूरी है। धर्म की चर्चा जरूरी है। अभी जो सत्संग सुख हम ले रहे हैं, यह ऐतिहासिक क्षण है, धर्म चिंतन का क्षण है। कल पता नहीं, हममें से कौन रहेगा, कौन नहीं देखिए, इसी समय कई लोग गिट्टी डाल रहे हैं। उधर, मजदूर काम कर रहे हैं, वे भी अपने धर्म का पालन कर रहे हैं, लेकिन उनका जीवन उतना श्रेष्ठ नहीं है। हालांकि, वे भी धार्मिक हैं, वे निर्माण कर रहे हैं। उन्हें ईश्वर भक्त कहने में कोई हर्ज नहीं है। विष्णु पुराण के एक श्लोक का भाव है – यदि कोई अपने कर्तव्य का ढंग से पालन करता है, तो वह भगवद् सेवा कर रहा है। वह डंके की चोट पर कहे कि मैं किसी पुजारी से कम नहीं हूं। उसे सद्गति अवश्य मिलेगी।



### सम्पादकीय

# परिसीमन पर असहमति

संसद के विशेष सत्र में सहमति न बनने की आशंका पहले से थी और यही होता दिख रहा है। महिला आरक्षण को लेकर सभी दलों में सहमति है, पर परिसीमन पर सहमति बनना कठिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से लोकसभा में विपक्ष को आड़े हाथ लिया है, उससे भी यही संकेत मिलता है कि बदलाव की राह आसान नहीं है। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक न केवल नए बदलावों के खिलाफ एकजुट हैं, बल्कि इसे सरकार की साजिश करार दे रहे हैं। वास्तव में, इस पूरे मामले को राजनीतिक दृष्टि से देखा जा रहा है। राजनीतिक दलों से लेकर आम आदमी तक में यह चर्चा है कि महिला आरक्षण और परिसीमन से किसको लाभ होगा और किसको घाटा। माना जा रहा है कि दक्षिण के राज्यों को घाटा होगा और उत्तर के ताकतवर विपक्षी दल दक्षिण के राज्यों के साथ खड़े हो गए हैं। विपक्ष की यह राजनीतिक राह कम से कम उत्तर भारत में शायद जोखिम भरी हो सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विपक्षी दलों को यही चेताया है कि महिलाओं के लिए किसी भी क्षेत्र में आरक्षण का विरोध करने वाले किसी व्यक्ति को महिलाओं ने नहीं बख्शा है। क्या वाकई, महिला आरक्षण के लागू न होने से महिलाएं नाराज होंगी? इस नाराजगी को विपक्ष समझता है, इसलिए विपक्ष के नेता बार-बार कह रहे हैं कि वे महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं। हालांकि, यह सच है कि लोकसभा और विधानसभा में महिला आरक्षण की बात जब भी आती है, कोई न कोई तकनीकी अड़ंगा लगा दिया जाता है। अगर फिर एक बार महिला आरक्षण लागू करने की कोशिशें नाकाम होती हैं, तो यह निस्संदेह निराशाजनक होगा। क्या परिसीमन का विरोध करने वाला विपक्ष सही है? क्या बिना परिसीमन के ही महिला आरक्षण वर्तमान सीटों में लागू करना बेहतर होगा? यदि हम महिलाओं की नजर से देखें, तो अभी लोकसभा में 14 प्रतिशत से भी कम महिलाएं हैं। देश में कोई पार्टी ऐसी नहीं है, जिसने महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटों पर खड़ा किया हो। महिला आरक्षण की जब बात आती है, तब महिलाओं को पर्याप्त टिकट न देने वाले दलों को भी दलित-पिछड़ी और अल्पसंख्यक महिलाओं की बहुत चिंता होने लगती है। विपक्ष की एक बड़ी आशंका यह है कि भाजपा परिसीमन के कार्य को ऐसे करना चाहती है, ताकि उसे लाभ हो। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस ओर इशारा किया है।

### प्रतिनिधित्व का न्याय या जनसंख्या का दबाव?

# जनसंख्या बनाम विकास: लोकसभा पुनर्गठन की असली चुनौती

भारत की संसदीय व्यवस्था इस समय एक अहम मोड़ पर खड़ी है, जहां लिया गया निर्णय आने वाले दशकों की राजनीति, नीतियों और प्रतिनिधित्व की दिशा तय करेगा। लोकसभा की सीटों को वर्तमान 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 (815 राज्य व 35 केंद्र शासित प्रदेशों के लिए) करने का प्रस्ताव केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के गणित और भूगोल–दोनों को बदलने वाला कदम है। सवाल सीधा है, पर इसका उत्तर जटिल–क्या इससे आम मतदाता की ताकत वास्तव में बढ़ेगी या बड़े राज्यों का राजनीतिक प्रभाव और गहरा होगा? यही वजह है कि यह बहस अब संसद तक सीमित नहीं रही, बल्कि देश के हर उस नागरिक तक पहुंच गई है, जो चाहता है कि उसका वोट सिर्फ गिना ही नहीं, बल्कि असर भी दिखाए।



प्रो. आर.के. जैन (दैनिक अवन्तिका)

सरकार का तर्क सीधा और ठोस है कि बढ़ती आबादी के साथ प्रतिनिधित्व का दायरा बढ़ाना अब अनिवार्य हो चुका है। मौजूदा स्थिति में एक सांसद पर अत्यधिक जनसंख्या का बोझ है, जिससे स्थानीय समस्याएं अक्सर राष्ट्रीय बहस में दब जाती हैं। प्रस्तावित योजना के तहत सीटों को लगभग 50 प्रतिशत बढ़ाकर अधिकतम 850 करने से प्रत्येक सांसद कम लोगों का प्रतिनिधित्व करेगा, जिससे जनता और प्रतिनिधि के बीच दूरी घटेगी, संवाद सशक्त होगा और जवाबदेही बढ़ेगी। इससे नीतियों का क्रियान्वयन भी अधिक प्रभावी होने की उम्मीद है। साथ ही 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को लागू करने के लिए यह विस्तार एक ठोस आधार के रूप में देखा जा रहा है, जो राजनीति में लैंगिक संतुलन को मजबूत कर सकता है।

इस प्रस्ताव का एक ऐसा पक्ष भी है, जो गहरी चिंता पैदा करता है और जिसे नजरअंदाज करना आसान नहीं है। दक्षिण भारत के राज्यों ने लंबे समय से जनसंख्या नियंत्रण, शिक्षा और स्वास्थ्य में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ऐसे में यदि परिसीमन केवल जनसंख्या के आधार पर हुआ, तो अधिक आबादी वाले राज्यों को ज्यादा सीटें मिलेंगी। इसका असर यह होगा कि दक्षिण के राज्यों का संसद में सापेक्षिक प्रभाव घट सकता है। यह स्थिति एक असंतुलन पैदा करती है, जहां विकास और बेहतर शासन का परिणाम राजनीतिक प्रतिनिधित्व में कमी बनकर सामने आता है। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि किसी राज्य की मौजूदा सीटें कम नहीं होंगी, फिर भी दक्षिण के राज्यों को अपने प्रभाव में कमी की आशंका है।

यदि इसे आम नागरिक की नजर से परखा जाए, तो इस बदलाव के भीतर कई ठोस संभावनाएं दिखाई देती हैं। सीटों में वृद्धि का मतलब है कि संसद में अधिक विविधता आएगी और अलग-अलग क्षेत्रों की समस्याएं पहले से ज्यादा प्रभावी ढंग से उठ सकेंगी। ग्रामीण इलाकों, छोटे शहरों और पिछड़े वर्गों को अपनी बात रखने के लिए व्यापक मंच मिलेगा। महिला आरक्षण के जरिए राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों को नई प्राथमिकता मिल सकती है। यह बदलाव उन वर्गों के लिए अवसर का द्वार खोल सकता है, जो अब तक निर्णय प्रक्रिया में सीमित दायरे में ही रह गए थे।


असल चिंता यहीं से शुरू होती है–क्या केवल सीटों की संख्या बढ़ा देने से प्रतिनिधित्व वास्तव में सशक्त हो जाएगा? यह मान लेना एक सरलीकृत दृष्टि होगी। प्रतिनिधित्व सिर्फ आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि संतुलन और न्यायपूर्ण भागीदारी का भी प्रश्न है। जब किसी एक क्षेत्र का प्रभाव असामान्य रूप से बढ़ता है, तो नीति निर्माण का झुकाव भी उसी दिशा में होने लगता है। इसका सीधा असर संसाधनों के वितरण, बजट आवंटन और विकास योजनाओं पर पड़ सकता है, जिससे क्षेत्रीय असमानताएं और गहरी हो सकती हैं। दक्षिण के राज्यों की मुख्य चिंता यही है कि उनका आर्थिक योगदान और सामाजिक उपलब्धियां राजनीतिक फैसलों में अपेक्षित महत्व नहीं पा सकेंगी। यहीं से एक रचनात्मक और संतुलित समाधान की मांग उभरती है, जहां विपक्ष और कई क्षेत्रीय दल इस प्रस्ताव को केवल संख्या नहीं, बल्कि व्यापक न्याय के दृष्टिकोण से देखने की बात करते हैं। उनका मानना है कि परिसीमन केवल जनसंख्या के आधार पर तय नहीं होना चाहिए, बल्कि इसमें विकास के ठोस मानकों को भी शामिल करना जरूरी है। साक्षरता, स्वास्थ्य सेवाएं, प्रति व्यक्ति आय और जनसंख्या नियंत्रण जैसे प्रयासों को प्रतिनिधित्व निर्धारण में उचित महत्व मिलना चाहिए। यह दृष्टिकोण इस बात को रेखांकित करता है कि लोकतंत्र केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि गुणवत्ता, जवाबदेही और संतुलित भागीदारी की एक मजबूत व्यवस्था भी है।

निर्णायक दौर में नीतियों की असली कसौटी सामने आती है और यह विमर्श भी उसी पर खरा उतरने की मांग करता है, जहाँ स्थायी व न्यायपूर्ण समाधान संतुलन में निहित है। जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व लोकतंत्र का मूल सिद्धांत है, लेकिन संघीय ढांचे और राष्ट्रीय एकता के लिए क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है। यदि परिसीमन में दोनों को समान महत्व मिला, तो यह बदलाव लोकतंत्र को अधिक सुदृढ़ और समावेशी बना सकता है, अन्यथा असंतुलन बढ़ सकता है। उनका मानना है कि परिसीमन केवल जनसंख्या पर आधारित न होकर आर्थिक योगदान, साक्षरता, स्वास्थ्य, प्रति व्यक्ति आय और जनसंख्या नियंत्रण जैसे मानकों को भी महत्व दे, ताकि विकासशील राज्यों की प्रगति को उचित सम्मान मिल सके।

अब निर्णायक सवाल यह है कि अधिकतम 850 सीटों वाली लोकसभा देश को संतुलित प्रतिनिधित्व की ओर ले जाएगी या असंतुलन की ओर। यह प्रस्ताव न पूरी तरह लाभकारी है, न हानिकारक; इसका परिणाम इसके क्रियान्वयन पर निर्भर करेगा। यदि सभी राज्यों की चिंताओं को स्थान देकर प्रतिनिधित्व को संतुलित ढंग से पुनर्गठित किया गया, तो यह आम नागरिक के वोट को वास्तविक ताकत दे सकता है। लेकिन यदि यह केवल जनसंख्या के गणित तक सीमित रहा, तो बड़े राज्यों का वर्चस्व बढ़ने का खतरा रहेगा। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि हर नागरिक महसूस करे कि उसकी आवाज का समान महत्व है और उसका वोट केवल संख्या नहीं, बल्कि प्रभाव का प्रतीक है।

# प्रजातंत्र का वातानुकूलित शोरूम

रामदीन अपने फटे हुए झोले में पचहत्तर साल की आजादी के दस्तावेज समेटे शहर के सबसे बड़े 'लोकतंत्र शोरूम' के बाहर खड़ा था। बाहर एक विशाल होर्डिंग लगा था– यहाँ न्याय, समानता और गरिमा पर 90% की भारी छूट है। जैसे ही उसने भीतर कदम रखा, ठंडी हवा के झोंके ने उसका स्वागत किया। शोरूम के भीतर मखमली सोफों पर 'अधिकार' बैठे थे और 'कर्तव्य' कोने में झाड़ू लगा रहे थे। एक सुदर्शन सेल्समैन, जिसने गले में 'संविधान की प्रस्तावना' वाली टाई बांधी थी, रामदीन के पास आया और मुस्कुराकर बोला, ₹बताइए बाबा, क्या चाहिए? हमारे पास 'स्मार्ट सिटी' वाला चश्मा है जिससे कीचड़ भी मखमल दिखता है, या फिर 'सहिष्णुता' वाला हेडफोन चाहिए जिससे चीखें भी संगीत लगती हैं? रामदीन ने हकलाते हुए कहा, बेटा, मुझे बस थोड़ा सा न्याय चाहिए था, मेरे खेत पर सरपंच ने कब्जा कर लिया है।₹ सेल्समैन हँसा, बाबा, न्याय तो 'प्रीमियम सेगमेंट' में है, उसकी किस्तें बहुत भारी हैं। आपके पास 'वोट कार्ड' का बैलेंस कितना है? रामदीन ने अपना कार्ड दिखाया, जो सालों के इस्तेमाल से घिस चुका था। सेल्समैन ने उसे स्कैन किया और उदास होकर बोला, ₹सॉरी बाबा, आपका बैलेंस तो 'एक्सपायर' हो चुका है। आप अगले चुनाव के 'रिफिल' का इंतजार कीजिए। इसी बीच शोरूम के 'वीआईपी लाउंज' से एक मोटा आदमी निकला, जिसने 'कानून' को अपनी बगल में दबा रखा था। सेल्समैन ने झुककर उसे सलाम किया और रामदीन को धक्का देते हुए बोला, बाबा, बाहर निकलिए, शोरूम की फर्श गंदी हो रही है। रामदीन बाहर निकला तो देखा कि शोरूम का कांच इतना पारदर्शी था कि भीतर की चमक बाहर के अंधेरे को चिढ़ा रही थी। उसने महसूस किया कि इस शोरूम में सामान जनता का ही है, बस उसे खरीदने की औकात जनता की नहीं बची है। वह सड़क पर बैठ गया, जहाँ एक लावारिस कुत्ता 'मैनीफेस्टो' के पन्ने चबा रहा था।



डॉ. सुरेश मिश्रा

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 18 अप्रैल 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:07 सूर्यास्त 18:45
वैशाख मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - एकम 14:10 उपरांत दुतिया
नक्षत्र - अश्विनी 09:42 उपरांत भरणी
योग - प्रीति 23:56 उपरांत आयुष्मान
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मेष में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 29 तारिख

**मेष-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। यात्रा मनोरंजक हो सकती है। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

**वृषभ-** व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन-** मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्क-** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। यात्रा सफल रहेगी।

**सिंह-** शत्रु सक्रिय रहेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी दूसरे व्यक्ति के काम में हस्तक्षेप न करें। विवाद होगा।

**कन्या-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

**तुला-** फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। आय में कमी होगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**वृश्चिक-** कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। योजना फलीभूत होगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें।

**धनु-** आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रुके कार्यों में गति आएगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। प्रमाद न करें।

**मकर-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि की आशंका बनती है।

**कुंभ-** सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी से बचें। आय बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मीन-** भूमि-भवन व मकान-दुकान इत्यादि की खरीद-फरोख्त मनोनुकूल लाभ देगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545

### समसामयिक

# गर्मी में पक्षियों के लिए सकोरा रखे

गर्मियों का मौसम मनुष्य ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी अत्यंत कठिन होता है। तेज धूप, बढ़ता तापमान और जल स्रोतों का सूखना पक्षियों के जीवन को संकट में डाल देता है। ऐसे समय में सकोरा यानी मिट्टी का छोटा बर्तन पक्षियों के लिए जीवनदाता बन सकता है। यह एक सरल, सस्ता और प्रभावी उपाय है, जिससे हम पक्षियों की प्यास बुझाकर उनकी रक्षा कर सकते हैं।सकोरा मिट्टी से बना होता है, इसलिए इसमें रखा पानी लंबे समय तक ठंडा रहता है। जब हम अपने घर की छत, आंगन, बालकनी या किसी पेड़ के नीचे सकोरा रखकर उसमें स्वच्छ पानी भरते हैं, तो पक्षियों को आसानी से पानी उपलब्ध हो जाता है। चिड़िया, कबूतर, कौवा, मैना जैसे कई पक्षी इन सकोरों से पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते हैं और गर्मी से राहत पाते हैं। यह छोटा सा प्रयास उनके जीवन को बचाने में बहुत बड़ा योगदान देता है।



आज के शहरीकरण के कारण पेड़-पौधे कम होते जा रहे हैं और प्राकृतिक जल स्रोत भी घट रहे हैं। पहले पक्षियों को तालाब, कुएं और नदियों से पानी मिल जाता था, लेकिन अब ये स्रोत या तो सूख चुके हैं या प्रदूषित हो गए हैं। ऐसे में सकोरे रखना हमारी जिम्मेदारी बन जाती है। यह न केवल पक्षियों की सहायता करता है, बल्कि हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील भी बनाता है।

सकोरा रखने के साथ कुछ सावधानियां भी जरूरी हैं। सकोरे को हमेशा छायादार स्थान पर रखना चाहिए, ताकि पानी जल्दी गर्म न हो। रोजाना उसमें ताजा और स्वच्छ पानी भरना चाहिए तथा सकोरे की सफाई भी नियमित रूप से करनी चाहिए, ताकि कोई बीमारी न फैले। यदि संभव हो, तो सकोरे के पास थोड़े दाने भी रख सकते हैं, जिससे पक्षियों को भोजन भी मिल सके।

इस कार्य में बच्चों और युवाओं को भी शामिल करना चाहिए। विद्यालयों और समाज में इस बारे में जागरूकता फैलानी चाहिए कि छोटे-छोटे प्रयासों से हम प्रकृति की रक्षा कर सकते हैं। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम है, बल्कि हमारे अंदर दया और करुणा जैसे मानवीय गुणों का विकास भी करता है।

अंततः कहा जा सकता है कि गर्मी में पक्षियों के लिए सकोरा रखना एक छोटा सा कार्य है, लेकिन इसका महत्व बहुत बड़ा है। यह हमें सिखाता है कि हम केवल अपने लिए ही नहीं, बल्कि अन्य जीवों के लिए भी जिम्मेदार हैं। यदि हर व्यक्ति अपने घर के बाहर एक सकोरा रखे, तो हजारों पक्षियों की जान बचाई जा सकती है। इसलिए आइए, इस गर्मी में हम सब मिलकर पक्षियों के लिए सकोरा रखें और उनकी प्यास बुझाने का पुण्य कार्य करे।

सकोरा भर दो जल से तुम, दया का दीप जलाओ,
प्यासे पंछी आशीष देंगे, जीवन सफल बनाओ।

**मुकेश चौरसिया नलखेड़ा**

### धर्म-आस्था

# सनातन संस्कृति एवं श्रीराम-सीता विवाह श्रीरामचरितमानस के परिप्रेक्ष्य में

श्रीरामचन्द्रजी एवं सीताजी के विवाह का वर्णन माता सरस्वती एवं शेष भी करने में समर्थ नहीं हुए तब मेरे जैसे अल्पज्ञानी लेखक के लिए यह कार्य अत्यन्त दुष्कर है। किन्तु जब श्रीरामजी की कृपा हो जाती है तो वह कार्य उनकी कृपा से ही पूर्ण हो जाता है। श्रीरामजी के विवाह का वर्णन गोस्वामी तुलसीदासजी ने मानस में बड़े ही विस्तारपूर्वक किया है। उसे ज्यों का त्यों न लेकर प्रमुख भारतीय संस्कृति के विवाह रीति-रिवाजों को नई पीढ़ी को समझाने एवं जीवन में उतारने हेतु इस आलेख में प्रयास किया गया है। श्रीरामजी के समय जो विवाह के रीति-रिवाज, आज भी हमारी संस्कृति में बड़े ही श्रद्धा-भक्ति से संजोये रखा है।



डॉ. नरेन्द्र मेहता (दैनिक अवन्तिका)


मंगलों का मूल लग्न का दिन आ गया। हेमन्त ऋतु और सुहावना अगहन का महीना था। ग्रह-तिथि नक्षत्र योग और वार श्रेष्ठ थे। लग्न (मुहूर्त) शोध कर ब्रह्माजी ने उस पर विचार किया और उस लग्न पत्रिका को नारदजी के हाथ जनकजी के यहां भेज दिया। जनकजी के ज्योतिषियों ने भी वही गणना कर रखी थी। जब सब लोगों ने यह बात सुनी तब वे कहने लगे- यहाँ के ज्योतिषी भी ब्रह्माजी ही हैं। तब राजा जनक ने पुरोहित शतानन्दजी से कहा कि अब विलम्ब का क्या कारण है तब शतानन्दजी ने मंत्रियों को बुलवाया। वे सब मंगल का सामान सजाकर ले आए। सुन्दर सुहागिन स्त्रियाँ गीत गा रही हैं और पवित्र ब्राह्मण वेद की ध्वनि कर रहे थे। सब लोग इस प्रकार आदरपूर्वक बारात को लेने चले और जहाँ बरातियों का जनवासा था वहाँ गए। दशरथजी का वैभव देखकर उनको देवराज इन्द्र भी बहुत ही तुच्छ लगने लगे। गुरु वसिष्ठिजी से पूछकर और कुल की सब रीति-रिवाजों को करके दशरथजी मुनियों और साधुओं के समाज को साथ लेकर चले। देवगण सुन्दर मंगल अवसर जानकर नगाड़े बजा-बजाकर फूल बरसाते हैं। शिवजी, ब्रह्माजी आदि देववृन्द यूथ (टोलियाँ) बना-बनाकर विमानों पर चढ़े।

एहि बिधि सभु सुरन्ह समुझाया। पुनि आगे बर बसह चलाया।

देवन्ह देखे दशरथु जाता। महामोद मन पुलकित गाता।। श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड 315-2

इस प्रकार शिवजी ने देवताओं को समझाया और फिर अपने श्रेष्ठ बैल (वृषभ) नन्दीश्वर को आगे बढ़ाया। देवताओं ने देखा कि दशरथजी मन में बड़े ही प्रसन्न और शरीर से पुलकित हुए चले जा रहे हैं।

दशरथजी के चारों सुन्दर पुत्र ऐसे सुशोभित हो रहे हैं मानो सम्पूर्ण मोक्ष (सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य, सायुज्य) शरीर धारण किए हुए हों। जिस घोड़े पर श्रीरामजी विराजमान हैं उसकी तेज चाल देखकर गरुड़ जी लजा जाते हैं। यह वर्णन नहीं किया जा सकता है। मानो कामदेव ने ही घोड़े का वेष धारण कर लिया है।



जिस श्रेष्ठ घोड़े पर श्रीरामचन्द्रजी सवार हैं, उसका वर्णन सरस्वती भी नहीं कर सकती। शंकरजी श्रीरामचन्द्रजी के रूप में ऐसे अनुरक्त हुए कि उन्हें अपने पन्द्रह नेत्र इस समय बहुत ही प्यारे लगने लगे। भगवान विष्णु भी उन पर मोहित हो गए। ब्रह्माजी बड़े प्रसन्न हुए पर अपने आठ नेत्र जानकर पछताने लगे। इन्द्र अपने हजार नेत्रों से रामचन्द्रजी को देख रहे हैं और गौतमजी के शाप को अपने हितकर मान रहे हैं। इस प्रकार बारात को आती हुई जानकर बहुत प्रकार के वाद्य बजने लगे और रानी सुहागिनी स्त्रियों को लेकर परछन के लिए मंगल दृश्य सजाने लगी।

श्रीराम का वरवेष देखकर सीताजी की माता सुनयनाजी के मन में जो सुख हुआ, उसे हजारों सरस्वती और शेषजी सौ कल्पों में भी वर्णन नहीं कर सकते हैं। मंगल अवसर जानकर नेत्रों के जल को रोके हुए रानी प्रसन्न मन से 'परछनइ कर रही है। वेदों में कहे हुए कुलाचार के अनुसार सभी व्यवहार रानी ने भलीभाँति किए। दशरथजी अपनी मण्डली सहित विराजमान हुए। समय समय पर देवता फूल बरसाते हैं और भूदेव ब्राह्मण समयानुकूल शान्ति पाठ करते हैं।

इस प्रकार श्रीराम मण्डप में आए और अर्घ्य देकर आसन पर बैठाए गए। वैदिक और लौकिक सब रीतियाँ करके जनकजी और दशरथजी बड़े प्रेमपूर्वक मिले। दोनों महाराज मिलते हुए बड़े ही शोभित हुए, कवि उनके लिए उपमा खोज-खोजकर लजा रहे थे। सुन्दर पावड़े और अर्घ्य देते हुए जनकजी दशरथजी को आदरपूर्वक मण्डप में ले आए। राजा जनकजी ने दान, मान, सम्मान, विनय और उत्तम वाणी से सारी बारात का सम्मान किया। प्रभु का शील स्वभाव देखकर देवगण मन में बहुत आनन्दित हुए। समय देखकर वसिष्ठजी ने शतानन्दजी को आदरपूर्वक बुलाया। वे सुनकर आदर के साथ आए। तब तक वसिष्ठजी ने कहा- अब जाकर राजकुमारी को शीघ्र ले आइए। मुनि की आज्ञा पाकर वे प्रसन्न हो गए। सीताजी मण्डप में आईं। उस अवसर की सब रीति, व्यवहार और कुलाचार दोनों कुलगुरुओं ने किए।

कुलाचार करके गुरुजी प्रसन्न होकर गौरीजी, गणेशजी और ब्राह्मणों की पूजा करा रहे हैं। देवतागण प्रकट होकर पूजा ग्रहण करते हैं, आशीर्वाद देते हैं और अत्यन्त सुख पा रहे हैं। मधुपर्क आदि जिस किसी भी मांगलिक पदार्थ की मुनि जिस समय भी मन में चाह मात्र करते हैं। सेवकगण उसी समय सोने की परातों में कलशों में भरकर उन पदार्थों को लिए तैयार रहते हैं।

हवन के समय अग्निदेव शरीर धारण करके बड़े ही सुख से आहुति ग्रहण करते हैं। वेदों सारे वेद ब्राह्मण का वेष धारण करके विवाह की विधियाँ बता रहे हैं। सुनयनाजी (सीताजी की माता) जनकजी के बायीं ओर ऐसी शोभित हो रही हैं मानों हिमाचल के साथ मैना भी शोभित हों। दूलह को देखकर राजा रानी प्रेम मग्न हो गए और उनके पवित्र चरणों को पखारने लगे।

बर कुँअरी करतल जोहिर साखो चारू दोउ कुलगुर करैं।

भयो पानिगहनु बिलोकि बिधि सुर मनुजमुनि आनंद भरैं।।

श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड 324 छन्द 3

दोनों कुल के गुरुवर और कन्या की हथेलियों को मिलाकर शाखोच्चार करने लगे। पाणिग्रहण हुआ देखकर ब्रह्मादि देवता, मनुष्य और मुनि आनन्द में भर गए। महाराज जनकजी ने लोक और वेद की रीति को करके कन्यादान दिया।

प्रमुदित मुनिन्ह भाँवरी फेरीं। नेगसहित सब रीति निबेरीं।।

राम सीय सिर सेंदुर देहीं। सोभा कहिन जाति बिधि केहीं।। श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड 324-4

मुनियों ने आनन्दपूर्वक भाँवरे फिरायीं और नेगसहित सब रीतियों को पूरा किया। श्रीरामचन्द्रजी सीताजी के सिर में सिंदूर दे रहे हैं, यह शोभा किसी प्रकार भी कही नहीं जाती।

तब वसिष्ठजी की आज्ञा पाकर जनकजी ने विवाह का सामान सजाकर माण्डवी, श्रुतकीर्ति और उर्मिला इन राजकुमारियों को बुला लिया। कुशध्वज की बड़ी कन्या माण्डवी को भरतजी को ब्याह दिया। जानकीजी की छोटी बहन उर्मिला को लक्ष्मण को ब्याह दिया और श्रुतकीर्ति को शत्रुघ्न को ब्याह दिया।

श्रीराम विवाह मण्डप में जा रहे थे, उस समय देवतागण फूल बरसा रहे हैं, राजा जनवासे चले। नगाड़े की ध्वनि, जयध्वनि और वेद की ध्वनि हो रही है। आकाश और नगर (मिथिला) दोनों में खूब कौतुहल हो रहा है, चारों ओर आनन्द छा रहा है। तब मुनीश्वर की आज्ञा पाकर सुन्दरी सखियाँ मंगलगान करती हुई दुलहिनों सहित दूल्हों को लिवाकर कोहबर अर्थात दूल्हा-दुल्हन के मिलन स्थान को चल पड़ी।

सीताजी बार-बार श्रीरामजी को निहार रही हैं और सकुचा जाती है पर उनका मन नहीं सकुचाता है। श्रीरामचन्द्रजी का साँवला, शरीर स्वभाव से ही सुन्दर है। उसकी शोभा करोड़ों कामदेवों को भी लजाने वाली है। महावर से युक्त चरणकमल बड़े सुहावने लगते हैं, जिन पर मुनियों के मनरूपी भौंरें सदा छाये रहते हैं, पवित्र और मनोहर पीली धोती प्रातः काल के सूर्य और बिजली की ज्योति को हरे लेती है। कमर में सुन्दर किंकणी और कटिसूत्र है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,53,300, रवा- 1,53,200 चांदी- टंच- 2,45,500 पाट- 2,45,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

## यूनिवर्सल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने दर्ज की शानदार उपलब्धि

**तराना।** यूनिवर्सल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के इस शानदार परिणाम से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को बरकरार रखते हुए इस वर्ष भी 100% परीक्षा परिणाम दर्ज किया, जो विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस वर्ष कक्षा 12वीं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इनमें प्रमुख रूप से हर्ष नागर 94.80%, हर्षिनी सोनी 93,ऋषि कलमोदिया 92.60, गणित में 100 अंक,दिक्षा नागर 92. वेदांशी उपाध्याय 92.60,नैना पाटीदार,92.40,राजेन्द्र सिंह सिसोदिया 92.20ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। कक्षा 10वीं के परिणाम भी रहे उल्लेखनीय रहा।। इनमें प्रमुख रूप से – परिधि चावड़ा 92.00, नंदिनी देथलिया (91.60% ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के संचालक अशोक चावड़ा एवं अमित चावड़ा, प्राचार्य रामकृष्ण शर्मा, समन्वयक राजेश पाटीदार एवं सचिन पटवा सहित समस्त शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की कामना की।

## अमलाय पत्थर स्कूल का 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत

### प्रियंका व रोहन स्कूटी योजना के लिए हुए पात्र



**शुजालपुर।** क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलाय पत्थर का परीक्षा परिणाम सत्र 2025-26 में शानदार रहा। विद्यालय की कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, जबकि कक्षा 10वीं का परिणाम 92 प्रतिशत दर्ज किया गया। कक्षा 12वीं में छात्रा प्रियंका गेहलोत ने जीव विज्ञान संकाय में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं रोहन गेहलोत ने गणित संकाय में 83 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया। दोनों ने शासन की स्कूटी योजना के लिए भी अपनी पात्रता सुनिश्चित की है। कक्षा 10वीं में अल्फेज खान ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कक्षा 12वीं के 8 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जो शासन की लैपटॉप योजना का लाभ प्राप्त करेंगे। कक्षा 12वीं में 95 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय के प्राचार्य शांतिलाल अलंसे एवं समस्त शिक्षकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का पुष्पगुच्छ देकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया।

## जॉय किड्स एकेडमी की अनन्या जैन का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**शुजालपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकंडरी परीक्षा कक्षा 12वीं में जॉय किड्स एकेडमी की छात्रा अनन्या जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने गणित संकाय में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय के साथ-साथ नगर का नाम भी गौरवान्वित किया है। अनन्या जैन पिता ऋषभ जैन धवल की इस सफलता पर परिवारजनों, विद्यालय के समस्त शिक्षकों, इष्ट मित्रों एवं समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## विद्यालय मुरलीधर कृपा विद्या मंदिर कक्षा 10 वीं का परिणाम उत्कृष्ट रहा



**मक्सी।** विद्यालय मुरलीधर कृपा विद्या मंदिर, मक्सी ने इस वर्ष भी कक्षा 10 वीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर शिक्षा क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की मेधावी छात्रा पाखी जांगिड ने 94% अंक प्राप्त कर शाजापुर जिले के मक्सी नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं खुशी जालोदिया ने 92% अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा राशि ओसवाल ने 89% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त रिशिका (88%) एवं मानस (87%) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के संस्थापक आदरणीय बाबूजी एम पी मानसिंगका, चीफ मैनेजर दिनेश सिंह यादव, सीनियर मैनेजर अकाउंट्स दिलीप भावसार एवं प्राचार्या नेहा विजयवर्गीय ने बताया कि संस्था का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। यह समस्त जानकारी विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव संदीप देथलिया द्वारा दी गई।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

### इन्दौर पब्लिक स्कूल ब्यावरा ने रचा इतिहास–

# 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एमपी मेरिट लिस्ट में 10वां स्थान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए इन्दौर पब्लिक स्कूल ब्यावरा ने प्रदेश स्तर पर अपनी शानदार पहचान बनाई है। स्कूल के संचालक हरिओम दांगी के कुशल मार्गदर्शन में विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा बंशिका यादव ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मध्यप्रदेश की मेरिट लिस्ट में 10वां स्थान हासिल किया है। इस अभूतपूर्व सफलता ने न सिर्फ स्कूल बल्कि पूरे ब्यावरा क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। बंशिका यादव की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और संचालक हरिओम दांगी की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता का यह बेहतरीन परिणाम है। इसी कड़ी में विद्यालय के अन्य होनहार विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। तनास्वी परिहार ने 91.6 प्रतिशत तथा पायल मालवीय ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।



संचालक हरिओम दांगी ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने बंशिका यादव सहित सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और बताया कि विद्यालय आगे भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा। इस अवसर पर प्राचार्य चेनसिंह जाटव सहित समस्त शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि लगन, मेहनत और सही मार्गदर्शन से छोटे शहरों के विद्यार्थी भी बड़े सपनों को साकार कर सकते हैं।







**ब्यावरा।**

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीलवाड़िया के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम रोशन किया है।

कक्षा 12वीं के परिणाम में कुल 81 विद्यार्थी दर्ज एवं उपस्थित रहे, जिनमें से 76 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 5 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इस प्रकार कक्षा 12वीं का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93.8 प्रतिशत रहा। श्रेणीवार परिणाम में 52 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 24 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। इसी प्रकार कक्षा 10वीं के परिणाम में कुल 48 विद्यार्थी दर्ज एवं उपस्थित रहे, जिनमें से 47 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा केवल 1 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहा। कक्षा 10वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 97.91 प्रतिशत रहा। इसमें 38 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 9 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। संस्था के मेधावी विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन कक्षा 10वीं में मेघा यादव ने 482/500 अंक 96.4 प्रतिशत प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया। निकिता यादव 92 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया सुमित सक्सेना ने 455/500 अंक 91 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय हासिल किया। कक्षा 12वीं कला संकाय में रक्षा यादव ने 402/500 अंक 80.4 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान तथा हर्षवर्धन ने 327/500 अंक 65.4 प्रतिशत प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में दीपिका प्रजापति ने 439/500 अंक 87.8 प्रतिशत प्राप्त कर हायर सेकेण्ड्री मे प्रथम स्थान एवं सीता यादव ने द्वितीय निखिल स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट परिणाम पर संस्था प्रधान लाखन सिंह यादव ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा प्रभारी के.एल. जांगड़े ने परिणाम की विस्तृत जानकारी साझा की। विद्यालय परिवार में इस शानदार सफलता को लेकर हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है।

## पीएम श्री श्यामपुरा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सुसनेर।** शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की लहर लेकर आए 'पीएम श्री' स्कूल श्यामपुरा ने इस वर्ष की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है। इस स्कूलों के परीक्षा परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि आधुनिक संसाधनों और सही मार्गदर्शन से सरकारी शिक्षण संस्थानों में भी वैश्विक स्तर की शिक्षा प्रदान की जा सकती है। बुधवार को घोषित हुए बोर्ड परिणामों पीएम श्री श्यामपुरा स्कूल में कक्षा 10 वी में 100 प्रतिशत प्रतिशत रिजल्ट रहा वहीं। कक्षा 12 वी में 95 प्रतिशत बच्चों ने सफलता हासिल की है। यह सब कुछ बच्चों के अथक प्रयासों के साथ स्कूल के प्राचार्य जितेंद्र शर्मा के द्वारा स्कूल के शिक्षकों की मेहनत का नतीजा है। कठिन विषयों की प्रतिदिन सुबह 10 से 11 बजे तक निदानात्मक कक्षाओं के साथ ही अवकाश के दिनों में भी स्कूल का संचालन करने के चलते बेहतर परिणाम आए है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित इस स्कूल के बच्चे लंबे समय से इसी तरह की सफलता हासिल करते आए है।

इस वर्ष के परिणामों की सबसे अच्छे अंक हासिल करने वालों में लडकियों के साथ लडके भी शामिल है। कक्षा 10 वी में कुल दर्ज 120 बच्चों में से 114 ने परीक्षा दी, जिसमें 114 ही बच्चे उत्तीर्ण रहे। इसमें 73 बच्चों ने प्रथम स्थान,36 बच्चों ने द्वितीय स्थान एवं 5 बच्चों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में स्कूल में प्रथम स्थान वर्षा पिता तुफान सिंह ने 95 प्रतिशत अंक, द्वितीय सुनील पिता हेमराज सेन ने 94 प्रतिशत, एवं मनीषा पिता भंवर सिंह एवं तृतीय स्थान राधा पिता बालु सिंह ने 91 प्रतिशत,हरिओम पिता करण सिंह ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम गोरान्वित किया है। इसी तरह कक्षा 12 वी में कुल दर्ज 63 बच्चों में से 61 परीक्षा में सम्मिलित हुवें इसमें 58 बच्चों ने सफलता हासिल की है। इसमें 41 बच्चों ने प्रथम स्थान,17 बच्चों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। स्कूल में प्रथम स्थान पर आशियाना पिता अली हुसैन गुराडी ने 84 प्रतिशत,द्वितीय स्थान सुरेश पिता कालुसिंह निवासी गुराडी ने 81 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान भावना पिता सुलतान निवासी श्यामपुरा ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। स्कूल प्राचार्य जितेंद्र शर्मा के अनुसार योजना के तहत बच्चों को मिलने वाली विशेष सुविधाओं और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण ने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया है।

## दीपिका सिसोदिया को द्वितीय स्थान



**सुसनेर।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की छात्रा दीपिका सिसोदिया ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 वी में 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में द्वितीय स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे सुसनेर नगर में खुशी और गौरव का माहौल है। दीपिका मांगीलाल सिसोदिया की पुत्री हैं जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह सफलता प्राप्त की। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिवार, परिजनों और नगरवासियों ने दीपिका को बधाइयां दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्राचार्य सुनील सोनी एवं शिक्षकों ने दीपिका की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम उनके निरंतर परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने बताया कि दीपिका शुरू से ही एक मेधावी और अनुशासित छात्रा रही हैं जो हर गतिविधि में सक्रिय भागीदारी निभाती रही हैं। दीपिका की इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

**सुसनेर**

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में श्री दर्शन सागर दिगंबर जैन ज्ञान मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, सुसनेर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में हर्ष का वातावरण बन गया और सफल विद्यार्थियों को बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया।

कक्षा 10वीं में बहन स्वस्ति जैन (पिता निलेश जैन) ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं हिमानी जैन (पिता विजय जैन) ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। कक्षा 12वीं में रितिक जैन (पिता नंदलाल जैन) ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, जबकि बहन प्रज्ञता जैन (पिता राजेश जैन) ने 90.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं प्रबंधन समिति ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि निरंतर प्रयास और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों के सहयोग को भी इस सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया और कहा कि सभी के संयुक्त प्रयास से ही यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है।

## बामनियाखेड़ी कुएं में गिरने से महिला की मौत

**सुसनेर।** ग्राम बामनियाखेड़ी में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया जहां कुएं में गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान धापू बाई पत्नी भेरू सिंह के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धापू बाई प्रतिदिन की तरह कुएं पर नहाने और कपड़े धोने गई थी। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह कुएं में गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार :- रूखसानाबी पति गफ्फार पटेल जाति नायता निवासी छोटी खजरानी इन्दौर, जिला इन्दौर मध्यप्रदेश ने कृषक :- खुमानसिह पिता हिरासिंह जाति राजपूत निवासी लसुडियाखैमा तहसील खाचरौद जिला उज्जैन की कृषि भूमि स्थित ग्राम लसुडियाखैमा तहसील खाचरौद में स्थित भूमि सर्वे नबंर 2 रकबा 0.85 हेक्टर भूमि को क्रय करने का सौदा किया है, इस कृषि भूमि के बाबत क्रय करने का अनुबंध किया होकर अनुबंध के पालन में बयाना राशि अदा कर दी गई है, तथा अनुबंध-पत्र के पालन में शेष प्रतिफल अदा कर विक्रय-पत्र पंजीयन करवाया जाना शेष है इसलिए सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, अगर उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, निजी ऋणदाता अथवा वित्तीय संस्थान का किसी भी स्वरूप का कोई भार बोझ हो अथवा स्वत्व हित अधिकार तो इस सूचना प्रकाशन की 7 दिवस की अवधि में मय लेखी प्रमाण सहित मैरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे । अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार विक्रय-पत्र का पंजीयन विधिवत अपने पक्ष में करवा लेवेगा तथा पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार पर बंधनकारक नही रहेगी। सूचित हो । दिनांक :-- 16/04/2026 ईसवी

**अफसर एहमद मंसूरी एडवोकेट,**
**जवाहरमार्ग खाचरौद जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल नंबर 98269-49940**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राहुल पिता सत्यनारायण सौलंकी निवासी उज्जैन तह. व जिला उज्जैन के द्वारा कस्बा तराना जिला उज्जैन में स्थित विशाल सोनी के मालिकी एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 626/1/1/1 रकबा 0.103 हे. में से 30 बॉय 50 कुल 1500 वर्गफीट भूमि को मेरे पक्षकार के द्वारा निकट भविष्य में क्रय करने का सौदा किया जा रहा है यदि कोई भी व्यक्ति, निकाय, संस्था आदि उपरोक्त भूमि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, बंधक, लोन अथवा अन्य सौदा, दान, बिकी, गिरवी, भारग्रस्त आदि के संबंध में कोई आपत्ति हो तो उक्त आपत्ति मय दस्तावेज के गेरे पक्षकार से संपर्क करते हुए, सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अवगत करावे। बाद अवधि किसी भी व्यक्ति, संस्था कि कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो ।।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि मेरे पक्षकार द्वारा क्रय की जा रही है, किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह मय दस्तावेज के मेरे पक्षकार से संपर्क करें। बाद अवधि किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो । दिनांक 16/04/2026

**चेतन पाटीदार (एडवोकेट)**
**कोर्ट परिसर, तराना जिला उज्जैन**
**मोबाईल नं.- 7489376800**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्रीमती मधुकान्ता पति श्री गोविन्दसिंह, निवासी ग्राम कचनारिया तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधि ापत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 117/1 (र) रकबा 0.2000 हेक्टेयर, भूमि ग्राम कचनारिया तहसील माकडोन जिला उज्जैन इसी प्रकार गोविन्दसिंह पिता श्री मोहनसिंह, निवासी- ग्राम कचनारिया तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 1051 (र) रकबा 1.2600 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 1052/1 (र) रकबा 0. 9100 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 1053 (र) रकबा 0.3000 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 1054 (र) रकबा 0.3000 हेक्टेयर, कुल किता 04 कुल रकबा 2.7700 हेक्टेयर भूमि ग्राम कचनारिया तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन स्थित है इस प्रकार कुल रकबा 2.9700 हैक्टेयर का सौदा कर सौदा राशि अदा कर स्वयं के हित में दस्तावेज सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया हैं तथा जाहिर सुचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में सोदा चिट्ठी के परिपालन मे बयाना राशि अदा कर विधिवत रूप से मेरे पक्षकार के हित मे दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। यदि उक्त सम्पत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति/विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो। इति दिनांक-17.04.2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड, उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नागेश्वर चौधरी पिता शिवजी चौधरी निवासी ग्राम गोगापुर (महिदपुर रोड) तहसिल महीदपुर जिला उज्जैन म.प्र. ने लोन हेतु ए.यु. स्माल फाइनेंस बैंक शाखा आलोट मे आवेदन किया है।

लोन की गांरटी हेतु श्री नागेश्वर चौधरी पिता शिवजी चौधरी निवासी ग्राम गोगापुर (महीदपुर रोड) तहसील महीदपुर जिला उज्जैन म.प्र. के स्वामीत्व एवं अधिपत्य का प्लाट, सर्वे न. 154/3 जिसका कुल एरीया 750 वर्गफिट होकर जो ग्राम गोगापुर (महीदपुर रोड) तहसील महिद्पुर जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसको बंधक रख कर लोन स्वीकृत किया जाना है।

उक्त सम्पत्ति श्री अमरजी पिता बापु आंजना नें 1- श्री राधेश्याम पिता कचरू, 2-श्री भगवानसिंह पिता कनीराम, 3-श्री उंकारलाल पिता भेरा, 4-श्री दिनदयाल पिता मोहनाल को विक्रय पत्र क्रमांक 493 दिनांक 15-11-1994 को विक्रय की गई थी। इसके पश्चात श्री उंकारलाल पिता भेरा का निधन हो गया।

इसके पश्चात उक्त सम्पत्ति श्री उंकारलाल पिता भेरा के स्थान पर 1-श्री शिवनारायण, 2-श्री देवीलाल पिता उंकारलाल के नाम नामांतरण आदेश न. 1003/अ-6/25-26 दिनांक 09-01-2026 के अनुसार किया गया।

इसके पश्चात उक्त सम्पत्ति श्री शिवनारायण पिता उंकारलाल नें श्री नागेश्वर चौधरी पिता शिवजी चौधरी को दान किया गया। जिसका दान पत्र क्रमांक एम पी 17 आई जी आर 18812026 ए 100320946 दिनांक 19-03-2026 है। उक्त प्लाट को बंधक रख कर लोन स्वीकृत किया जाना है।

अत सर्वसाधारण को सुचीत किया जाता हे की यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था आदी या श्री उंकारलाल के वैध वारीसों के अलावा अन्य कोई वारीस को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होतो मेरे कार्यालय में इस सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय प्रमाण के उपस्थित हो अन्यथा गुजरे मियाद किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। दिनांक 17-04-2026

**महेन्द्र कुमार चौधरी एडवोकेट**
**मुख्य डाक घर के पास आलोट मो. 9893430565**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति भगुबाई पति देवीलाल जायसवाल निवासी ग्राम गोगापुर (महिदपुर रोड) तहसिल महीदपुर जिला उज्जैन म.प्र. ने लोन हेतु ए.यु. स्माल फाइनेंस बैंक शाखा आलोट मे आवेदन किया है। लोन की गांरटी हेतु श्रीमती भगुबाई पति देवीलाल जायसवाल निवासी ग्राम गोगापुर (महिदपुर रोड) तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. के स्वामीत्व एवं अधिपत्य का प्लाट, सर्वे न. 154/3 जिसका कुल एरीया 750 वर्गफिट होकर जो ग्राम गोगापुर (महिदपुर रोड) तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसको बंधक रख कर लोन स्वीकृत किया जाना है।

उक्त सम्पत्ति श्री अमरजी पिता बापू आंजना में 1- श्री राधेश्याम पिता कचरू, 2-श्री भगवानसिंह पिता कनीराम, 3-श्री उंकारलाल पिता भेरा, 4-श्री दिनदयाल पिता मोहनाल को विक्रय पत्र क्रमांक 493 दिनांक 15-11-1994 को विक्रय की गई थी। इसके पश्चात श्री उंकारलाल पिता भेरा का निधन हो गया।

इसके पश्चात उक्त सम्पत्ति श्री उंकारलाल पिता भेरा के स्थान पर 1 श्री शिवनारायण, 2-श्री देवीलाल पिता उंकारलाल के नाम नामांतरण आदेश न. 1003/अ-6/25-26 दिनांक 09-01-2026 के अनुसार किया गया।

इसके पश्चात उक्त सम्पत्ति श्री देवीलाल पिता उंकारलाल नें श्रीमति भगुबाई पति देवीलाल को दान किया गया। जिसका दान पत्र क्रमांक एम पी 17 आई जी आर 18812026 ए 100320883 दिनांक 19-03-2026 है। उक्त प्लाट को बंधक रख कर लोन स्वीकृत किया जाना है।

अत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हे की यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था आदी या श्री उंकारलाल के वैध वारीसों के अलावा अन्य कोई वारीस को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होतो मेरे कार्यालय में इस सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय प्रमाण के उपस्थित हो अन्यथा गुजरे मियाद किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। दिनांक 17-04-2026

**महेन्द्र कुमार चौधरी एडवोकेट**
**मुख्य डाक घर के पास आलोट**
**मो. 9893430565**

### In The Court Of Civil Judge Class-I, District Court, TARANA Ujjain Presiding Officer:

**श्री शिरीष शुक्ला**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RCS A/0000035/2022)

**मोहम्मद यासीन ----वादी**

**Vs**

**रफीक खां ---- प्रतिवादी**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 06/05/2026**

**प्रेषिती**

(1) श्रीमती अनिताबाई पति जगदीश पता-मक्सी रोड पेट्रोल पंप के पास पंवासा उज्जैन

यह कि प्रार्थी मोहम्मद यासीन ने आपके विरूद्ध वाद के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मृजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्षय के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 15 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया।

**(शिरीष शुक्ला)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड तराना**
**जिला उज्जैन**

**कृपया ध्यान दे–** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि निधी नीमा पुत्री श्री अरूण कुमार गुप्ता पति अनिकेत निवासी- 32/ए साकेत नगर सांवेर रोड उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 137 वल्लभनगर उज्जैन मे स्थित है। उक्त भूखण्ड को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि मे विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भूखण्ड पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 05 से 07 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त भूखण्ड के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 16/04/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ 3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन म.प्र.,**
**मोबाइल नं. 8839742938**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के द्वारा गोपाल पिता बाबूलाल, निवासी-जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 260/1 रकबा 0.86 हे. कुल किता 1 कुल रकबा 0.86 जो कि ग्राम उड़सिंगा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन एवं संजय पिता बाबूलालजी, निवासी-उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 260/2 रकबा 0.24 हे. कुल किता 1 कुल रकबा 0.24 हे. जो कि ग्राम उड़सिंगा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित है। उपरोक्त संपूर्ण कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकारागण के द्वारा किया जाकर बयाना राशि अदा कर दी गई है। अब मेरे पक्षकारगण के द्वारा उपरोक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र अपने हित में निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमि पर किसी बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक, संस्था, सहकारी संस्था या किसी निकाय या किसी का व्यक्तिगत ऋण या साहूकारी ऋण हो या उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने में किसी को आपत्ति हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी का कब्जा हो या उक्त कृषि भूमि से संबंधित कोई प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मय दस्तावेज प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर 7 दिवस में अपनी आपत्ति दर्ज करावें। जिससे की उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकारगण के द्वारा स्वयं के हित में उक्त कृषि भूमि की रजिस्ट्री करा ली जावेगी और किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक : 17/04/2026

**अजय कुमावत, हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय-01, चैंबर डीपी ज्वेलर्स के पास माधवनगर**
**उज्जैन (म.प्र.) मोबा-9993364312**

## न्यूज कॉलम

### ट्रम्प का दावा- ईरान यूरेनियम सौंपने को तैयार



**नई दिल्ली।** ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान अपने एनरिच्ड (संवर्धित) यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है। एनरिच्ड यूरेनियम का इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में होता है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से यह भी कहा कि दोनों देश शांति समझौते के काफी करीब हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह डील हो जाती है तो तेल की सप्लाई शुरू हो जाएगी और हालात सामान्य हो जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर समझौता इस्लामाबाद में होता है तो वे पाकिस्तान भी जा सकते हैं। हालांकि ईरानी मीडिया ने ट्रम्प के दावे को गलत बताया है और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति हवाई किले बना रहे हैं।

### कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल, शिक्षकों को राहत की उम्मीद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा से जुड़े लंबे विवाद के बीच राज्य सरकार ने बड़ा कानूनी कदम उठाया है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका (रिव्यू पिटीशन) दाखिल कर दी है। इस कदम से प्रदेश के लाखों प्रभावित शिक्षकों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है, जिनकी पात्रता और सेवाओं पर तकनीकी आधार पर सवाल खड़े हो गए थे। सरकार की याचिका की आधिकारिक पुष्टि सुप्रीम कोर्ट की ई-फाइलिंग रसीद से हुई है। इसके अनुसार, ई-फाइलिंग दर्ज किया गया है। यह याचिका 17 अप्रैल को शाम 4 बजे मध्य प्रदेश शासन की ओर से दाखिल की गई। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में सकारात्मक आश्वासन दिया था। इसके तुरंत बाद सरकार द्वारा कानूनी प्रक्रिया पूरी करना यह संकेत देता है कि मामले को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। दूसरी ओर, अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संयोजक राकेश दुबे ने रिव्यू पिटीशन का स्वागत किया है, लेकिन इसे शिक्षकों की मूल मांगों से अलग बताया। उनका कहना है कि सरकार को अपना पक्ष रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन रिव्यू पिटीशन दाखिल होने के बावजूद शिक्षकों पर ळएळ परीक्षा का दबाव बनाना समझ से परे है।

### पवनखेड़ा की अग्रिम जमानत बढ़ाने की मांग खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि वे अपनी याचिका असम की अदालत में दाखिल करें। पवन खेड़ा की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी। उन्होंने कहा- असम की अदालतें बंद हैं, इसलिए उन्हें कुछ दिन का समय दिया जाए। क्या खेड़ा कोई अपराधी हूं, जो मुझे इतनी राहत भी नहीं मिल सकती? जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की बेंच ने यह मांग ठुकरा दी। कोर्ट ने उन्हें गलत डाक्यूमेंट देने के लिए फटकार भी लगाई। यह मामला असम सीएम हिमंता बिस्व सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा को लेकर दिए गए आरोपों से जुड़ा है। खेड़ा ने 5 अप्रैल को आरोप लगाया था कि उनके पास एक से ज्यादा पासपोर्ट और विदेश में संपत्तियां हैं, जिनका जिक्र चुनावी हलफनामे में नहीं किया गया।

### राहुल गांधी पर ब्रिटिश नागरिकता का आरोप

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को राहुल गांधी के खिलाफ ऋक्रफ दर्ज करने का आदेश दिया है। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने कहा, ऋक्रफ दर्ज करके मामले को उइक को ट्रांसफर किया जाए। उइक इसकी जांच करेगी। कोर्ट ने यह आदेश कर्नाटक भाजपा के कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर ब्रिटिश नागरिकता लेने का आरोप लगाया था। तब कोर्ट ने कहा था- ह्यमामले में हाईकोर्ट- सुप्रीम कोर्ट से अब तक कोई आदेश पारित नहीं हुआ है। याचिकाकर्ता की ओर से नागरिकता (सिटीजनशिप) के संबंध में कोई नया या ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को खारिज करते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट को लगाए गए आरोपों की सत्यता पर टिप्पणी करने की आवश्यकता नहीं थी।

### ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट खोला, कमर्शियल जहाज गुजर सकेंगे

**नई दिल्ली।** ईरान ने सीजफायर के दौरान होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खोल दिया है। विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने पर पोस्ट कर बताया कि सभी कमर्शियल जहाजों को गुजरने की इजाजत होगी। यह फैसला लेबनान में सीजफायर के बाद लिया गया है। उन्होंने बताया कि जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे, जिसे ईरान के पोर्ट्स और मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन ने पहले से तय कर रखा है, ताकि सफर के दौरान कोई खतरा न हो। अराघची ने कहा कि इस दौरान जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि समुद्री व्यापार प्रभावित न हो। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ईरान को शुक्रिया कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही होर्मजु स्ट्रेट खुल गया है लेकिन ईरान पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी और यह सिर्फ ईरान पर लागू होगी।

गेहूं में मिट्टी बताकर तुलाई से इनकार का आरोप

## दुपाड़ा खरीदी केंद्र पर किसानों का हंगामा, काम कराया बंद



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर**

गेहूं में धूल-मिट्टी का हवाला देकर उपज रिजेक्ट किए जाने से नाराज किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मूल्य पर हो रही तुलाई का काम भी बंद करवा दिया। विवाद इतना बढ़ा कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए राजस्व और खाद्य विभाग के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभालना पड़ा। शुक्रवार दोपहर अपनी उपज लेकर दुपाड़ा केंद्र पहुंचे किसानों का कहना था कि उनका गेहूं पूरी तरह साफ है, लेकिन केंद्र पर मौजूद सर्वेयर और अधिकारी जानबूझकर इसमें मिट्टी बताकर रिजेक्ट कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि तुलाई के इंतजार में करीब 8 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां केंद्र पर खड़ी हैं। उनका गुस्सा इस बात को लेकर भी था कि सुबह 11 बजे ही संबंधित अधिकारियों को समस्या बता दी गई थी, लेकिन घंटों तक कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा। किसानों ने वहां मौजूद कर्मचारियों पर पक्षपात करने का आरोप भी लगाया। किसानों के द्वारा हंगामा किए जाने की सूचना पर जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप शर्मा तुरंत मौके पर पहुंचे और किसानों से बात कर उनका गुस्सा शांत करने की कोशिश की।

### नॉन-एफएक्यू गेहूं से भुगतान अटकने का रहता है खतरा

जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप शर्मा ने किसानों को स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि कुछ ट्रॉलियों का गेहूं नॉन-एफएक्यू श्रेणी में आ रहा है, क्योंकि उसमें मिट्टी की मात्रा तय मापदंडों से ज्यादा है। यदि ऐसे गेहूं की तुलाई कर ली जाए, तो वेयरहाउस में इसके रिजेक्ट होने का खतरा रहता है। इससे सीधा असर किसानों के भुगतान पर पड़ेगा और उनके पैसे अटक सकते हैं। वहीं मोहन बड़ोदिया तहसीलदार दिव्या जैन ने बताया कि सर्वेयर द्वारा गुणवत्ता के आधार पर उपज रिजेक्ट किए जाने के बाद यह विवाद हुआ था। जांच के बाद नियमानुसार ही आगे की उचित कार्रवाई की जाएगी।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**बिजली विभाग (पॉवर)**
**ई–निविदा सूचना**

**संख्या : EL-2026-27-01, दिनांक : 15.04.2026.** मंडल रेल प्रबंधक (बिजली/पॉवर शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ''खुली निविदा'' ई–निविदा के माध्यम से वेब–साईट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है :
**ई टेंडरिंग संख्या :** EL-2026-27-01, **कार्य का नाम :** Ratlam Division - Ratlam - Electrical work in connection with augmentation and up gradation of Kurel Dam. Shimla Colony Pond and other water sources, **अनुमानित लागत :** ₹ 5752015.50, **बयाना राशि:** ₹ 115100.00, **निविदा खुलने की तिथि :** 05.05.2026. विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य शर्तें वेब–साईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। ADM/7/1/002

Follow us on: twitter.com/WesternRly

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी लखन यादव पिता श्री मांगीलालजी नि० ग्राम पंधेड़ तह० घटिया जिला उज्जैन के मालिकी, स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं0-176/11 रकबा 0.4000 हैक्टर भूमि ग्राम बिहारिया तह० घटिया जिला उज्जैन में स्थित है। मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी से उक्त वर्णित कृषि भूमि को कय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि भुगतान कर विकय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी रहा है। उक्त कृषि भूमि पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, 'बोझ, दान, विकय, बक्षीस, अनुबंध 1 आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विकय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विकय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो।
इति. दिनांकः-18.04.2026

**सौरभ झांग्यानी एडवोकेट**
**कार्यालय- डीएफ-10 प्रथम तल भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स हाउसिंग बोर्ड के सामने, उज्जैन म०प्र०**
**मोबाइल नं0-9893475352**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भुमि स्वामी हाकमसिंह पिता पन्नालाल व हीरालाल पिता नानुराम निवासीगण व कृषकगण ग्राम किशनपुरा पटवारी हल्का नम्बर...... तहसील घट्टिया जिला उज्जैन की स्वामित्व अधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे सर्वे क्रमांक 78/1/1 रकबा 0.85 हेक्टर में से रकबा 0.28 हेक्टेयर व भुमि सर्वे नम्बर 59 का रकबा 0.13 हैक्टेयर मे से रकबा 0.02 हेक्टेयर कुल किता 02 कुल रकबा 0.30 हेक्टर स्थित ग्राम-किशनपुरा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित होकर मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा कर किया गया है जिसकी बयाना राशि मेरे पक्षकार केता ने विकेता को अदा कर अपने नाग की सोदा चिटठी व अनुबंध पत्र तैयार करवा लिया है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसाइटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका विधिवत निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में विक्रय पत्र का सम्पादन करवा लिया जावेगा। बाद गुजरने अवधि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होकर शून्यवत होगी। सो सूचित हो।
दिनांकः 16/04/2026 स्थान-घट्टिया

**शादाब मंसूरी**
**सर्विस प्रोवाईडर एण्ड स्टाम्प वेन्डर**
**कार्यालय तहसील परिसर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मोबाइलः 8878601187-8770092900**

## गिल की फिफ्टी से गुजरात लगातार तीसरा मैच जीता



**एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद**

गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने रन चेज को एकतरफा कर दिया। उन्होंने 50 बॉल पर 86 रन की पारी खेली। वे साई सुदर्शन के साथ ओपन करने उतरे। दोनों ने 31 बॉल पर 57 रन की ओपनिंग साझेदारी की। गिल ने बटलर के साथ 38 और सुंदर के साथ 46 रन की साझेदारी की। गिल के अलावा, साई सुदर्शन ने 22, बटलर ने 25 और सुंदर ने 13 रन बनाए। वरुण चक्रवर्ती को 2 विकेट मिले।

अहमदाबाद में 181 रन का टारगेट गुजरात ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही कोलकाता 20 ओवर में 180 रन पर ऑलआउट हो गई। ऋळ की टीम तीसरी जीत के साथ पॉइंट्स टेबल के चौथे स्थान पर आ गई है। जबकि, डङफ सबसे निचले पायदान पर है। टीम को पहली जीत की तलाश है।

### 3 पॉइंट्स में पिच रिपोर्ट देखिए

नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच आमतौर पर बैटिंग-फ्रेंडली मानी जाती है, लेकिन यहां हर मैच में थोड़ा बदलाव भी देखने को मिलता है। इस मैदान की सतह पर अच्छी बाउंस और पेस मिलता है, जिससे बल्लेबाज आसानी से शॉट खेल पाते हैं। इस सीजन यहां एक मैच खेला गया है। 4 अप्रैल को खेले गए मैच में राजस्थान रॉयल्स ने 210 रन बनाए थे। जवाब में गुजरात 20 ओवर में 204 रन ही बना सकी थी। अहमदाबाद में बारिश की संभावना नहीं 17 अप्रैल को अहमदाबाद में मौसम काफी गर्म रहा। दिन का अधिकतम तापमान लगभग 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक रहा है। जबकि न्यूनतम तापमान 25झ्र26 डिग्री के आसपास रहा। पूरे दिन आसमान साफ और धूप तेज रहेगी, जिससे गर्मी और ज्यादा महसूस होगी। बारिश की कोई खास संभावना नहीं है। 12वें ओवर में कोलकाता ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। कैमरन ग्रीन ने राशिद खान के ओवर की आखिरी बॉल पर चौका लगाया और टीम स्कोर 100 पार पहुंचा दिया। राशिद के इस ओवर से 16 रन आए। ग्रीन ने एक छक्का भी लगाया।

### जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री रमांकांत पिता श्री रामदेव द्विवेदी, निवासी-104, आनंद भवन, गुदरी चौराहा, उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व व आधिपत्य का भूखण्ड कमांक 08 (कॉर्नर) स्थित 'कृष्णा विहार कॉलोनी', नानाखेडा, उज्जैन में है, जिसका कुल एरिया 100.00 वर्गमीटर का है। मेरे पक्षकार ने श्री रमांकांत पिता श्री रामदेव द्विवेदी से उनके स्वामित्व के उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को कय करने का लिखित अनुबंध किया है व बयाना राशि अदा कर दी है। अब केवल विकय मूल्य की बकाया राशि अदा कर रजिस्ट्री कराया जाना शेष रहा है। अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विकय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भवन का विधिवत विकय पत्र निष्पादित करवा लेंवेंगें व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो।
इति दिनांक 17-04-2026 स्थान उज्जैन

**अमित राठौर, सेवा प्रदाता,**
**उज्जैन दुकान नंबर -डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाइल-98933-18308, 7974195596**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखण्डस्वामी सचिन कुमार जैन पिता श्री बाबूलाल जी जैन निवासी 128, विक्रम होम्स कॉलोनी, उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 78 का दक्षिणी दिशा वाला भाग स्थित "मालविका धाम" कॉलोनी नानाखेड़ा, उज्जैन में है। जिसका कुल क्षेत्रफल 45.00 वर्गमीटर में स्थित है। जिसकी चर्तुःसीमा पूर्व दिशा में कालोनी की सडक पश्चिम दिशा में भूखण्ड क्रमांक 97, उत्तर दिशा में इसी भूखण्ड का शेष भाग, दक्षिण दिशा में संस्था की भूमि है, उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का लिखित सौदा कर लिया है, तथा आंशिकबयाना राशि अदा कर दी है। अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।
इति दिनांक 17-04-2026

**गौरव गौदावत (जैन) एडव्होकेट**
**दुकान नंबर -डीएफ-7 भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99260-68606**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी श्रीमतीं विध्या कुंवर पति श्री रघुराज सिंह निवासी किशनपुरा, घटिया, उज्जैन से उनके आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 123 रकबा 0.3100 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं0 128/1/2 रकबा 0.2800 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे न0 128/3/2 रकबा 0.1800 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं0 130 रकबा 0.3700 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं0 131/2 रकबा 1.2800 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं0 133/1/1 रकबा 0.1600 हेक्टर, कुल कित्ता 6 कुल रकबा 2.5800 हेक्टर स्थित ग्राम किशनपुरा तहसील घटिया व जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त कृषि भूमि को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि भूमि स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं। इस जाहिर सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
इति दिनाकः 17-04-2026 उज्जैन

**अभिषेक सिंह सिकरवार एडवोकेट**
**सिटी कार्यालय 15, कलालसेरी चौक, उज्जैन**
**कार्यालय - डी-3, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, उज्जैन**
**मो.नं.- 88277-65533, 70001-92470**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी दीपक कुमार पिता श्री विजय शंकर जायसवाल आयु 44 वर्ष, व्यवसाय व्यापार निवासी 22, गीता सदन अरिहंत धाम सेठी नगर उज्जैन म.प्र. से उनके स्वत्वाधिपत्य के भवन जो भूमि सर्वे नं 4147/3/1, रकबा 0.0350 हेक्टर में से रकबा 0.0161 हेक्टर (1740.00 वर्गफीट अर्थात 161.71 वर्गमीटर) जो कि कस्बा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन में लक्ष्मीनगर के समीप उज्जैन में स्थित हैं जो चार मंजिला बना है कुल निर्माण उसमें लगे मटेरियल फिटिंग फिक्कर्स नल बिजली कनेक्शन एवं हवाई हक सहित खाली हालत में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का लिखीत अनुबंध किया होकर बयाना राशि दे दी गई है और अनुबंध अनुसार नियत अवधि में मेरे पक्षकार को शेष राशि अदाकर मूल भवन स्वामी से विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना है। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्त्व हित्त या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः 17-04-2026 उज्जैन

**आशीष भदोरिया एडवोकेट उज्जैन**
**कार्यालय 2. द्रविड़ मार्ग कुशलपुरा, उज्?जैन कार्यालय सीएफ 5 भरतपुरी, उज्जैन**
**मो.बा. 9981260727**

### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने दिलीपकुमार जैन पिता स्व० श्री पुखराजजी जैन निवासी 179 तिलकमार्ग दौलतगंज उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का मकान नगर पालिक निगम क्रमांक 30 क्षीरसागर कालोनी, द्रविड मार्ग, उज्जैन जो एक मंजिला गार्डर फर्शी का बना हुआ है जिसका कुल क्षेत्रफल 260.22 वर्गमीटर का है, जिसकी चर्तुःसीमा पूर्व में-गली। पश्चिम में- द्रविड मार्ग। उत्तर में-बी०के० मेहता का मकान, दक्षिण में-लालचन्द्र माहेश्वरी का मकान तथा पेमाईश लंबाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 70 फीट अथवा 21.33 मीटर व चौडाई- उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 40 फीट अथवा 12.20 मीटर उक्त मकान को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। उपरोक्त वर्णित मकान पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार, हिस्सा, हक, हो अथवा मकान कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या उपरोक्त मकान के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 17/4/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, स्नेह दीप, खाराकुंआ उज्जैन**
**मोबा० नं0 94250-91124, 8959999299**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा लक्ष्मीनारायण पिता मुलचंदजी जाति लोढा निवासी ग्राम बरगाडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म. प्र.)के नाम से स्थित उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य के राजस्व अभिलेख पटवारी हल्का ग्राम बरगाड़ी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे नंबर 156/1 रकबा 0.60 हे. व भुमि सर्वे नं. 156/2/1/1 रकबा 0.11 हे0 कुल किता दो कुल रकबा 0.71 हे0 भूमि को क्रय करने का सौदा लक्ष्मीनारायण पिता मुलचंदजी जाति लोढा निवासी ग्राम बरगाडी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन तथा लोकेश चौधरी पिता कमलसिंह जाति गा री निवासी हातोद जिला इंदौर से कर सौदे पेटे समक्ष गवाहन बयाना राशि अदा कर मेरे पक्षकार के पक्ष में सौदा चिट्ठी निष्पादित की गई है,शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का निष्पादन होना शेष हैं यदि उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध मे किसी भी व्यक्ति, बैंक शासकीय अर्धशासकीय संस्था,विभाग, वित्तीय कार्यालय आदि का कोई भी ऋण भार, हित, स्वत्व, आधिपत्य आदि हो या उक्त संव्यवहार के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में उक्त भूमि से संबंधित समस्त असल दस्तावेज लेकर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकर उक्त भूमि का विक्रय अनुबंध व विक्रय पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करवा लेगा जिसमे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवम मेरे पक्षकार पर किसी भी रूप में बंधनकारी नही होकर शून्य मानी जावेगी। सूचित हो पाबंदी करे। इति दिनाकः 17/04/2026

**आशीष आचार्य सर्विस प्रोवाईडर डी-16 नागेश्वर धाम कालोनी बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र.**
**मोबाइल नम्बर 9826726075,8982653400**

## नगर परिषद नयागांव ने चलाया रात्रिकालिन विशेष सफाई अभियान

**नीमच।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह राठौर एवं नगर परिषद नयागांव अध्यक्ष मुकेश जी जाट के आदेशानुसार विशेष रात्रिकालीन स्वच्छता अभियान में मंगलवार 13 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से विशेष रात्रिकालीन सफाई अभियान के तहत व्यावसायिक क्षेत्र तथा जावद रोड क्षेत्र की सफाई, सफाई कर्मचारियों के द्वारा की गई। आमतौर पर छोटे नगर पंचायत व निकायों में नागरिकों द्वारा स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जाता हैलल लेकिन यहां नगर पंचायत द्वारा मुख्य हाइवे पर स्थित नयागांव नगर की मुख्य सड़कों को विशेष अभियान से रात्रि कालीन सफाई कार्य किया गया जो सराहनी कम है ।

## पहलवान यश ने रजत व हर्षित ने कांस्य पदक जीता

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश के सागर में आयोजित हुई अंडर-17 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में अपने-अपने वजन समूह में यश पिता श्याम ग्वाला रजत पदक एवं हर्षित पिता कन्हैयालाल ग्वाला ने कांस्य पदक जीतकर मंदसौर का नाम गौरवान्वित किया हैं। दोनों पहलवान जिला, संभाग स्तर एवं ओपन प्रतियोगिताओं में भी कई बार मंदसौर का नाम गौरवान्वित कर चुके हैं। यश पहलवान ने अपने वजन समूह में पहले खंडवा और फिर ग्वालियर के पहलवान को पटखनी देकर फाइनल में स्थान बनाया। यश ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीता। वहीं हर्षित पहलवान ने अपने वजन समूह में कुश्तियां जीतकर सेमीफाइनल तक का सफर तय कर कास्य पदक जीता। दोनों पहलवान मंदसौर के नृसिंह घाट रेसलिंग सेंटर पर कुश्ती कोच रवि अहीर के मार्गदर्शन में लंबे समय से कुश्ती के दांव-पेंच सीख रहे हैं।

## कलेक्टर ने स्व-गणना पोर्टल पर स्वयं भरा जनगणना फॉर्म

**नीमच।** जिला कलेक्टर नीमच एवं जिला जनगणना प्रमुख श्री हिमांशु चंद्रा ने नागरिकों को डिजिटल माध्यम से जनगणना प्रक्रिया में भागीदारी हेतु प्रेरित करते हुए गुरुवार को स्वयं जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपना फॉर्म भरकर सराहनीय पहल की है। कलेक्टर श्री चंद्रा ने जिलेवासियों को संदेश दिया कि प्रत्येक नागरिक अपने घर बैठे आसानी से "स्व-गणना" सुविधा का लाभ उठा सकता है। उन्होंने कहा कि स्व-गणना पोर्टल पर जाकर कुछ ही मिनटों में परिवार की संपूर्ण जानकारी दर्ज की जा सकती है, जिससे गणना प्रक्रिया तीव्र, सटीक एवं सुगम होगी। कलेक्टर ने बताया कि स्व-गणना करने वाले परिवारों के यहां जनगणना प्रगणक केवल डेटा सत्यापन हेतु आएंगे। उन्होंने सभी शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वयं भी स्व-गणना करें तथा लोगों को इसके लिए प्रेरित करें।

## एकीकृत शा. बा. उ. मा.वि. का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा

**पिपलिया मंडी।** एकीकृत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट एवं सराहनीय रहा। माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश द्वारा घोषित 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं 72 प्रतिशत परिणाम कक्षा 12वीं 85 प्रतिशत परिणाम रहा।कक्षा 10 वीं में छात्र गौरव देवड़ा ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 12 वीं में छात्र महिपाल सिंह ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। एक छात्र ने स्कूटी एवं 10 छात्रों ने लैपटॉप के लिए पात्रता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हेल्थ केयर एवं रिटेल विषयों में 100 प्रतिशत परिणाम रहा।

## ठेकेदार की लापरवाही से जनता परेशान

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच के वार्ड क्रमांक 9 ग्वालटोली के पार्षद हरगोविंद दीवान ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि शहर के मध्य से होकर गुजर रहे महू- नसीराबाद हाईवे रोड पर भाटखेड़ा से लेकर डुंगलावदा तक सिटी फोर लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इस मार्ग के निर्माण में संबंधित ठेकेदार द्वारा सभी निर्धारित नियम कानून को बलाय ताक में रखकर भारी लापरवाही के साथ निर्माण कार्य किया जा रहा है।

# विकृत जिहादी मानसिकता देश के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का षड़यंत्र

### बजरंग दल ने ज्ञापन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



देश में बढ़ती असामाजिक गतिविधियों और आंतरिक सुरक्षा के खतरों को लेकर बजरंग दल के कार्यकताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार ऋषभ ठाकुर को सौंपा। इस ज्ञापन में दल ने लव जिहाद, लैंड जिहाद और सुनियोजित षड्यंत्रों के विरुद्ध कड़े केंद्रीय कानून बनाने और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है।

ज्ञापन में कार्यकताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में एक विकृत जिहादी मानसिकता देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रही है। बजरंग दल के अनुसार, अब इन गतिविधियों में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की संलिप्तता भी बढ़ रही है, जो राष्ट्र की सुरक्षा और सद्भाव के लिए एक गंभीर चुनौती है।

ज्ञापन में दल ने नासिक (ज्ञष्टर) जैसे प्रतिष्ठित व्यावसायिक क्षेत्रों का उदाहरण देते हुए कहा कि अब शिक्षित समाज भी इस जाल की गिरफ्त में है। उत्तर प्रदेश के जमालुद्दीन और उसकी सहयोगी नसरीन का उल्लेख करते हुए बताया गया कि कैसे हिंदू कन्याओं को ब्लैकमेल कर जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। दिल्ली लाल किला ब्लास्ट मामले में अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े मुस्लिम डॉक्टरों और महिला डॉक्टर शाहीन की संलिप्तता पर सवाल उठाए गए। सरकारी, वन विभाग और रेलवे की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सीधा खतरा बताया गया। समाज में वैमनस्य फैलाने के उद्देश्य से खाद्य पदार्थों के साथ की जा रही अशुद्ध हरकतों पर अंकुश लगाने की मांग की गई। आरोप लगाया गया कि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में अल्पसंख्यक हिंदू और जनजातीय परिवारों की बालिकाओं का शोषण कर उन्हें पलायन के लिए विवश किया जा रहा है।

**प्रमुख मांगें**

बजरंग दल ने प्रशासन और सरकार के समक्ष राष्ट्र विरोधी मानसिकता रखने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन पर तुरंत एक्शन लिया जाए। सार्वजनिक और सरकारी भूमि पर किए गए सभी अतिक्रमण तत्काल हटाए जाएं। लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए पूरे देश में एक सख्त केंद्रीय कानून लागू हो। जनजातीय क्षेत्रों में शोषण रोकने हेतु एक विशेष सुरक्षा तंत्र विकसित किया जाए। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संगठन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए प्रतिबद्ध ह।

# विहिप बजरंग दल ने जिहादी षड्यंत्रों पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

### राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



देश में बढ़ती विकृत जिहादी मानसिकता, लव जिहाद, अवैध भूमि जिहाद और सुनियोजित राष्ट्रविरोधी षड्यंत्रों के विरुद्ध विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने शुक्रवार को स्थानीय गांधी चौराहा पर विशाल विरोध प्रदर्शन व सभा के पश्चात महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक विस्तृत ज्ञापन तहसीलदार मन्दसौर को सौंपा गया।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता विहिप बजरंग दल मातृशक्ति प्रांत संयोजिका श्रीमती आरती जायसवाल ने कहा कि देश में ऐसी घटनाएं निरंतर बढ़ रही हैं, जिसके कारण हिंदू समाज और संगठनों को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने अमरावती, पुणे व मनासा की घटनाओं का जिक्र करते हुए आगाह किया कि जब तक हिंदू समाज पूरी तरह जागृत नहीं होगा, तब तक लव जिहाद, भूमि जिहाद और थूक जिहाद जैसे षड्यंत्र नहीं रुकेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि बहन-बेटियों की रक्षा के लिए बजरंग दल की शक्ति को गांव-गांव तक बढ़ाना अनिवार्य है। विशिष्ट वक्ता बजरंग दल के विभाग संयोजक खुमान सिंह ने कहा कि नारी के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए बजरंग दल सदैव मैदान में है और जिहादियों को उनके नापाक मंसूबों में कभी सफल नहीं होने दिया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने आंतरिक सुरक्षा पर बल देते हुए कहा कि हमें अपने भीतर छिपे दुश्मनों को पहचानना होगा, वहीं वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र धनोतिया ने कहा कि वर्तमान समय की मांग है कि परिवार और समाज की सुरक्षा हेतु प्रत्येक नागरिक बजरंग दल जैसे संगठनों को अपना पूर्ण समर्थन दे। सभा को जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी और जिला संयोजक अनिल धनगर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मंच संचालन जिला संयोजक अनिल धनगर ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला सह-संयोजक यशवंत पाटीदार द्वारा व्यक्त किया गया। प्रदर्शन में सत्यनारायण राठौर, जिलाध्यक्ष डॉ. प्रवीण मंडलोई, नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा, हरीश टेलर आदि उपस्थित थे।

# नगर परिषद पिपलिया मंडी को भोपाल में शहरी सुधार कार्यशाला में सम्मानित किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ पिपलियामंडी



यह नगर परिषद पिपलिया मंडी के लिए निश्चित रूप से एक गर्व का क्षण है! भोपाल में आयोजित शहरी सुधार कार्यशाला में कमिश्नर साहब संकेत भोंडवे जी द्वारा सम्मानित होना परिषद के बेहतर प्रबंधन और विकास कार्यों की पुष्टि करता है। यहाँ इस उपलब्धि का एक संक्षिप्त विवरण दिया गया है जिसे आप सोशल मीडिया या स्थानीय समाचार के लिए उपयोग कर सकते हैं:

**नगर परिषद पिपलिया मंडी का गौरवशाली क्षण**

भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय 'शहरी सुधार कार्यशाला' में नगर परिषद पिपलिया मंडी ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। परिषद द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य अमृत उद्यान और प्रभावी कार्यप्रणाली के आधार पर उन्हें विशेष सम्मान से नवाजा गया।

**मुख्य आकर्षण:**

सम्मान समारोह: माननीय कमिश्नर साहब द्वारा नगर परिषद की टीम को प्रशस्ति पत्र और सम्मान प्रदान किया गया। प्रभावी प्रस्तुति: कार्यशाला के दौरान पिपलिया मंडी परिषद द्वारा शहर के विकास, स्वच्छता और प्रशासनिक सुधारों पर एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित अधिकारियों ने खूब सराहा।"यह उपलब्धि केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि भविष्य में पिपलिया मंडी को और अधिक आधुनिक और सुविधासंपन्न बनाने की प्रेरणा है।"उक्त कार्यक्रम भोपाल में स्थित सुंदरलाल पटवा इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन मैनेजमेंट में आयोजित किया गया था 7 में आयोजित इस कार्यशाला में देशभर से आए विभिन्न निकायों ने अपनी योजनाओं का प्रदर्शन किया। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, पूरे मध्य प्रदेश से केवल 5 नगर परिषदों को अपना प्रेजेंटेशन देने के लिए चुना गया था, जिनमें पिपलिया मंडी भी शामिल रही।जिसमें नगर परिषद ष्टरूह श्री प्रवीण सेन , उपयंत्री श्री राजेश उपाध्याय एवं आदिल खान मौजूद रहे।

विशेष प्रस्तुतिः परिषद ने शहरी सुधार की अपनी योजनाओं को कमिश्नर साहब और अन्य अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया।

सम्मानः उत्कृष्ट प्रस्तुति और कार्यप्रणाली के लिए कमिश्नर साहब द्वारा परिषद को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि पिपलिया मंडी ने प्रदेश की उन चुनिंदा 5 परिषदों में अपनी जगह बनाई जिन्हें यह मंच और सम्मान मिला। नगर परिषद की पूरी टीम को हार्दिक बधाई!

## साध्वी उपेन्द्रयशा श्रीजी का मंगल प्रवेश, कल होगा शिला पूजन



**मन्दसौर।** अभिनंदन क्षेत्र स्थित आनंद विहार कॉलोनी में श्री वासुपूज्य स्वामी भगवान के नवीन जिनालय निर्माण की प्रक्रिया उत्साह के साथ प्रारंभ हो गई है। आचार्य श्री निपूर्ण रत्न सुरिश्वर जी महाराज की प्रेरणा से बनने वाले इस मंदिर के शिला पूजन समारोह हेतु साध्वी श्री उपेन्द्रयशा श्रीजी महाराज साहब आदि ठाना ४ का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। संजीत रोड स्थित पंकज फर्नीचर से गाजे-बाजे के साथ प्रारंभ हुए चल समारोह ने पूरे क्षेत्र को धर्ममय बना दिया। गुरुवर्या के आगमन पर जिनालय की निर्माण भूमि पर मंगल प्रवचन एवं मांगलिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आध्यात्मिक उत्सव के दौरान शिला पूजन के मुख्य लाभार्थी फतेहलाल बाबूलाल बालावत परिवार के सुनील जैन एवं अनिल जैन सहित वासुपूज्य ट्रस्ट मंडल के दिलीप डांगी, मनोज जैन, छोटेलाल जैन और पारस जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सह-लाभार्थी आशीष गुंदेचा, प्रीतम, विक्रम पचौरी, दिलीप जैन तथा श्री संघ के सदस्य आयुष जैन, संजय धूम, पवन मोगरा और पंकज मोगरा ने सक्रिय भूमिका निभाई। अब समाज जन 19 अप्रैल, रविवार को होने वाले ऐतिहासिक शिला पूजन समारोह की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# टॉप 10 में शामिल हुई अनवी त्रिवेदी, 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त



**रतलाम।** मॉर्निंग स्टार हाई स्कूल की मेधावी छात्रा अनवी त्रिवेदी (कुहू) ने सीबीएसई की कक्षा 10वीं परीक्षा में 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉप-10 सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।अनवी ने अपनी इस सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मनिर्भरता को दिया। उन्होंने नियमित अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ यह उपलब्धि हासिल की। अनवी त्रिवेदी, रतलाम के वरिष्ठ पत्रकार ओम त्रिवेदी की पोती तथा डॉ. आनंद त्रिवेदी की सुपुत्री हैं। उनकी इस सफलता पर परिवार, विद्यालय स्टाफ एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बड़े बालाजी मंदिर में आज सजेगी काव्य धारा, दिग्गज कवि जुटाएंगे महफिल



**मन्दसौर।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में पुराना बस स्टैंड स्थित चमत्कारी श्री बड़े बालाजी मंदिर परिसर में आज 18 अप्रैल, शनिवार को भव्य अ.भा. कवि सम्मेलन एवं समाज रत्न स्व. श्री रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण समारोह का आयोजन होने जा रहा है। रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होने वाले इस गौरवमयी आयोजन में देशभर के प्रतिष्ठित कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा ने बताया कि इस वर्ष का प्रतिष्ठित च्काव्य अलंकरण सम्मानज् देवास के विख्यात कवि शशिकांत यादव को प्रदान किया जाएगा, जो इस कवि सम्मेलन का संचालन भी करेंगे। मंच पर हास्य और व्यंग्य की फुहारें छोड़ने के लिए इंदौर के रोहित झन्नाट, मांडव के धीरज शर्मा और मावली के मनोज गुर्जर उपस्थित रहेंगे। वहीं जयपुर के कवि अशोक चारण अपनी ओजपूर्ण वाणी से वीर रस का संचार करेंगे। श्रृंगार रस की सुकोमल भावनाओं को मेरठ की कवयित्री शुभम त्यागी और उज्जैन की प्रिया खुशबू स्वर देंगी। राजस्थानी लोक संस्कृति की झलक कोटा के गीतकार बाबू बंजारा और शुजालपुर के सचिन साकेत के गीतों में देखने को मिलेगी, जबकि कवि मुन्ना बेट्री पूरे आयोजन के सूत्रधार होंगे।

## गर्मी से बचाव के लिए एडवाइजरी

**रतलाम।** वर्तमान में तापमान में बढ़ोतरी परिलक्षित होने के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने गर्मी से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। डॉ. बेलसरे ने बताया कि अत्यधिक गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पिए, भले ही आपको प्यास न लगी हो। यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ रखें। ओआरएस का उपयोग करें और अपने घर के बने पेय जैसे नींबू पानी, छाछ, लस्सी आदि का सेवन करें।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

IREPS Tender No. : M-661704-AMC-QWS-COR-2026. भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए वरि. मंडल यांत्रिकी इंजीनियर (कै.वै.)/रतलाम, रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य/कार्यों के लिए खुली IREPS निविदायें (Open tender, Single Packet system) आमंत्रित की जाती है। यदि किसी कारणवश निविदा खुलने की नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो संबंधित निविदायें अवकाश के अगले कार्य दिवस में नियत समय पर खोली जायेगी।

**कार्य का नाम एवं स्थान :** चित्तौडगढ़ (सीओआर) रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर कोचों में पानी की आपूर्ति के लिए उच्च दबाव बूस्टर सिस्टम का वार्षिक रखरखाव अनुबंध।, **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 39,78,493.14/- सभी टैक्स एवं GST सम्मेत ।, **बयाना राशि :** ₹ 79,600/-, **समापन अवधि :** 730 दिन एलओए जारी होने की तारीख से, **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी :** कार्यालय वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी इंजीनियर (कै.वै.) रतलाम मंडल (प.रे.), **निविदा फार्म जमा करने का निविदा खुलने का समय : बंद होने का समय :** 15:00 hrs. on 04.05.2026, **खुलने का समय :** 15:30 hrs. on 04.05.2026, **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** निविदाऐं IREPS की वेबसाईट ireps.gov.in पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध में कोई भी जानकारी कार्यालय वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी इंजीनियर (कै.वै.) रतलाम मंडल (प.रे.) से सभी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

ADM/3/1/001

Follow us on: twitter.com/WesternRly

**कार्यालय नगर परिषद आलोट, जिला रतलाम (म.प्र.)**

क्रमांक/1185/2026 आलोट, दिनांक 15.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि निकाय द्वारा दर्शाये अनुसार निर्माण का कार्य करवाये जाने हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 2026_UAD_500644_1 | Construction of community shed/Dome on government land near Shankar Temple Vikramgarh in Ward 15 | 01 माह<br>45.58 लाख | 5000<br>34190 | 18.05.2026 |


01- निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की आरंभ दिनांक 16.04.2026(प्रातः 11.30 बजे से)
02- निविदा क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 18.05.2026(शाम 17.30 बजे तक)
03- निविदा ओपन करने की दिनांक 20.05.2026 (दोपहर 12.30 बजे)

**नोट-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**शर्ते-** 1. दरें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर परिषद के सक्षम अधिकारी को होगा।
2. कार्य में कमी वृद्धि की जा सकती है।
3- कार्य की जीएसटी अलग से दी जावेगी।

**अध्यक्ष, नगर परिषद आलोट** — **उपाध्यक्ष, नगर परिषद आलोट** — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद आलोट**

## न्यूज कालम



## कंटेनर और बोलेरो वाहन की भिड़ंत भाटखेड़ा फंटा पर दो घायल

**नीमच।** शहर के भाटखेड़ा फंटा हाईवे पर शुक्रवार दोपहर लगभग 1.30 बजे एक बोलोरो और कंटेनर की भीषण भिड़ंत हो गई। जिसमें एक कंटेनर ट्रक के अंदर काले कलर की बोलेरो वाहन का आगे का हिस्सा उसके ड्राइवर साइड के नीचे के हिस्से में फस गया। इस दुर्घटना में 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उनके राजी राव व ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया जहां शासकीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात उनको अन्यत्र निजी अस्पताल मे रेफर किया। इस दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के नाम कारूलाल पिता भंवरलाल उम्र 39 वर्ष जाति कारपेंटर निवासी चंदू थाना जीरन एवं मंगलदास पिता सालिगराम उम्र 38 वर्ष जाति बैरागी निवासी मनासा जिला नीमच बताया जा रहा है। उक्त घायलों का इलाज अभी जारी है, उक्त दुर्घटना के मामले में नीमच सिटी पुलिस का जांच अनुसंधान जारी है। आए दिन हाईवे और बाईपास पर हो रही दुर्घटनाओं से कोई सबक लेने को तैयार नहीं है ।

## कार ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, हादसे में महिला की मौत

**मन्दसौर।** शामगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसे में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो मासूम बच्चों सहित एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बर्डियापूना गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आए भानपुरा निवासी प्रेमबाई और उनका पोता दिलखुश घर लौटने के लिए निकले थे। उन्हें मोटरसाइकिल पर छोड़ने जा रहे पूरालाल और उनके पोते दिलीप को गांव से मात्र एक किलोमीटर दूर ही एक तेज रफ्तार हुंडई वेन्यू कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि 42 वर्षीय प्रेमबाई की मौके पर ही मौत हो गई। घायल पूरालाल, 5 वर्षीय दिलीप और 8 वर्षीय दिलखुश को तत्काल शामगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय मंदसौर रेफर कर दिया गया है। शामगढ़ पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार क्र. एमपी 44 जेडई 6999 को जब्त कर लिया है और कार चालक को हिरासत में लेकर कानूनी जांच शुरू कर दी है। घायलों का उपचार जारी है और उनकी स्थिति पर डॉक्टरों द्वारा निगरानी रखी जा रही है।

## खुले बोरवेल और बिना मुंडेर को लेकर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये

**मन्दसौर।** जिले में बोरवेल और खुले कुओं के कारण होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने अब कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी बंद पड़े बोरवेलों को कंक्रीट या मजबूत धातु के ढक्कनों से तत्काल सील किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि सुरक्षा मानकों में लापरवाही बरतने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं के विरुद्ध सीधे एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए प्रशासन ने निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में स्थित बिना मुंडेर वाले कुओं, बावड़ियों और रास्तों के किनारे स्थित जल स्त्रोतों को लोहे की मजबूत जाली से ढंकने को अनिवार्य कर दिया है। मुंडेर की ऊंचाई इतनी रखने के निर्देश दिए गए हैं जिससे कोई बच्चा या पशु उसमें न गिर सके। प्रशासन ने आमजन से भी सहयोग की अपील की है कि वे अपने आसपास खुले बोरवेल की सूचना तुरंत अधिकारियों को दें ताकि समय रहते दुर्घटनाओं को टाला जा सके। इन स्थलों की नियमित मॉनिटरिंग के लिए विशेष दल भी गठित किए जाएंगे जो सुरक्षा मानकों की जांच करेंगे।

## जब सपनों को मिलती है मेहनत की उड़ान, तब बनता है इतिहास




**पिपलिया मंडी।** कबीर इंटरनेशनल स्कूल ने रचा सफलता का स्वर्णिम अध्याय 15 अप्रैल को घोषित हुए सीबीएसई कक्षा 10 के परिणामों में कबीर इंटरनेशनल स्कूल ने 100 प्रतिशत परिणाम हासिल कर एक शानदार मिसाल पेश की। यह उपलब्धि न केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षा और मार्गदर्शन का भी प्रतीक है। इस वर्ष के टॉप ३ होनहार विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत से सबका दिल जीत लियाः परिणाम घोषित होते ही स्कूल में खुशी का माहौल छा गया। डायरेक्टर डॉ. कमलेश जी पमनानी, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती कोमल जी परमार, प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और सभी शिक्षकों ने छात्रों का भव्य स्वागत किया। मालाएं पहनाकर उनका सम्मान किया गया और पूरे विद्यालय में जश्न का वातावरण देखने को मिला।इस खास मौके पर डायरेक्टर सर ने गर्व व्यक्त करते हुए एक प्रेरणादायक घोषणा की।

## चन्द्रवंशी ग्वाला समाज का 18 को 19 को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

**नीमच।** श्री चन्द्रवंशी ग्वाला-गवली समाज, ग्वालटोली द्वारा समाज का 8 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं गंगा पूजन समारोह का आयोजन 18 व 19 अप्रैल को श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर, ग्वालटोली पर किया जाएगा, जिसकी तैयारियां आयोजन समिति के द्वारा समाजजन के सहयोग से पूर्ण की जा चुकी हैं। आयोजन स्थल श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। आज व कल आयोजित होने वाले इस भव्य आयोजन में हजारो की संख्या में ग्वाला समाजजन शामिल होंगे। ग्वाला समाज, ग्वालटोली के पंच धन्नालाल पटेल, रामप्रसाद चौधरी, राजू पटेल, श्यामलाल दीवान ने बताया कि आयोजित होने वाले इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में एक तुलसी विवाह एवं समाज के 26 विवाह योग्य जोड़ो को परिणय-सूत्र में बांधा जाएगा। श्री राधा कृष्ण मंदिर पर आज 18 अप्रैल को सामूहिक गंगा पूजन (गंगभोज) समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रातः 8 बजे से नवनिर्मित हाल में श्री सत्यनारायण भगवान की कथा एवं हवन, प्रातः 8 से दोपहर 3 बजे तक पिण्डदान के कार्यक्रम अपने-अपने निवास स्थान पर आयोजित होंगे। शाम 4 बजे से गंगायात्रा श्री गणेश मंदिर से निकलेगी।



## भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर ब्राह्मण समाज में चल रही जोरदार तैयारियां

**ब्यावरा।** आगामी 19 अप्रैल को ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर शहर में तैयारियां जोरों पर हैं। ब्राह्मण समाज द्वारा इस बार जन्मोत्सव को भव्य और आकर्षक रूप देने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।, जिससे हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। जन्मोत्सव के आयोजन को लेकर स्थानीय परशुराम मंदिर पर मंगलवार देर रात ब्राह्मण समाज अध्यक्ष बीके शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के वरिष्ठजन, युवा और विभिन्न समितियों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, शोभायात्रा, पूजन-अर्चन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं, ताकि आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सके। ब्राह्मण समाज के कार्यकारी अध्यक्ष गिरिराज शर्मा बालाजी ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव को विशेष उत्साह के साथ मनाया जाएगा। आयोजन के तहत भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे और धर्मध्वज के साथ श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके अलावा धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और प्रसादी वितरण भी किया जाएगा। ब्राह्मण समाज के लोगों में जन्मोत्सव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। सभी लोग अपने-अपने स्तर पर आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं, जिससे पूरे शहर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बनेगा। 19 अप्रैल को मनाए जाने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर ब्राह्मण समाज द्वारा तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। समाज के अध्यक्ष गिरिराज शर्मा बालाजी ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण सांदीपनी विद्यालय में प्रारंभ



**खाचरोद।** नगर के सांदीपनी विद्यालय में शासन के निदेर्शानुसार जनगणना प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जनगणना के सभी बिंदुओं को विस्तारपूर्वक शिक्षकों को बताया गया। ट्रेनर विक्रम मकवाना द्वारा बताया गया कि सभी शिक्षकों को जनगणना के कार्य के लिए प्रशिक्षण तीन दिवस के लिए रखा गया।जिसमें प्रशिक्षक नवीन नामदेव द्वारा सभी बिंदुओं को कैसे गणना करना आदि बताया जा रहा है।

## नगर परिषद ने नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंर्तगत किया सम्मेलन का आयोजन




**सुसनेर।** शासन के निदेर्शानुसार नगर परिषद सुसनेर द्वारा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अभियान अंतर्गत मैना रोड स्थित मांगलिक भवन में नारी शक्ति सम्मेलन आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ सौरभ जैन, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी , सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, पार्षद मीना पवन शर्मा, स्नेहा युगल किशोर परमार, पार्षद प्रतिनिधि अर्जुन जादमे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने अपने द्वारा किए गए नगर हितेषी विकासकार्यों को महिलाओ के समक्ष प्रस्तुत किए साथ सभी माहिलाओ से नगर की स्वच्छता एवं विकास हेतु सहयोग की अपील की। मंडल अध्यक्ष डाक्टर सौरभ जैन ने महिलाओं सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही शासन की योजनाओ को बताया। कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, पार्षद मीना शर्मा, स्नेहा परमार ने भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर महिलाओं को संबोधित किया। अंत में सभी महिलाओं ने नगर को स्वच्छ रखने की शपथ भी ली।इस अवसर पर पर कार्यक्रम की नोडल अधिकारी सामुदायिक संगठीका शहजादी खान, शाहिद खान, जगदीश जोशी , अक्षय गुहाटिया, शकील खान रियाज खान सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं अधिक संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का संचालन सामुदायिक संगठक जगदीश परमार ने किया एवं आभार सीएमओ ओपी नागर ने माना। चत्र:-

## सनातन यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर हुआ भव्य स्वागत



**तनोडिया।** भारतीय सनातन परिषद के संभागीय अध्यक्ष महावीर नाथ के नेतृत्व में एवं आगर जिला अध्यक्ष सतपाल सिंह चुंडावत द्वारा आयोजित सनातन यात्रा का बुधवार शाम को नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। सबसे पहले नगर सीमा तनोडिया में होती हुई यह यात्रा प्रारंभ हुई जो विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार सजाए गए थे। इस दौरान बडी संख्या में लोग शामिल होकर जगह-जगह मंच लगाकर स्वागत किया। उनके साथ कांशीराम पाटीदार,योगेन्द्र सिंह बंटी बना,विजय महाराज, प्रहलाद सिंह चौहान, साथ चल रहे थे। आगर के लिए रवाना हुई।

शाजापुर में शादी से पहले हाई-वोल्टेज ड्रामा

# पुराने मंगेतर ने नए दूल्हे की प्याज की फसल रौंदी, मांगी सोने-चांदी की रंगदारी

### दुल्हन भी पहुंची एसपी ऑफिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले में एक शादी से ठीक पहले हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां 27 अप्रैल को होने वाले विवाह में पुराने मंगेतर ने खलनायक की तरह एंट्री मारी है। सनक का आलम यह है कि आरोपी ने न सिर्फ नए दूल्हे के खेत में घुसकर प्याज की फसल तहस-नहस कर दी, बल्कि शादी तोड़ने के एवज में सोने-चांदी और भारी नकदी की रंगदारी भी मांग ली। दूसरी ओर, इस पूरे विवाद के बीच पीड़ित दुल्हन ने भी पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचकर अपने ही परिजनों (चाचा-चाची) पर संपत्ति हड़पने और जबरन शादी का दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

लालघाटी थाना पुलिस के अनुसार, पिपलिया गुर्जर निवासी 23 वर्षीय मनीष पिता ईश्वरसिंह गुर्जर की शादी 27 अप्रैल को तय हुई है। मनीष ने थाने में दर्ज अपनी शिकायत में बताया कि 13 अप्रैल की सुबह करीब 4 बजे जब वह अपने पिता के साथ खेत में पानी दे रहा था, तभी मालीखेड़ी

### खेत में दी धमकी, मांग पूरी नहीं की तो घर में आग लगा दूंगा



निवासी रविंद्र पिता ओमप्रकाश गुर्जर वहां आ धमका। रविंद्र ने दावा किया कि जिस युवती से मनीष की शादी हो रही है, उससे उसकी सगाई पहले ही हो चुकी थी। भड़के रविंद्र ने खेत में लगी प्याज की फसल बर्बाद कर दी और मनीष पर शादी तोड़ने का दबाव बनाया। इसके एवज में उसने तीन तोला सोने का हार, डेढ़ किलो चांदी और 50 हजार रुपए नकद की मांग की। मांग पूरी न होने पर उसने घर जलाने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी है। पुलिस ने बुधवार रात आरोपी रविंद्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 10 लाख और 20 बीघा जमीन हड़पी

इसी बीच, मनीष की होने वाली दुल्हन भी न्याय की गुहार लेकर शाजापुर एसपी कार्यालय पहुंच गई। अवंतीपुर बड़ोदिया थाना क्षेत्र निवासी इस युवती ने एक अलग ही दर्दनाक कहानी बयां की। युवती ने बताया कि 2015 में मां और 2017 में पिता के निधन के बाद उसके चाचा-चाची (काका-काकी) ने उसे अपने पास रखा था। उसका आरोप है कि बचपन में ही उसकी सगाई चाची के भांजे (रविंद्र) से कर दी गई थी और इस दौरान जेवर भी लिए गए थे। युवती का गंभीर आरोप है कि उसके परिजनों ने पिता के एक्सीडेंट क्लेम के 10 लाख रुपए, 18-20 बीघा जमीन, मकान और सारे जेवरात हड़प लिए हैं।

### पहले से शादीशुदा है आरोपी

युवती ने बताया कि अब उस पर उसी रविंद्र से जबरन शादी करने का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि रविंद्र पहले ही दूसरी शादी कर चुका है। जब उसने इस बेमेल रिश्ते और संपत्ति हड़पने का विरोध किया, तो उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और उसे घर से बाहर निकाल दिया गया। युवती ने एसपी से आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने और अपनी पैतृक संपत्ति वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस फिलहाल लालघाटी और अवंतीपुर बड़ोदिया, दोनों ही मामलों से जुड़े पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है।

बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में

## बाबा साहब और फूले जी की जयंती मनाई विधायक जैन ने 30 लाख की घोषणा की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर




बाबा साहब की जयंती के अवसर पर बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में राजेंद्र मार्ग स्थित विश्वरत्न डॉ बी आर अंबेडकर की प्रतिमा स्थल से रथ और ध्वनिविस्तारक के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से विशाल वाहन रैली निकाली गई जिसमे सैकड़ों की संख्या में संविधान प्रेमियों ने शामिल होकर बाबा साहब के जयकारे लगाए। रथ में विराजित बाबा साहब और फूले जी का छाया चित्र और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें आचार्य बलराम दावरे का जगह जगह स्वागत सम्मान हुआ। इसी अनुक्रम में माली समाज ओर गुजराती बलाई युवा संघ द्वारा मंच बनाकर स्वागत सम्मान किया गया। तत्पश्चात वाहन रैली नारायणा रोड़ स्थित डॉक्टर बी आर अम्बेडकर मांगलिक भवन पहुंची जहा एक विशाल आमसभा का आयोजन हुआ जिसे अतिथियों द्वारा संबोधित किया गया। विधायक दिनेश जैन बॉस और पूर्व विधायक बहादुरसिंह चैहान के मुख्य आतिथ्य और आचार्य बलराम दावरे ने अध्यक्षता और समिति अध्यक्ष दिनेश चैहान ने सह अध्यक्षता की। पार्षद प्रतिनिधि अनिल आंचलिया, पार्षद कैलाश बगाना, पार्षद जगदीश राठौर, पार्षद सोनू परमार, समाज सेवी बाबूलाल थावलिया, अजाक्स कार्यकारी जिला अध्यक्ष दयाराम गेहलोद, तहसील अध्यक्ष बी एल परमार, रामचन्द्र परमार एडवोकेट, भीम आर्मी के दुलेसिह सूर्यवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समिति संरक्षक जे के मालवीय और भेरूलाल चौहान द्वारा किया गया। कई वक्ताओ ने बाबा साहब के व्यक्तिव पर प्रकाश डाला वही वर्तमान विधायक दिनेश जैन बोस द्वारा डॉक्टर बी आर अम्बेडकर मांगलिक भवन परिसर हेतु अनुमानित लागत 30 लाख देने की घोषणा की । इस कार्य के लिए पूर्व विधायक बहादुर सिंह चैहान ने भी समाजजन को आश्वस्त किया कि यह भवन मेरे कार्यकाल में अनुसूचित जाति जनजाति के निर्धन वर्ग के लिए बना है जिसे सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा। अंत में नवोदय विद्यालय हेतु चयनित विद्यार्थियों और समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## माचलपुर पुलिस ने चोरी की झूठी रिपोर्ट का किया पर्दाफाश

**राजगढ़-ब्यावरा** थाना प्रभारी माचलपुर उनि आदित्य सोनी ने एक कार्रवाई करते हुए चोरी की झूठी रिपोर्ट का पर्दाफाश किया गया। बताया जाता है कि फरियादी इम्तियाज हुसैन 27 वर्ष निवासी जिला रामबन जम्मू-कश्मीर द्वारा थाना माचलपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह जहाँगीर पिता गुलाम रसूल निवासी जिला पुलवामा जम्मू-कश्मीर के भारत बेंज ट्रक क्रमांक जेके 03 पी 1999 का चालक है। फरियादी के अनुसार, पुलवामा से 1000 पेटी सेब वारंगल तेलंगाना भेजने हेतु ट्रक में लोड किए गए थे। प्रातः लगभग 4 बजे माचलपुर-पचोर रोड पर ट्रक खड़ा कर सोने के बाद सुबह उठने पर ट्रक से 1000 पेटी सेब कीमती लगभग 8 लाख रुपये चोरी होना बताया गया। रिपोर्ट पर थाना माचलपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने पुलिस टीम गठित कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किये तथा पचोर-सोयत रोड क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण में यह स्पष्ट हुआ कि बताए गए स्थान पर चोरी की कोई घटना घटित नहीं हुई थी। संदेह के आधार पर फरियादी एवं उसके साथी से गहन पूछताछ की गई, जिसमें दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने लालच में आकर झूठी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपियों द्वारा 1000 पेटी सेब कीमती लगभग 8 लाख रुपये को राजस्थान के जयपुर स्थित अरावली कोल्ड स्टोरेज, मुहाना मंडी में छिपाकर रखना बताया गया। माचलपुर पुलिस टीम ने जयपुर (राजस्थान) पहुंचकर अरावली कोल्ड स्टोरेज, मुहाना मंडी से संपूर्ण माल जप्त किया गया।

## नाबालिग के बाल-विवाह मामले में कार्यवाही संबंधितों पर प्रकरण दर्ज

**ब्यावरा-राजगढ़।** राजगढ़ जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन ने सख्त कार्यवाही करते हुए 12 वर्षीय नाबालिग बालक के विवाह प्रकरण में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल 2026 को थाना भोजपुर क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में नाबालिग बालक के विवाह की शिकायत जिला स्तरीय कंट्रोल रूम को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जांच के लिए पहुंची। जांच के दौरान परिजनों द्वारा बताया गया कि गांव में केवल एक ही विवाह आयोजित हो रहा है तथा संबंधित युवक की आयु 26 वर्ष होना कक्षा आठवीं की अंकसूची के आधार पर सुनिश्चित की गई।

## अरंडिया में प्याऊ का शुभारंभ जल संरक्षण का दिया संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम अरंडिया स्थित जबकिरात फिलिंग सेंटर भारत पेट्रोलियम पर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि अरुण पटेल, धनसिंह धनगर, हरविलास राजपूत, विष्णु परमार, पंप संचालक सर्वजीत सिंह राजपाल चिंटू, परसराम सोनानिया, धीरज जायसवाल, जगदीश गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पानी जीवन के लिए अमृत है और जल सेवा ही मानव सेवा का सबसे बड़ा रूप है। उन्होंने जल संरक्षण एवं सेवा भाव को अपनाने का आह्वान किया।

भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत, पक्षी मित्र अभियान बना सहारा

## सोशल मीडिया ग्रुप से जुड़कर लोग बने पक्षी मित्र, जगह-जगह रखे जल पात्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



भीषण गर्मी के चलते जहां एक ओर तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर जल स्त्रोतों के सूखने से पक्षियों के सामने पानी की गंभीर समस्या खड़ी हो जाती है। ऐसे में सुसनेर क्षेत्र में पक्षी मित्र अभियान के तहत एक सराहनीय पहल सामने आई है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गंगापुर परिसर में पक्षियों के लिए जल पात्र स्थापित किए गए हैं, जिससे उन्हें गर्मी के मौसम में राहत मिल सके।

इस अभियान का संचालन पक्षी मित्र मनोज सोनी द्वारा किया जा रहा है जो शिक्षक होने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे पिछले कई वर्षों से गर्मी के मौसम में विभिन्न स्थानों पर जल पात्र रखकर पक्षियों की सेवा कर रहे हैं। उनका मानना है कि पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना मानव का नैतिक कर्तव्य है, क्योंकि गर्मी के दिनों में प्राकृतिक जल स्त्रोत तेजी से समाप्त हो जाते हैं।

इस वर्ष अभियान को और व्यापक रूप देने के लिए मनोज सोनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक ग्रुप का गठन किया है। इस ग्रुप के माध्यम से वे लोगों को निरंतर जागरूक कर रहे हैं और अधिक से अधिक स्थानों पर जल पात्र रखने की अपील कर रहे हैं। ग्रुप से जुड़े सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा कर रहे हैं, जिससे अन्य लोग भी प्रेरित होकर इस अभियान से जुड़ रहे हैं। विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी इस पहल में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई है। स्कूल परिसर में लगाए गए जल पात्रों में नियमित रूप से पानी भरने की जिम्मेदारी विद्यार्थियों द्वारा निभाई जा रही है। इससे उनमें न केवल सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित हो रही है, बल्कि जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता भी बढ़ रही है।

इस अभियान का प्रभाव अब क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। कई सामाजिक संगठन, युवा वर्ग और आम नागरिक भी इस मुहिम से जुड़कर अपने घरों, छतों और सार्वजनिक स्थानों पर जल पात्र रख रहे हैं। मनोज सोनी ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति अपने आसपास पक्षियों के लिए पानी की छोटी-सी व्यवस्था जरूर करे। यह छोटा प्रयास कई बेजुबान पक्षियों के जीवन को बचाया जा सकता है।

इस प्रकार पक्षी मित्र अभियान न केवल पक्षियों के लिए राहत का माध्यम बन रहा है, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति दया व संवेदनशीलता का भी सशक्त संदेश दे रहा है।

## खुशी कुशवाह को सुयश 12वीं में 94.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए



**ब्यावरा ।** हायर सेकेंडरी एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा जारी किए गए कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा परिणाम में भोपाल के शासकीय हायर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में अध्यनरत भोपाल में कार्यरत ब्यावरा निवासी पत्रकार प्रेम कुशवाह की सुपुत्री कु. खुशी कुशवाह ने कक्षा 12वीं कॉमर्स संकाय में 94. 8 प्रतिशत अंक अर्जित कर अव्वल स्थान हासिल किया। कु. खुशी के चाचा घनश्याम कुशवाह की सुपुत्री चित्रांश हाई स्कूल ब्यावरा में अध्यनरत कु.खुशबू कुशवाह ने कक्षा दसवीं में 77 प्रतिशत अंक अर्जित कर परिवार को गौरवान्वित किया है। कु.खुशी और कु.खुशबू की इस सफलता पर इष्ट मित्रों एवं अन्य सदस्यों ने शुभकामनाएं दी है।



## भारतीय नागरिक जनगणना अभियान का शुभारंभ

**ब्यावरा।** राजगढ़ में भारतीय नागरिक जनगणना अभियान का शुभारंभ हुआ इस अवसर पर सीएमओ नगरपालिका, सांख्यिकी विभाग एवं जनगणना संगणकों सहित संबंधित टीम द्वारा पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर के निवास पर पहुंचकर उनके परिवार के ऑनलाइन आंकड़े दर्ज किए जनगणना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जो देश के सुनियोजित विकास की मजबूत नींव तैयार करती है। इसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं को सही दिशा और लाभार्थियों तक पहुँचाने में सहायता मिलती है। सभी नागरिकों अपनी जनगणना की जानकारी स्वयं या अधिकृत संगणक के माध्यम से अवश्य दर्ज करवाएं और भारत के समग्र एवं व्यवस्थित विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना की तैयारियों का लिया जायजा



**ब्यावरा।** आगामी 19 अप्रैल को मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर क्षेत्र में प्रशासनिक गतिविधियाँ तेज हो गई हैं। इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री नारायण सिंह पंवार ने मंडी परिसर में कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंवार ने विवाह स्थल की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंडाल व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति, बैठने की व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित और व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह संपन्न कराना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस आयोजन में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, अतिथियों की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस बार कार्यक्रम में कुल 62 विवाह एवं 7 निकाह संपन्न कराए जाएंगे, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ करें।

## स्व-गणना अभियान का शुभारंभ



**ब्यावरा।** भारतीय जनगणना अभियान के अंतर्गत ब्यावरा में डिजिटल स्व-गणना प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई और नागरिकों को प्रेरित किया। पंवार ने कहा कि डिजिटल स्व-गणना की यह पहल नागरिकों को अपनी जानकारी स्वयं, सरल और सुरक्षित तरीके से दर्ज करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आज से प्रारंभ होकर आगामी 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह देश के विकास, नीति-निर्माण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का मजबूत आधार है। इससे सरकार को नागरिकों की वास्तविक स्थिति और आवश्यकताओं को समझने में मदद मिलती है, जिससे भविष्य की योजनाएं अधिक सटीक और लाभकारी बनती हैं। स्व-गणना प्रक्रिया के माध्यम से अपनी जानकारी समय पर दर्ज करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही यह अभियान सफल होगा और देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मजबूत कदम साबित होगा।



# सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।



- हमें स्वाद किससे पता चलता है?
उत्तर - जीभ से
- एक सप्ताह में कितने दिन होते हैं?
उत्तरः सात
- सामान्य वर्ष में कितने दिन होते हैं?
उत्तरः 365 (लीप वर्ष नहीं)
- इंद्रधनुष में कितने रंग होते हैं?
उत्तरः 7
- किस जानवर को 'रेगिस्तान का जहाज' कहा जाता है?
उत्तरः ऊँट
- अंग्रेजी वर्णमाला में कितने अक्षर हैं?
उत्तरः 26
- अंग्रेजी वर्णमाला में कितने व्यंजन हैं?
उत्तरः 21
- त्रिभुज में कितनी भुजाएँ होती हैं?
उत्तरः तीन
- वर्ष के किस महीने में दिनों की संख्या सबसे कम है?
उत्तरः फरवरी
- अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में स्वर कौन से हैं?
उत्तरः ए, ई, आई, ओ, यू
- किस जानवर को जंगल का राजा कहा जाता है?
उत्तरः शेर
- कितने प्राथमिक रंग हैं?
उत्तरः तीन (लाल, पीला, नीला)
- लीप वर्ष में फरवरी महीने में कितने दिन होते हैं?
उत्तरः 29 दिन
- बर्फ से बने घर को क्या कहते हैं?
उत्तरः इग्लू

**टीनएज उम्र में बच्चों को अपने परिवार और पैरेंट्स से ज्यादा अपने दोस्तों की कंपनी पसंद आती है। अगर आप इस समय अपने बच्चों को कुछ हेल्दी आदतें सिखा देते हैं, तो वो उसके साथ ताउम्र रह सकती हैं और उसकी जिंदगी को आसान बनाने का काम कर सकती हैं।**

# बच्चों को सिखा दी ये आदतें तो हमेशा आपको कहेगा थैंक्यू

टीनएज काफी नाजुक उम्र होती है। इस समय शरीर में ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी कई बदलाव चल रहे होते हैं। टीनएज उम्र में बच्चों को अपने परिवार और पैरेंट्स से ज्यादा अपने दोस्तों की कंपनी पसंद आती है। इस उम्र में बच्चे आसानी से बुरी आदतों जैसे कि अनहेल्दी डाइट, समय से पहले खाना, कभी भी सो जाना और स्क्रीन टाइम की कोई लिमिट ना होना। अगर आप इस समय अपने बच्चों को कुछ हेल्दी आदतें सिखा देते हैं, तो वो उसके साथ ताउम्र रह सकती हैं और उसकी जिंदगी को आसान बनाने का काम कर सकती हैं।

### ज्यादा ऑनलाइन रहने से बचें

घंटों ऑनलाइन बिताने वाले किशोर इंटरनेट की लत के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इंटरनेट की लत से किशोरावस्था में संज्ञानात्मक कार्य बाधित हो सकता है और आपके किशोर की आंखों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए बच्चे ज्यादा ऑनलाइन ना बैठें।



### हेल्दी ईटिंग रूटीन

स्वस्थ भोजन का मतलब स्वस्थ भोजन बनाने तक ही सीमित नहीं है। इसमें आपको रोज एक ही समय पर खाना भी होता है। इसमें रोज नाश्ता करना, भोजन और नाश्ता समय पर करना, टीवी के सामने बैठकर खाना खाने की बजाय परिवार के साथ टेबल पर खाना, खाने के लिए खुद को पर्याप्त समय देना और जल्दबाजी में खाने से बचना शामिल है। रोज कम से कम आठ गिलास पानी पीना है।

### रोज एक्सरसाइज करना

टीनएज बच्चों को हर सुबह टहलने के लिए प्रोत्साहित करें, कोई आउटडोर गेम खेलें, ट्रैम्पोलिन पर कूदें और हर दिन तरोताजा और एक्टिव रहें। अपने किशोर बच्चे को घंटों टीवी के सामने बैठने या वीडियो गेम खेलने से रोकें। उनके लिए एक टाइम टेबल बनाएं जिसमें तय हो के उन्हें रोज किस समय और कितनी देर फिजिकल एक्टिविटी करनी है।

### योग और मेडिटेशन

प्रतिदिन योग अभ्यास और ध्यान करने से आपके किशोर को सक्रिय रहने और फिट और अनुशासित जीवन शैली जीने में मदद मिल सकती है। योगासन और ध्यान किशोरों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाते हैं और तनाव से निपटने में उनकी मदद करते हैं।

### गुड स्लीपिंग रूटीन बनाएं

एक अच्छे स्लीपिंग रूटीन का पालन करने से किशोर को तरोताजा और फिट रहने में मदद मिलेगी। किशोरों को रूटीन में समय पर सोने और जागने का नियम बनाने के लिए कहें। सोने से पहले स्वस्थ और हल्का भोजन करना है, गुनगुने पानी से नहाना है, सुखद, सुकून देने वाला संगीत सुनना है, प्रतिदिन या लगभग एक ही समय पर बिस्तर पर जाना है। आपका बच्चा सोने से कम से कम 30 मिनट पहले कंप्यूटर, टेलीविजन, वीडियो गेम और फिल्में देखना बंद कर दे।

### नियमित रूप से फ्लॉस करें

टीनएज बच्चों को बिस्तर पर जाने से पहले और जागने के बाद हर दिन दांतों को ब्रश करना सिखाएं। उन्हें एक या दो मिनट के लिए फ्लॉस करना सिखाएं। इससे उनकी ओरल हेल्थ ठीक रहेगी और मसूड़ों में संक्रमण नहीं होगा। इससे बच्चे के दांत भी स्वस्थ रहेंगे।


### रंग भरकर चित्र बनाओ



### रास्ता खोजो



### बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ






**पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हरा दिया। गुरुवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में छह विकेट पर 195 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।**

# वानखेड़े में पंजाब ने छठी बार मुंबई को हराया

## श्रेयस और प्रभसिमरन के बीच चौथी सबसे बड़ी साझेदारी

**मुंबई।** अर्शदीप सिंह (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हरा दिया। गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए आईपीएल मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने क्विंटन डिकॉक की शतकीय और नमन धीर की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 195 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### शीर्ष पर पहुंची पंजाब की टीम

पंजाब ने वानखेड़े में छटी बार मुंबई को मात दी। वहीं, आईपीएल में यह पंजाब की इस टीम के खिलाफ 18वीं जीत है। आईपीएल के मौजूदा सीजन में यह पंजाब की पांच मैचों में चौथी जीत है। इससे पहले उनका एक मुकाबला कोलकाता के खिलाफ बारिश में धुल गया था। वहीं, मुंबई को लगातार चौथे मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। इस जीत के साथ पंजाब की टीम अंक तालिका में नौ अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है जबकि आरसीबी दूसरे स्थान पर खिसक गई।



### प्रभसिमरन और श्रेयस ने लिखी पंजाब की जीत की इबारत

196 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब को पहला झटका अल्लाह गजनफर ने दिया। उन्होंने 27 के स्कोर पर प्रियांश आर्या को दीपक चाहर के हाथों कैच कराया। वह नौ गेंदों में 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद गजनफर ने कूपर कोनोली का भी शिकार किया। वह 17 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मोर्चा श्रेयस अय्यर और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 139 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी हुई और मुकाबला मुंबई की गिरफ्त से दूर चला गया।

श्रेयस और प्रभसिमरन के बीच हुई यह साझेदारी आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए किसी भी विकेट के लिए चौथी सबसे बड़ी साझेदारी है। इस दौरान कप्तान अय्यर ने 35 गेंदों में 66 रन बनाए जबकि प्रभसिमरन 39 गेंदों में 80 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके अलावा मार्कस स्टोइनिस 10 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, मुंबई के लिए गजनफर ने दो और शार्दुल ठाकुर ने एक विकेट लिया।

### मुंबई की पारी

इससे पहले, मुंबई इंडियंस की शुरूआत अच्छी नहीं रही। रेयान रिकेल्टन को सिर्फ दो रनों के स्कोर पर अर्शदीप सिंह ने आउट किया। अगली ही गेंद पर अर्शदीप ने सूर्यकुमार यादव को बिना खाता खोले पवेलियन भेजा। हालांकि, इसके बाद क्विंटन डिकॉक और नमन धीर ने मोर्चा संभाला और तीसरे विकेट के लिए 68 गेंदों में 122 रनों की साझेदारी निभाई।

# डगआउट में फोन का इस्तेमाल पड़ा भारी, राजस्थान के मैनेजर पर लगा जुमार्ना; बीसीसीआई ने दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है और उन्हें आधिकारिक चेतावनी दी गई है। यह कार्रवाई 10 अप्रैल को गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल 2026 के मैच के दौरान डगआउट के अंदर मोबाइल फोन इस्तेमाल करने के लिए की गई है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की भ्रष्टाचार-रोधी और सुरक्षा इकाई ने मैच के दौरान डिवाइस के इस्तेमाल को लेकर भिंडर को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और अगले 48 घंटों के भीतर उनसे जवाब मांगा था। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने पुष्टि की है कि भ्रष्टाचार-रोधी और सुरक्षा इकाई



भिंडर की सफाई से संतुष्ट नहीं थी, जिसके चलते उन पर जुमार्ना लगाया गया और इस उल्लंघन के लिए उन्हें चेतावनी दी गई।

देवजीत सैकिया ने 'आईएएनएस' को बताया, 'यह उल्लंघन राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच में हुआ था, जहां गुवाहाटी में हमारी भ्रष्टाचार-रोधी इकाई ने इस उल्लंघन पर संज्ञान लिया और 12 अप्रैल को उन्हें स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया। उन्हें जवाब देने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया था, क्योंकि रोमी भिंडर को डगआउट क्षेत्र में अपना मोबाइल ले जाते हुए देखा गया था। वह अपने हाथ में मोबाइल रख सकते हैं, लेकिन उसे डगआउट क्षेत्र में नहीं ले जा सकते। इसी कारण उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया और रोमी भिंडर ने निर्धारित 48 घंटों के भीतर जवाब दिया। भ्रष्टाचार-रोधी इकाई ने उनके जवाब की जांच की और उसे संतोषजनक नहीं पाया।'

उन्होंने आगे कहा, 'इस बात को ध्यान में रखते हुए कि यह पहली बार है जब उन्होंने आईपीएल पीएमओए प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है, भ्रष्टाचार-रोधी इकाई ने उन पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाने का फैसला किया।

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की आवश्यकता, कार्य समयः दोपहर 12 से रात 9 बजे तक
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की आवश्यकता, वेतन 10 हजार से कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### कक्षा 12वीं में फेल होने पर छात्रा ने जहर खाया, इलाज के दौरान हुई मौत

**इंदौर।** गांधी नगर इलाके में रहने वाली एक छात्रा ने गुरुवार को जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां देर रात उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि एक दिन पहले छात्रा का 12वीं का रिजल्ट आया था। वह फेल हो गई थी। इसके चलते छात्रा ने यह कदम उठा लिया। गांधी नगर पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली खुशी (18)पुत्री आलोक मौर्य ने अपने घर में जहर खा लिया था। उसका निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि खुशी तीन सब्जेक्ट में फेल हो गई थी। इसके बाद से वह डिप्रेशन में चल रही थी। खुशी इलाके के निजी स्कूल में ही पढ़ाई कर रही थी। उसके पिता स्क्रेप का काम करते हैं। वहीं परिवार में एक छोटा भाई है। परिजनों ने बताया कि जिस दिन उसका रिजल्ट आया। उस दिन वह रो रही थी। तब उसे समझाया था कि वह इस साल फिर से मेहनत कर ले, लेकिन वह डिप्रेशन में चली गई। परिवार ने बताया कि स्कूल के और भी बच्चों का रिजल्ट बिगड़ा है। पुलिस के मुताबिक उन्हें किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों के बयान के बाद मामले में जांच की जा रही है।

### छात्रा के सुसाइड मामले में प्रेमी पर मामला दर्ज, शादी करने से कर दिया था इनकार

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में एक छात्रा द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना 30 मार्च की है। श्रद्धाश्री कॉलोनी में रहने वाली 23 वर्षीय प्रीति मीणा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी थी। कमरे से मिले सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने उसके प्रेमी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच के दौरान पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला था, जिसमें छात्रा ने अपने प्रेमी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। टीआई सीबी सिंह के मुताबिक प्रीति मूल रूप से गुना जिले के चाचौड़ा क्षेत्र की रहने वाली थी और इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। सुसाइड नोट में उसने बताया कि गांव के ही सरनाम मीणा से उसके पिछले 6 वर्षों से प्रेम संबंध थे। सरनाम अक्सर उससे मिलने इंदौर आता था। दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे। जब प्रीति ने उससे शादी की बात की, तो सरनाम ने साफ इनकार कर दिया। आरोप है कि उसने प्रीति से यहां तक कह दिया कि वह आत्महत्या कर ले। 29 मार्च को सरनाम इंदौर आया था और दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान भी उसने शादी से इंकार करते हुए अपमानजनक बातें कहीं और वहां से चला गया। घटना के बाद प्रीति ने सुसाइड नोट में इन सभी बातों का जिक्र करते हुए आत्मघाती कदम उठा लिया। उसे उसके परिचित मोहित द्वारा एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सुसाइड नोट और परिजनों के बयानों के आधार पर सरनाम मीणा के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे आरोपी बनाया है। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### लसूडिया के स्कीम 136 क्षेत्र में मजदूर की हत्या, मैदान में मिला शव

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र स्थित स्कीम नंबर 136 में शुक्रवार सुबह एक मजदूर का शव खाली मैदान में मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुरूआती जांच में मृतक की सिर कुचलकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है। लसूडिया पुलिस को स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि बगीचे के पास खाली मैदान में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार मृतक का सिर बुरी तरह कुचला गया है। प्राथमिक तौर पर इसे हत्या का मामला माना जा रहा है। शुरूआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि शराब पीने के बाद हुए विवाद में हत्या की गई हो सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार बगीचे और आसपास के मैदान में लाइट नहीं है, जिससे यहां नशेड़ी और असामाजिक तत्व अक्सर जमा होते रहते हैं।

### गीताभवन के पास कैफे में लगी आग सिलेंडर ब्लास्ट से नुकसान बढ़ा



**इंदौर।** इंदौर के गीताभवन क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात एक कैफे में आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस दौरान सिलेंडर फटने से बड़ा धमाका भी हुआ, हालांकि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। फायर ब्रिगेड के अनुसार, रात करीब 2.15 बजे सूचना मिली कि गीताभवन मंदिर के पास स्थित एक कैफे में आग लगी है। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने आग बुझाने का काम शुरू किया, लेकिन तब तक शेड और अंदर का सामान पूरी तरह जल चुका था। दमकल विभाग ने करीब दो टैंकर पानी डालकर आग को कंट्रोल किया। सूचना पर पलासिया थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इसी रात मल्हारगंज क्षेत्र के गोपाल चौराहे के पास एक फ्लैट में आग लग गई। आग से घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। फ्लैट में किराए से रहने वाला बंसल परिवार समय रहते बाहर निकल गया। फायर ब्रिगेड ने करीब 10 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

### तेज रफ्तार कार ने ऑटो को टक्कर मारी, वही तेजाजी नगर में ट्राला पलटा

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ऑटो को टक्कर मारती हुई बिजली के खंभे में जा घुसी। घटना में एक युवक को चोट आई है। वहीं तेजाजी नगर क्षेत्र में गुरुवार देर रात सेज यूनिवर्सिटी के पास ट्राला पलट गया, जिसमें ड्राइवर को मामूली चोट आई है। हीरानगर पुलिस के मुताबिक घटना हीरानगर वाईन शॉप (एमआर-10) के पास की है। यहां महाराष्ट्र पासिंग एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पर खडे.ऑटो में टक्कर मार दी। इसके बाद कार बिजली के खंभे में जा घुसी। इस हादसे में एक युवक को चोट आई है। उसे उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल भेजा गया है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची है। इंदौर के तेजाजी नगर इलाके में सेज यूनिवर्सिटी के पास एक ट्राल पलट गया। इस हादसे में ड्राइवर को मामूली चोट आई है। बताया जाता है कि अचानक गड्ढा आ जाने पर ड्राइवर ने ब्रेक लगा दिया। जिससे ट्राले का संतुलन बिगड़ गया। देर रात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां से ट्रैफिक को डायवर्ट किया। इंदौर में सड़क हादसे में गुरुवार रात एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह अपनी बहन के घर मिलने गया था। वहां से कुछ देर में आने का बोलकर गया, लेकिन हादसे का शिकार हो गया। पुलिस के मुताबिक मृतक अजय(28) पुत्र केवलराम निवासी गणेश नगर एक निजी कंपनी में काम करता था। परिवार के लोगों ने बताया कि रात में वह खंडवा नाके पर आया था। वहां से रात करीब 10 बजे बाइक लेकर जीजा से कुछ देर में आने का बोलकर निकल गया। करीब आधे घंटे बाद परिवार को पता चला कि वह हादसे का शिकार हुआ है। उसकी बाइक डिवाईडर के पास पड़ी हुई मिली। परिवार के मुताबिक अजय के शरीर पर चोट के निशान नहीं हैं। वह खंडवा के पास एक गांव का रहने वाला है। अजय के परिवार में उसके दो भाई और माता-पिता हैं, जो खेती करते हैं। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

### हीरानगर में बंधक बनाए जाने के मामले में एफआईआर दर्ज के बाद नया खुलासा, एक दर्जन पीड़ित पहुंचे क्राइम ब्रांच

# गारमेंट कारोबार के नाम पर साढ़े 3 करोड़ की ठगी का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

हीरानगर में तीन दिन पहले रमेश जोशी ने अपनी पत्नी के साथ अंकित, अभिषेक और गुलशन द्वारा बंधक बनाए जाने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। जोशी ने बताया था कि उनके बेटे अंकित जोशी का आरोपियों से 40 लाख रुपए का लेन-देन है।

हालांकि, इस मामले में करीब एक दर्जन लोग क्राइम ब्रांच के डीसीपी से मिलने पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि ब्रांडेड फैशन और गारमेंट इंडस्ट्री के नाम पर अंकित, उसकी पत्नी और माता-पिता ने साढ़े तीन करोड़



रुपए की ठगी की है। पैसे मांगने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जाती है। डीसीपी राजेश त्रिपाठी के कार्यालय पर पहुंचे लोगों ने अंकित जोशी, उसकी पत्नी खुशबू, भाई अनुज, पिता रमेश जोशी, मां जमुना जोशी और पार्टनर संदीप साहू पर फर्जीवाड़े के आरोप लगाए।

**मुनाफे का झांसा देकर पैसा लेने का आरोप-** नवीन देवकर, रोहित कामखेड़िया, हर्ष जायसवाल, अभिषेक खीची, कार्तिक गौसर और ऋतिक समेत अन्य लोगों ने बताया कि अंकित और उसके साथियों ने द क्लासिको कंपनी, कुशाक इंडस्ट्रीज और शिवाक इंटरप्राइजेस के नाम पर 25 से 85 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर निवेश कराया। उनसे ऑनलाइन और नकद रकम लेकर 6 महीने में वापस करने का वादा किया गया, लेकिन पैसे नहीं लौटाए गए।

#### पीड़ितों के पास कैश और ऑनलाइन लेन-देन के दस्तावेज मौजूद

- पीड़ितों का कहना है कि रकम मांगने पर उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी गई। यहां तक कि अंकित की पत्नी ने रेप जैसे गंभीर मामलों में फंसाने की चेतावनी भी दी। पीड़ितों ने बताया कि तीन दिन पहले कुछ लोग अंकित को ढूंढते हुए उसके घर पहुंचे थे, जिसके बाद रमेश जोशी ने उन्हें झूठे मामले में फंसा दिया।
- सभी पीड़ितों का कहना है कि उनके पास नकद और ऑनलाइन लेन-देन के पूरे दस्तावेज मौजूद हैं। उन्होंने कार्रवाई के दौरान सभी सबूत पेश करने की बात कही है।

## विहिप-बजरंग दल का प्रदर्शन, कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी

**प्रशासन से लव जिहाद पर अंकुश लगाने की मांग**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को राजबाड़ा के सामने लव जिहाद के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान संगठन पदाधिकारियों ने देश में कथित लव जिहाद की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया था।

उन्होंने प्रशासन से सख्त कानूनी कार्रवाई और निगरानी व्यवस्था मजबूत करने की बात कही। कार्यकर्ताओं ने क्यों फंसे हो दल-दल में, आ जाओ बजरंग दल



में और बहन-बेटी के सम्मान में, बजरंग दल मैदान में जैसे नारे लगाए।

उनका कहना है कि इंदौर सहित भारत में लव जिहाद के मामले दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं। बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं और उन्हें बरगलाकर उनकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रदर्शन में बजरंग दल इंदौर के संयोजक प्रवीण दरेकर, सह संयोजक, अविनाश कौशल सहित कई कार्यकर्ता थे।

## ओमेक्स ग्रुप को मिली प्रदेश की पहली इंटीग्रेटेड टाउनशिप विकसित करने की मंजूरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश सरकार ने व्यवस्थित शहरी विकास को नई दिशा देने के लिए मध्य प्रदेश एकीकृत टाउनशिप नीति, 2026 के तहत डायरेक्टरेट टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग भोपाल ने मध्यप्रदेश में ओमेक्स ग्रुप इंदौर को प्रथम ऐसी बड़ी आत्मनिर्भर टाउनशिप जो सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिहाज से शहर के अंदर एक आधुनिक शहर की सभी बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सके,को विकसित करने के लिए 13 अप्रैल को सरकारी मंजूरी प्रदान कर दी है। पिछले 20 सालों से ग्राहकों के अटूट विश्वास ने आज ओमेक्स ग्रुप को इस मुकाम पर पहुंचाया कि मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश की



पहली इंटीग्रेटेड टाउनशिप इंदौर के सुपर कॉरिडोर पर 600 एकड़ के विशाल क्षेत्र में विकसित करने के लिए मंजूरी प्रदान की है।

इंदौर शहर के विकास और रियल एस्टेट ने राष्ट्रीय - अंतर्राष्ट्रीय स्टैंडर्ड के मानदंडों पर विकसित करने की काबिलियत, ईमानदारी, कार्यकुशलता और नवीनता की जो मिसाल कायम की है, उसने इंदौर के रीयल एस्टेट को आज देश और दुनिया में एक ऐसे मुकाम पर लाकर खड़ा कर दिया है!

## पेट्रोल पंप पर युवक से मारपीट

**तीन कर्मचारी हिरासत में, थाने में माफी मांगकर कान पकड़े**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सदर बाजार क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने आए युवक से कर्मचारियों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन कर्मचारियों को हिरासत में लिया। घटना गुरुवार की बताई जा रही है।



पुलिस ने शिवम, सुनील और मनोज नाम के तीन कर्मचारियों को पकड़कर थाने लाया। टीआई पीएल शर्मा के अनुसार विवाद के दौरान युवक से मारपीट की गई थी। जानकारी के अनुसार युवक केन में पेट्रोल लेने आया था, इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और मारपीट हो गई। तीनों कर्मचारियों ने थाने में कान पकड़कर माफी मांगी। पुलिस ने उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। सूत्रों के अनुसार गुरुवार रात में पीड़ित और पंप कर्मचारियों के बीच समझौता हो गया। मामले की आगे जांच जारी है।

## होमगार्ड ने ली 200 रु. की रिश्वत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के राजेंद्र नगर थाने में पदस्थ होमगार्ड सैनिक ने किराएदार का सत्यापन करने के लिए 200 रुपए की रिश्वत ली। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो सामने आने के बाद एसीपी निधि सक्सेना ने सैनिक को थाने से हटा दिया है।

होमगार्ड सैनिक संजय भदौरिया किराएदार का सत्यापन करने गए थे। उन्होंने कागजों में कमी बताकर मकान मालिक से 200 रुपए मांगे। मकान मालिक ने पैसे दिए, तो संजय ने लेकर रख लिए। इसका वीडियो बन गया और बाद में वायरल हो गया। शाम को यह वीडियो एसीपी तक पहुंच गया। उन्होंने सैनिक को तुरंत थाने से हटा दिया।

**तीन माह पहले पिंगले को हटाया था-** इसी थाने से तीन माह पहले होमगार्ड सैनिक आंनद पिंगले को हटाया गया था। तब मामला दूसरा था। आंनद ने शराब के नशे में सड़क पर हंगामा किया था। लोगों ने उसकी वर्दी भी



खीची थी। इस घटना का भी वीडियो सोशल मीडिया पर आ गया था।

**टीआई और एसआई पर हुई कारवाई-** राजेंद्र नगर थाने में हाल ही में अभिषेक पाटिल नाम के युवक की मौत के बाद एसआई मनोहर पाल ओर टीआई नीरज बिरथरे पर कार्यवाही हुई है। दोनों को थाने से हटा दिया गया। गुरुवार रात अफसरों ने यंशवत बडोले को राजेंद्र नगर थाने की कमान सौंपी है। उन्हें कुछ दिन पहले सदर बाजार थाने से हटाकर क्राइम ब्रांच भेजा गया था। यशंवत बडोले जोन 1 के अफसरों के खास माने जाते हैं।


पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

वास्तु दोष से परेशान हैं क्या?
- क्या आपके घर का मुखिया नशा करता है?
- जरूर घर का ईशान और नेत्रत्या कोण दूषित है
- क्या एक्सीडेन्ट होते हैं?
- क्या कर्ज बढ़ता जा रहा है?
- क्या पारिवारिक झगड़े होते रहते हैं?
परेशान न हो समाधान है?
मैं करुंगा समाधान
पं. पंकज शर्मा
पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

झारडा — मकान बेचना है — Size 12.5x30 — मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा — मकान बेचना है — Size 20x40 — श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

www.dantavali.com
JAYSHREE PHARMACEUTICALS
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या
से राहत में सहायक
इन समस्याओं से राहत में सहायक
- दांतों के दाग-धब्बे
- दांतों की सड़न
- मुँह का पूरा न खुलना
- मुँह के छाले
- मुँह की दुर्गंध
- दांतों की झनझनाहट
- गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
- ठंडा एवं खट्टा खाने में तकलीफ
Dantavali GUM MASSAGE POWDER 100% NATURAL PRODUCT
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By | Associated Brand AKSHOBH VEDA


मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com